जैसे शिव महान से महान सब पदार्थों को भी अपने में अन्तर्गत रखने से महान है वैसे सूक्ष्मातिसूक्ष्म पदार्थों के भी अन्दर स्वयं विद्यमान होने के कारण अतिसूक्ष्म भी है। इस प्रकार वे सब वस्तुओं के भीतर रहकर सब को धारण नहीं करते तो किसी वस्तु का अस्तित्व ही नहीं रहेगा। इससे यह स्पष्ट है कि ईश्वर सब वस्तुओं के अन्तः तथा बाहर व्याप्त है। पृथ्वी आदि ईश्वर का स्थूल शरीर है। जीवात्मा सूक्ष्म-शरीर है। शिवशक्ति अति सूक्ष्म शरीर है। इन सबसे ईश की अत्यन्त सूक्ष्मभाव ज्ञात होता है। इसे प्रतिपादन करता है 'सूक्ष्मता में वह असमान है।'

ईश्वर जीवों के उद्धार के लिये सृष्ट्यादि कृत्य करते हैं। इन कृत्यों का फल जीवों पर अनुग्रह करना ही है। इन कृत्यों से ईश का फल कुछ नहीं है। इस अनुग्रह से ही जीवों का उद्धार होता है। ईश की करुणा ही हमारी तारक है। उनका संपूर्ण शरीर करुणामय है। यह करुणामय शरीर वह जीवों के लिये ही लेता है। इस करुणा कार्य के कारण से ही हम उनका चिंतन करते हैं। तो यह चिंतन भी उनकी करुणा से ही होता है। इन सब विषयों को बताता है 'असीम करुणा असमान है'।

जिनके पास जो है उसे ही वे अपने आश्रितों के लिये दे सकते हैं। अपने पास अविद्यमान वस्तु को दे नहीं सकते। अधिक भी न दे सकते। अधिक से अधिक अपने प्राण दे सकते। किन्तु शिवसायुज्य, जिससे बढ़कर कुछ नहीं है उसे वे नहीं दे सकते। इसे देकर अनुग्रह करने वाले मात्र शिव ही हैं। इन्द्र आदि अन्य देव इसमें असमर्थ ही हैं। 'शिवात् परतरं नास्ति'। इनसे प्रदीयमान शिवसायुज्य ही उत्तम, दुर्लभ ऐश्वर्य है। इससे कहा है कि सायुज्य पदवी के प्रदान में वह असमान है। इस पद्य से शिव का पारम्य सूचित किया गया है।

4. He it is who originates everything, sustains it, and when everything is destroyed and resolved into its primordial Mala, He alone remains, the last refugee from which there is no return.

कृत्यत्रयकरण

शिव ब्रह्मा को उत्पन्न करके जगत की सृष्टि कराकर, विष्णु को पैदा करके जगत का रक्षण कराकर, अन्त में जगत का संहार जैसे वह मूल मल के साथ विलीन होगा वैसे अन्त रहित रहकर उन ब्रह्मा, विष्णु, जगत सब का शरण स्थान रहते हैं।

शिव एक ही सृष्टि स्थिति संहार का अधिकारी है। शेष दोनों अपने-अपने कृत्य के ही अधिकारी हैं। इससे जान सकते हैं कि शिव एक ही सृष्टि स्थिति तथा संहार इन तीनों कृत्यों का अधिकारी है।

जीवों में विद्यमान प्रधान दोष अहंकार है। इस अहंकार के कारण से ही जीव सुख और दुख के पहचानने में असमर्थ रहता है। इस दोष को ज्ञानानुभव पूर्णरूप से दूर कर देता है। इस ज्ञानानुभव को जीवों में उत्पन्न करने के लिये ही जीवों के लिये भोग्य वस्तु एवं जन्म दिये जाते हैं। इस प्रकार जीव में स्थित अहंकारमल को दूर करने के लिये ईश्वर ही सहायता करते हैं। माया और कर्म को जीव से संयुक्त कराके अहंकार को दूर कराता है। कर्मसम्बन्ध जीव का ईश्वर से होता है। कर्मफल के अनुसार ईश्वर की आज्ञा से माया का सम्बन्ध होता है। अहंकारमल की अज्ञानोत्पादन शक्ति का नाश होना चाहिए। इसके लिए जीव में विद्यमान ज्ञानशक्ति एवं क्रियाशक्तियों को क्रियाशील होना चाहिए। इन शक्तियों में क्रियाशीलता लाने के लिए अर्थात् अहंकारमल के परिपाक के लिये सृष्टि प्रवृत्त है। इस सृष्टिकृत्य को

ब्रह्मा करते हैं। जन्म देने का अधिकार ब्रह्मा को ईश से दिये जाने के कारण वे सृष्टिकृत्य के अधिकारी होते हैं।

जीवों के मायामल को परिपक्व करने के लिये सृष्टिकृत्य होता है। एक वस्तु को अन्य वस्तु समझना अर्थात् भ्रम माया है। विपरीत ज्ञान है। अनित्य प्रपंच को नित्य समझना इससे होता है। इस विपरीत ज्ञान का दूर होना ही मायामल परिपाक कहा जाता है। जीवों के इस प्रपञ्च में कुछ समय तक कम से कम रहने से ही इसका अनुभव हो सकता है। इस जगत में रखने का यह अधिकार विष्णु को दिया गया है। फिर कर्ममल परिपाक होना है। अर्थात् पुण्य पापों का परिपाक। परिपाक का तात्पर्य है सुख और दुख में समबुद्धि। यह बुद्धि तब होगी जब सुख दुखों का भोग करके उनके प्रति घृणा उत्पन्न हो। इस भोग के अनुसार जीवों को विभिन्न शरीर देना है। शरीर में विभिन्नता लाने के लिए संहार की आवश्यकता पड़ती है। इस संहार अथवा लय में कर्मबल परिपाक होता है। निष्कृष्टार्थ यह है कि अहंकारमल परिपाक के लिये प्रपञ्च की उत्पत्ति या सृष्टि होती है। मायामल परिपाक के लिये स्थिति होती है। कर्ममल परिपाक के लिये संहार होता है। सर्व-संहार करने वाले शिव ही हैं। इस कारण फिर जगत का आविर्भाव उससे ही होना है। इस विषय को ही 'ब्रह्मा को उत्पन्न करके....' आदि वाक्यांश से स्पष्ट करते हैं।

जीवों के माया में, माया के चित् शक्ति में, चित् शक्ति के शिव में लय होने के कारण 'शरण स्थान' कहा है। ये सब कृत्य जीवों के मल की निवृत्ति के लिए ही किये जाते हैं। इसे स्पष्ट करता है 'मूल मल के साथ...कर्त्ता होकर' वाक्यांश। ईश का कृत्यत्रय कर्तृत्व, तथा ब्रह्मा, विष्णु, शिव इन तीनों का ज्येष्ठ कनिष्ठभाव इस पद्य से स्पष्ट होते हैं।

5. He is a Rupi (one with form), an Arupi (formless) and He is a Ruparupi (one with and without form). To the wise, He is Pure Chit, Gnana or Intelligence.

ईश्वर का रूप

ज्ञानी लोगों के लिए ज्ञान शरीर वाले नित्य शिव, अरूप, रूप, रूपारूप होकर रहते हैं।

ज्ञानी लोगों के लिये ज्ञान रूप में विराजमान शिव, जीवों के लिए कृत्यत्रय चलाने के लिए अरूप, रूपारूप, रूप इन तीन आकारों को भी लेते हैं।

शिव जीवों के लिये सृष्टि आदि कार्य जय करना चाहते हैं तब रूप लेते हैं। यह रूप-शरीर शिव अपने सङ्कल्प से लेते हैं न कि हम जैसे कर्म सम्बन्ध से शरीर सम्बन्ध उनको होता है। सब तत्वों को अपने में संहृत करना, फिर जीवों के लिये उन तत्वों का विकसित करना, जीवों को उन तत्वों का भोग कराकर, ज्ञान विकास कराना ये तीन कृत्यों का ईश ही कर्ता है। ये तीन स्थितियां लय, भोग, अधिकार नाम से कही जाती है। शिव के ये तीन भेद शुद्ध माया तत्व में प्रतिष्ठित है। इन तत्वों से पर हैं शुद्ध शिव। यही भगवान् आदि कारण कहा जाता है।

इन शिव के नव भेद हैं। वे हैं शिव, शक्ति, नाद, बिन्दु सदाशिव, माहेश्वर, रुद्रदशा, विष्णुदशा और ब्रह्मदशा। इनमें शिव, शक्ति, नाद और बिन्दु ये चार दशाये शिव में ही होती हैं। ये अन्दर ही होती है। बाहर प्रकट न होती हैं। इस कारण यह अरूप शरीर कहा जाता है। इसे कहता है 'अरूप होकर रहते हैं।'

शक्ति से युक्त शिव सदाशिव है। यह दशा शिव की दूसरी दशा है। ये कृत्य इस इस प्रकार करना है ऐसा शिव के सोचने की दशा यह है।

सोचना शिव है, सोचने की शक्ति-सामर्थ्य शक्ति है। इस कारण यह सदाशिव कहा जाता है। इसे महालिङ्ग भी कहते हैं।

माहेश्वर आदि चार शिव के रूपी शरीर हैं। ये एक आकृति के रूप में देखने योग्य हैं। इसे सकल रूप कहते हैं। नटराज आदि मूर्तियाँ रूपी शरीर हैं।

जीवों को अपना कर्मफल भोगना है। भोगते समय भोगे जाने वालों से अन्य कर्मफलों को, तथा भोगे जाने वाले कर्मों म स्थित गुण और दोष इनको आच्छादित करके छिपाना पड़ता है। इस आच्छादन करने के अवसर में माहेश्वर कहा जाता है। यही दशा हम जीवों को भोग्य वस्तुओं का प्रदान करती है। अभोग्य वस्तुओं को छिपा रखता है। यह है माहेश्वरतत्त्व।

जीव कर्मफल भोगते-भोगते थक जाते हैं। उस थकावट के दूर करने पर ही वे फिर कर्मफल के भोगने में समर्थ होंगे। जीवों की कर्मफल भोग निमित्तक थकावट को दूर करने के लिये, एवं लोकान्तर के सुख दुःखों को भोगने के लिए, इस लोक में ही दूसरे शरीर लेकर सुख-दुख भोगने के लिए भगवान संहार कृत्य करते हैं। यह संहारकृत्य-करणदशा रुद्रदशा है।

जीवों को कर्मफलानुभव कराने के लिये उनको इस लोक में रखना है। इस प्रकार जीवों को इस लोक में स्थिर करने का कृत्य विष्णुदशा में किया जाता है।

ऊपर उक्त प्रकार जीवों के सुख दुःखानुभव के लिए कुछ उपकरणों को आवश्यकता पड़ती है। तनु, करण, भुवन और भोग वे उपकरण हैं। इनकी सृष्टि करने की दशा ब्रह्मदशा है।

माहेश्वर, रुद्र, विष्णु, ब्रह्मा ये चार दशायें रूप आकार शब्द से उक्त हैं।

5. Our Lord unlike the souls which can only understand with His light, has no one superior to him

ईश्वर स्वभाव

जीवात्मायें सब, समझाने पर ही समझती हैं। किन्तु हमारे ईश स्वयं ज्ञाता है। समझाने के लिए अपने से उत्कृष्ट किसी अन्य की प्रतीक्षा नहीं करते हैं।

सब का प्रधान अर्थात् मूलभूत होकर रहना ईश्वरत्व है। यह गुण शिव में ही है; और किसी में नहीं है।

जीवात्मा में वह ज्ञान प्रकाश नहीं है जिससे वह अपने में स्थित मल-अंधकार दूर करे। संसार दशा में आत्मा का ज्ञान संकुचित रहता है। पूर्ण ज्ञान से ही वह विकसित होगा, मल भी दूर होगा। इसके लिए सर्वज्ञ की कृपा चाहिए। शिव में ही सर्वज्ञता, सर्वशक्तिमत्ता, असीम कृपा आदि गुण है। इस कारण से उनको समझाने के लिए, बोध कराने के लिए अन्य की अपेक्षा नहीं है। उस प्रकार के एक अन्य की कल्पना भी नहीं कर सकते। इस अर्थ को स्पष्ट करता है 'अपने से उत्कृष्ट किसी अन्य की प्रतीक्षा न करते हैं।' सब जीवात्मा माया से संबद्ध ही हैं। समझाने पर ही समझने वाली हैं। इसे कहता है जीवात्मा समझाने पर ही समझती है वाक्य। इससे यह सिद्ध है कि अगर पूर्ण आनन्द चाहते हैं तो पूर्ण ज्ञाता सर्वज्ञ शिव की कृपा को प्राप्त करना चाहिए।

7. To the wise, who approach His feet, He dwells in their hearts inseparably as the Supreme Intelligence. He has not been comprehended even by the Devas.

भगवान का सौलभ्य एवं दुष्प्राप्यता

किसी से पृथक् न होने वाले ज्ञान रूपी ईश, ब्रह्मा, विष्णु आदि देवों के मनो वाक् काय से अप्राप्य और अपने भक्तों के लिए सुलभ है।

यह नहीं है कि शिव सबके लिए अज्ञेय हैं। वे भक्तों के लिए सुलभ हैं। भक्तेतर के लिए दुर्लभ हैं।

हमारे लिए यह पहला कर्तव्य है कि हमारे लिए सब प्रकार की सुविधायें देने वाले ईश्वर के प्रति प्रेम भाव रखना। अन्यथा हम कृतघ्न हो जायँगे। यह प्रेम बढ़ते-बढ़ते नित्य-आनन्द-प्रेम बन जाता है। इस प्रकार का प्रेम जिनके मन में है उनके मन में ईश्वर नित्य वास करेंगे। सर्वज्ञ ईश हमारे प्रेम की मात्रा को अच्छी तरह जानते हैं। गाढ़-प्रेमी लोगों से संपृक्त होकर रहते हैं। इस प्रकार की ईश्वर कृपा के पात्रभूत लोग भी सर्वज्ञ हो जायँगे। इन विषयों को स्पष्ट करता है 'अपने भक्तों के लिए सुलभ' वाक्यांश।

वे प्रेम के स्वरूप स्वभाव आदि को अच्छी तरह जानने वाले हैं। इसे विशद करता है 'किसी से पृथक् न होने वाले' वाक्यांश। यह प्रेम रखने वाले भक्त लोग अपने को 'शुनक' भी कहते हैं। कुत्ता थोड़ा सा उपकार पाने पर भी उस उपकारी के प्रति अनन्त प्रेम रखता है। उसके पैर पर ही पड़ा रहता है। स्वामी के अपने को मारने को आने पर भी दुम हिलाते हुए अपनी कृतज्ञता ही प्रकट करता है। इस तरह के भक्त ही यहाँ उल्लिखित हैं।

इस तरह दास्य वृत्ति न करके अपनी बुद्धि पर अहंकार करते हुए जो फिरते हैं उनको ईश्वर कृपा प्राप्त नहीं होगी। उनको साक्षात्कार नहीं होगा। स्थूल आत्मज्ञान सूक्ष्मपति ज्ञान को प्राप्त करके उसके बल से ईश्वर साक्षात्कार करने में समर्थ होता है। कितना भी प्रयत्न करें अंधा सूर्य को देख नहीं पायेगा। सूर्य को प्रकाश के सहारे से ही देख

पायेगा। इस प्रकार ईश्वर कृपा से ही ईश्वरदर्शन हो सकता है। पुराण कहता है कि एक समय ब्रह्मा और विष्णु अहंकार युक्त होकर अपने को ही मूल कारण मानकर रहे। तब शिवदर्शन उनको दुर्लभ हो गया। जब उन्होंने अहंकार को दूर करके अपनी शिवाधीनता जान ली तब उनका दर्शन कर सके। इसे व्यक्त करता है 'ब्रह्मा, विष्णु आदि देवों के मनोवाक् काय से अप्राप्य' अंश।

8. He is one with Chit and Achit (soul and nonsoul) like heat in hot water yet. He is not one with them.

पूर्णत्व एवं निर्लेपता

चित् और जड़ में, जल में स्थित उष्णता की तरह ईश्वर पृथक् रूप से एक होकर रहता है। इस प्रकार व्याप्त वह असमान है, एक है।

ईश्वर सर्वव्यापी तथा एक है।

पदार्थ दो तरह के हैं अचित् और चित्। पाश अचित् है, अर्थात् जड़ है। ईश्वर और आत्मा चित् हैं। ये तीनों अनादि हैं। इन ईश्वर या पति, आत्मा या पशु, पाश तीनों में पति सर्वव्यापक वस्तु है। पशु व्याप्य है। पाशज्ञान से समवेत होकर रहने वाली व्याप्ति है। शिव इन दोनों में विद्यमान हैं। इसे कहता है चित् और जड में ईश्वर रहता है। यह वाक्य दूसरा भी अर्थ देता है कि शिव सब वस्तुओं का आधारभूत है।

अग्नि से संयुक्त जल उष्णता प्राप्त करता है। जल के प्रत्येक अणु में अग्नि सम्बन्ध रहता है; तो भी अग्नि वस्तु को जला देगी, गरम जल नहीं जलायेगा। इस प्रकार कर्ता भगवान सब वस्तुओं में मिलकर रहते हैं। किन्तु उन वस्तुओं के गुण ईश्वर में सम्बद्ध नहीं होते। इस अर्थ को बताता है जल में स्थित उष्णता दृष्टान्त।

वह एक है का तात्पर्य यह नहीं कि ब्रह्म एक ही है, और कुछ नहीं है। ब्रह्म है ऐसे जानकर बताने वाला अन्य एक वस्तु को होना ही चाहिए। वह है जीवात्मवर्ग। ईश असमान है का अर्थ यह है कि यद्यपि जीव मुक्ति दशा में ईश्वर के समान आनन्द प्राप्त करके अनुभव भी करता है तो भी सृष्ट्यादि कृत्य नहीं कर सकता। ब्रह्म सूत्र कहता है कि 'जगद्व्यापारवर्जम्।' मोक्ष में भी ये तीन पति पशु पाश रहते ही हैं।

9. He will not be good to those who approach Him not. He is good to those who approach Him. Yet, He has no partiality, likes nor dislikes. He is called Sankara as He is beneficent.

शिव की तटस्थता

अनाश्रित जनों का दुख दूर करके सुख नहीं देता। आश्रितों का दुख दूर करके सुख प्रदान करता है। इससे उसकी तटस्थता का भङ्ग नहीं होता। वह राग द्वेष रहित है। वह शङ्कर अर्थात् सब आत्माओं को सुख देने वाला है।

भगवान प्रपञ्चवादी नहीं; तटस्थ हैं।

ईश्वर में हमारे जैसे इच्छा और द्वेष नहीं हैं। उनमें ये रहते हैं तो उनको भी कर्मफलभोगी होकर जन्म-मरण चक्र में फँसना पड़ेगा। यदि वह वैसे पड़ जाता तो हमारे निस्तार के लिए कोई उपाय नहीं रहेगा। इससे इच्छा द्वेषरहित, कर्म असंस्पृष्ट एक पदार्थ की सहायता हमारे लिए अत्यावश्यक है। वह असमान वस्तु ही शङ्कर है। हम सुख चाहते हैं तो शं-सुख करने वाले शङ्कर की उपासना करनी चाहिए। आग के समीप जाने से ही शैत्य दूर होकर सुख मिलता है। दूर पर

ही रहेंगे तो धैर्य श्रौर भी बढ़कर कष्ट अधिक होता है। जो वंदना नहीं करते हैं उनको दण्ड भी देता है। मन्मथ, दक्ष आदि इसके दृष्टान्त हैं।

अपराधियों को दण्ड देना राजा का कर्तव्य है। यह धान के खेत में निराई करने की तरह है। इससे राजा को तटस्थताच्युति दोष न लगेगा। दण्ड देना भी करुणा कार्य ही है। न्यायाधीश को राग द्वेष रहित होना चाहिए। तब ही वह तटस्थता का पालन कर सकेगा। राग द्वेष युक्त होने पर तटस्थता का भङ्ग हो जायगा। इस बात को स्पष्ट करता है वह राग द्वेष रहित है वाक्य।

ईश्वर वन्दना न करने से हमको जो हानि होती है वह ईश्वर का दोष नहीं है। पास में वृक्ष के होने पर भी उसकी छाया में न चलकर धूप में चलने वाले मूर्ख हैं। इसलिए यह दोष इनका ही है। किसी वस्तु के इच्छुक को दूकान जाना श्रौर पैसा देकर उसे खरीद के प्राप्त करना चाहिए। इस प्रकार सुख या आनन्द चाहने वालों को भगवान के पास पहुँचकर भक्ति करके उनकी कृपा प्राप्त करनी चाहिए। इसे कहता है अनाश्रित श्रौर आश्रित वाक्य।

10. Yes. Love and contemplate on Him. You can know him without doubt. He will never be separated from your heart. He is the supreme panacea which will cure you of your birth and re-birth.

भगवान संसार भेषज है।

जीवों के जन्म मरण व्याधि को दूर करने वाला श्रौषध ईश्वर है। इसलिए उनका ध्यान कीजिए। व्याधि से मुक्त होंगे।

इसमें सन्देह ही नहीं है। क्योंकि यह भेषज ज्ञान का ज्ञान होकर अविनाभूत रहता है।

संसार सागर का तरण करने के इच्छुकों को भगवच्चरणारविन्द की वन्दना करनी चाहिए।

हम जीवों को दो प्रकार के रोग होते हैं। एक शारीरिक, दूसरा आन्तरिक। शारीरिक रोग की चिकित्सा साधारण वैद्यों से हो जाती है। किन्तु आन्तरिक रोग, जो प्राचीन कर्मवश होता है वह कर्म के अनुभव से ही दूर होगा। इस अनुभव को देखकर कर्मबन्ध को दूर करने की कृपा करने वाले वैद्य शिव ही हैं। साधारण वैद्य के लिये चार गुण आवश्यक है। वे हैं रोग से भीत न होना, वैद्यशास्त्र ज्ञान, चिकित्सा करने का अनुभव, मनोवाक्कायशुद्धि। शिव में ये चारों गुण विद्यमान है। उनके जन्म मरण न होने के कारण रोग भय भी नहीं है। सर्वज्ञ होने के कारण वैद्यशास्त्रज्ञान भी उनमें है। उनके नित्य होने के कारण चिकित्सा करने का अनुभव भी उनमें है। मनोवाक्कायशुद्धि के विषय में कहने की आवश्यकता ही नहीं है। वह अपापविद्ध, नित्यबुद्ध-शुद्धमुक्त है। इन सब गुणों के युक्त होने से उनसे उत्तम वैद्य और कोई हो ही नहीं सकता। इसलिए उनके चरणों में शरण लेना हमारे आध्यात्मिक रोग को दूर करने का एक मात्र उपाय है। शिव से बढ़कर भेषज नहीं है। यह भेषज ही भवरोग निवारक है। भवरोग निवृत्ति ही परम प्राप्य-आनन्द है। इन सब विषयों को स्पष्ट करता है जीवों की जन्म मरण व्याधि को दूर करने वाला औषध ईश्वर हैं वाक्य।

हमारी जो आन्तरिक व्याधि है यह आत्मा के ज्ञान से संबद्ध है। इसलिए जो ज्ञान के ज्ञान होकर रहते हैं वे ही इस रोग को जान सकते हैं। शिव ही हमारी आत्मा की आत्मा है। रोग को दूर करने

के बाद जीवात्मा को धारण कर उसको आनन्दानुभव कराते हैं। इसे स्पष्ट करता है ज्ञान के ज्ञान होकर रहता है वाक्य। ज्ञान के ज्ञान होकर रहने वाले ईश की ही शरण लेना चाहिए। न अन्य सामान्य देवताओं की। इस अर्थ को बताता है उनका ध्यान कीजिए। सन्देह से मुक्त होने पर ही सच्चा ज्ञान प्रतिष्ठित होगा। इस अर्थ को कहता है सन्देह नहीं।

इससे भवरोग तरण का उपाय बताया गया है।

———

दूसरा अधिकार

जीवसत्ता

पूर्व अधिकार में ईश्वरसत्ता निरूपित हुई। इस अधिकार में जीवों की सत्ता, उनका स्वरूप स्वभाव आदि बताये जाते हैं। तीनों नित्य वस्तुओं में चेतन वस्तु दो हैं। उनमें से श्रेष्ठ ईश्वर की स्थिति आदि के बारे में प्रथम अधिकार में बताकर इसमें पूर्वोक्त ईश्वर से कम ज्ञानी पशु के विषय में प्रकाश डाला जा रहा है। एक प्रकार से यह हमारा निजी अधिकार है क्योंकि इसमें आत्मवर्ग के बारे में ही बताया जा रहा है। अपने स्वरूप और स्वभाव के विषय में जितना जानते हैं उतना हमारा ज्ञान भी बढ़ता है। अज्ञान घटता है। आत्मा, पशु, जीव, चेतन, अणु ये शब्द समानार्थक हैं।

NATURE OF THE SOUL

1. The number of those who have been freed and of those who are yet to attain Mukti (liberation) will equal the number of the days that are past since creation and of the days that are yet to come, i. e., their number is endless.

जीवात्माओं की सत्ता एवं असँख्यता

अब तक व्यक्त हुई आत्माओं की और व्यक्त होने वाली आत्माओं की संख्या जो है वह मुक्त और मोक्ष्यमाण आत्माओं की है। अर्थात् आत्मा असंख्य है।

हम हैं, इसमें सन्देह नहीं है। हम अनेक भी हैं। शैव सिद्धान्त के अनुसार आत्मा का पृथक् अस्तित्व है। अन्यमत भी इसे मानते हैं।

एकात्मवादियों का सिद्धान्त इसके विरुद्ध है। आत्मा ही नहीं है ऐसा कहने वाले भी हैं। 'मेरा शरीर' इस तरह का कथन ही शरीर के अतिरिक्त आत्मा के अस्तित्व के लिए प्रमाण है। भिन्न-भिन्न मनुष्यों में भिन्न-भिन्न सुख दुःखानुभव होना आत्मा के अनेकत्व का प्रमाण है। आत्मा ही नहीं है तो ईश्वर की आवश्यकता क्या है? ईश्वर नहीं है, आत्मा ही ईश्वर है ऐसा मानने पर जीवों को दुख कैसे प्राप्त होता है? इससे यह सिद्ध है कि आत्माएँ भी हैं ईश्वर भी है। आत्मा और उसका अनेकत्व सिद्ध होने पर यह प्रश्न उठता है कि वे कितने हैं? यदि किसी संख्या से आत्माएँ परिच्छिन्न हैं तो उन सब आत्माओं के मुक्त होने पर प्रपञ्च की आवश्यकता नहीं रहती। प्रपञ्च और आत्मा के न रहने पर ईश्वर का भी कोई कृत्य नहीं रहता। तब ईश्वर की भी सत्ता अज्ञेय हो जायेगी। इसलिये आत्माओं को असंख्य होना चाहिए। आत्माओं में से कुछ अनेक जन्म लेती हैं। कुछ एक ही जन्म लेती हैं। ये सब कितनी हैं? इस प्रश्न का उत्तर ग्रंथकार ने एक अजीब ढंग से दिया है।

इस जगत में उत्पन्न लोगों में कितने लोगों ने मुक्ति पायी? कितने लोग पायेंगे? अपने समय में ही मुक्ति पाने वालों की संख्या हम नहीं बता सकते; तो सम्पूर्ण आत्माओं की संख्या हम किस प्रकार कह सकते हैं? समुद्र जल की बूंद की संख्या कौन बता सकता। इतना ही हम कह सकते हैं आत्मायें असंख्य हैं।

इस प्रकार इस पद्य में आत्मा की सत्ता और उसकी असंख्यता स्पष्ट कही गयी है।

2. The souls are divided into those who have three malas, those who have two, and those who have one only.

तीन प्रकार के जीव

मलत्रययुक्त, मलद्वययुक्त, और एकमलयुक्त इस प्रकार जीव तीन प्रकार के होते हैं।

अहंकारमल, कर्ममल और मायामल युक्त जीव 'सकल जीव' है। अहङ्कार और कर्ममलमात्रयुक्त जीव 'प्रलयाकल जीव' है। मायामल मात्र युक्त जीव 'विज्ञानाकल जीव' है।

आत्मा उस शरीर के परिमाण की होती है जिसमें वह आश्रित रहती है। हाथी के शरीर में विद्यमान आत्मा उस हाथी शरीर परिमाण की होकर उस पूरे गज शरीर को व्याप्त करके रहती है। एक चींटी के शरीर में विद्यमान आत्मा उस चींटी शरीर परिमाण की होती है। उस चीटी के शरीर मात्र को व्याप्त करके रहती है। ईश्वर तो सर्वव्यापक है। यह अन्तर अच्छी तरह जान लेना चाहिए। जीव एक देश व्यापक है, परमात्मा सर्वव्यापक है।

जीव की बद्धावस्था में उसे पशु कहते हैं। वह अनादि अहंकार-मल से आच्छादित रहता है। जीव असंख्य हैं। कला आदि तत्वों से युक्त आत्माओं को सकल कहते हैं।

इनमें तीनों मल हैं। मायामल युक्त होने के कारण प्रलयकाल तक ये कई जन्म लेते रहेंगे। प्रलयकाल में कलाओं के साथ लीन रहेंगे। फिर जब सृष्टि आरम्भ होती है तब पुनः आविर्भूत होकर जन्म मरण चक्र में फँसे रहेगे। देवता से चींटी तक सब इस तरह की सकल आत्मा हैं।

केवल अहंकार और कर्ममल युक्त जीवों को 'प्रलयाकल आत्मा' कहते हैं। प्रलय के समय इनका मल-अहंकारमल दूर हो जाता है। इस कारण ये प्रलय+अकल=प्रलयाकल कहे जाते हैं। प्रलय के समय शिव इनके ऊपर कृपा करते हैं। इस कारण प्रलय के बाद इनका

शरीरसम्बन्ध नहीं होता। किन्तु उस प्रलय के पहले कुछ जन्म होते हैं।

अहंकारमल मात्र युक्त जीवों को 'विज्ञानाकल' कहते हैं। कला आदि तत्वों को विज्ञान से दूर करने के कारण ये विज्ञान+अकल= विज्ञानाकल हैं। इनका अहंकारमल विज्ञान से दूर होता है। विज्ञान का अर्थ है विशिष्ट उत्कृष्ट ज्ञान। अर्थात् भगवज्ज्ञान—पतिज्ञान। भगवान इन आत्माओं के भीतर आत्मा के रूप में रहकर पतिज्ञान का प्रदान करता है। यद्यपि इन आत्माओं में भी कला आदि तत्त्व हैं तो भी विज्ञानयुक्त होने के कारण ये उन तत्वों से बद्ध नहीं होते। इन्होंने जो एक जन्म प्राप्त किया वही एक जन्म इनका है। और जन्म इनके नहीं होते। इनमें भी कुछ भेद हैं।

3. All those three classess possess the Mula Mala, Anava; the Sakalas alone are not conscious that they are in bandha (bound) condition.

आत्माओं का तरतमभाव

उपर्युक्त विज्ञानाकल आदि तीन प्रकार की आत्मायें भी मूलमल से आच्छादित हैं। इस कारण से वे तीनों अदृश्य सहायक ईश के अधीन परतन्त्र हैं। इन तीनों के शिव ही सहायक होते हैं।

अहंकारमल से बद्ध होने के कारण तीनों प्रकार की आत्मायें समान हैं। शिवकृपा पाने में भी तीनों तुल्य हैं। केवल कृपा पाने के प्रकार में भिन्न हैं।

ऊपर कहा गया है कि तीन प्रकार की आत्माओं में भी अहंकार मल रहता है। यह अहंकारमल तीनों का सहजमल है। शेष माया और कर्ममल आगंतुक हैं। अहंकारमल को दूर करने में ये सहायता करते हैं! आत्मा का स्वरूप ज्ञान है। उसे तिरोहित करने वाले इस

मूलमल को आत्मा स्वयं दूर करने में समर्थ नहीं है। ईश्वर ही इसे दूर कर सकता है। ईश, विज्ञानाकल आत्माओं में ज्ञानरूप से रहकर पतिज्ञान प्रदान करता है। इसे व्यक्त करता है 'अदृश्य सहायक'

जो प्रलयाकल हैं उनके मल दूर करते समय शिव अपने मृग, शूल और चारों भुजाओं के साथ प्रत्यक्ष होकर उनका अनुग्रह करता है। इस अंश का बोधक है 'अधीन'

तीसरे प्रकार के जीव सकल हैं। ये तीनों मलों से युक्त हैं। शिव इन पर किसी गुरु के माध्यम से अनुग्रह करते हैं। अर्थात् शिव स्वयं गुरु रूप धारण करके कृपा करते हैं। इसी तृतीय प्रकार की कृपा करने को 'सहायता' कहा है। इस मलदूरीकरण को ही शक्तिनिपात कहते हैं। यद्यपि तीनों प्रकार के जीव मल से संपृक्त होने में समान हैं, तो भी शक्तिनिपात के विषय में इनमें तारतम्य है।

4. Of what avail is that power which confuses in dreams, its experiences during the waking state ?

आत्माओं की परतन्त्रता

जाग्रव अवस्था में देखी हुई वस्तुओं को स्वप्नावस्था में भूलकर अन्यथा देखने वाली अल्पज्ञ आत्माओं को स्वातन्त्र्य नहीं है।

आत्मायें स्वतन्त्र नहीं हैं। सहायता पाकर ही उन्हें जानकारी प्राप्त हो सकती है।

किसी पर आश्रित होकर ही आत्मा रह सकती है। पाश पर आश्रित रहने से पाश में लीन होकर पति के आश्रय लेने पर पति में लीन होकर रहती है। हम जीव लोग अब पाश के फलभूत शरीर पर आश्रित हैं। इस आश्रय से हमारी इच्छा, ज्ञान तथा क्रिया गतिशील होती है।

इससे हमारा थोड़ा सा ज्ञान विकास होता है। यह पाशज्ञान है। अपने को पाश से भिन्न जानना और अपनी पतिपरतंत्रता को न जानना पशुज्ञान है। आत्मा यद्यपि चित् है किन्तु ईश्वर की तरह पूर्णशक्तियुक्त चित् नहीं है। अर्थात् आत्मा शुद्ध चित् नहीं है। अथवा मल से असंयुक्त चित् नहीं है। यदि वह शुद्ध चित् होती तो उसे तनुकरण आदि की आवश्यकता न पड़ती। इससे यह स्पष्ट है कि अनादिकाल से आत्मा अहंकार मल से आच्छन्न होकर ज्ञान इच्छा के विवेक से रहित माया कारणों से युक्त तत्वरूप में रहकर जानने वाली है। इस न्यूनता के कारण ही आत्मा जाग्रत स्थिति में दृष्ट वस्तुओं को स्वप्न में अन्यथा देखती है। लँगड़ा स्वप्न में अपने को अविकलांग देखकर संतुष्ट होता है। लेकिन वास्तविक स्थिति दूसरी ही है। इसे ही ग्रंथकार अन्यथा देखने वाली आत्मा कहता है। इस प्रकार की अल्पज्ञ आत्मा को स्वातंत्र्य नहीं है।

5. The name "Intelligence" is really appropriate to the soul which cannot understand except in conjunction with the senses !

आत्मा की अल्पज्ञता

पंचेन्द्रियों की सहायता के बिना किसी भी विषय को जानने में असमर्थ आत्मा का 'ज्ञाता' नाम जो पड़ा है वह अधिक संगत है।

किसी सहारे के बिना जीवों में ज्ञान और क्रिया का संबंध नहीं होगा। आत्मा को ज्ञानी कहते हैं। इससे जीवात्मा को ईश्वर से श्रेष्ठ' अथवा ईश्वर के समान या ईश्वर की सहायता की अपेक्षा न करने वाली नहीं समझना चाहिए। किसी इन्द्रिय के द्वारा ही आत्मा किसी विषय को जानती है। वह भी एक समय में एक इन्द्रिय के द्वारा एक ही विषय को जान सकती है। बद्धदशा में तत्वों की सहायता से और मुक्तदशा

में ईश्वर की सहायता से आत्मा सत् और असत् को पहचानती है। आत्मा अपने से भिन्न अचित् के आश्रित होकर उसी में व्याप्त हो जाती है। ऐसा आत्मा में स्थित मलदोष के कारण होता है। स्वजातीय शिव के आश्रित होकर उसका व्याप्त रहना जीव का स्वाभाविक धर्म है। स्फटिक, मणि के आश्रित रहने पर माणिक्य का रंग प्राप्त करता है, तो भी स्फटिक माणिक्य नहीं कहा जाएगा। इसी प्रकार जीव मोक्ष में शिव के स्वरूप गुण आदि प्राप्त करने पर भी शिव नहीं होगा। मल दूर होने के पश्चात् आत्मा का व्यापकत्व बढ़ता है। इस कारण से वह पूर्ण ज्ञानी कही जाती है। इतना ही तात्पर्य है कि पहले जो एकदेशज्ञान था वह अब और विकसित हो जाता है। आत्मा सर्वथा ईश्वर-परतंत्र है। इन सब विषयों को स्पष्ट करने के लिए कहा गया है कि— इन्द्रियों की सहायता के बिना किसी भी विषय को जानने में असमर्थ आत्मा। ज्ञान नाम जो पड़ा है वह अधिक संगत है कहकर आत्मा को सर्वज्ञ मानने वालों का परिहास करते हैं।

6. What can the light of the sun, and its absence, and the world affect; if there is no light in the eye?

आत्मा का ज्ञातृत्व

चन्द्र, सूर्य अग्नि ये तीन तेजस्, तथा अंधकार और प्रपंच ये तीनों यदि खुली हुई निर्मल आँखों में प्रकाश नहीं होता तो किस काम के हैं? इसी प्रकार शिव, अहङ्कारमल, माया ये तीनों आत्मा में ज्ञान नहीं है तो किस काम के हैं।

समझाने पर समझने की शक्ति आत्मा में अनादि काल से है। यदि आँख में देखने की शक्ति नहीं है तो दीपक के प्रकाश से कुछ भी लाभ नहीं है। उसकी दर्शन शक्ति कुंठित करने वाली आँख के अन्दर स्थित अंधता एवं बाहर विद्यमान अंधकार इन दोनों को दीपक दूर नहीं कर

सकता। दीपक अंधकार को दूर करता है। अंधकार के दूर होने पर आँख का प्रकाश, दीप प्रकाश से युक्त होकर तब वस्तुदर्शन में समर्थ होता है। अंधी आँख देख नहीं सकती। इसलिए कहा—खुली हुई आँखें।

खुली रहने पर भी यदि आँख मोतियाबिन्द आदि दोषों से युक्त हो तो वस्तुओं को देख नहीं पाएगी। आँख को दोषरहित होना चाहिए। इसे ही 'निर्मल आँख' कहा गया है। इससे यह स्पष्ट है कि किसी पदार्थ का यथार्थ प्रत्यक्ष होना तो आँखों में सहज दर्शनशक्ति (प्रकाश) दोषरहित दीपप्रकाश, अंधकार विलयन, प्रकाश से व्याप्त वस्तु इन सब की आवश्यकता पड़ती है। आँख का प्रकाश ही इन सब को सप्रयोजन बनाता है। यदि प्रकाश नहीं है तो शेष सब व्यर्थ है। प्रतिकूल वस्तुओं को छोड़ना या अनुकूल वस्तुओं को लेना सब कुछ नहीं हो सकता। इसे इस वाक्य से कहा गया—"चन्द्र सूर्य आदि किस काम के हैं।"

इस पद्य में उपमान मात्र बताकर उपमेय को नहीं बताया गया। इसे पाठकगण के विचार चातुरी पर छोड़ दिया गया। इसे अन्योक्ति कहते हैं।

नित्य वस्तुओं (पति, पशु, पाश) में पशु अधिक प्रकाशयुक्त है। आत्मा भी यद्यपि चित् प्रकाशयुक्त है तो भी वह परिमित प्रकाश की है। अंधकार से व्याप्त आँख की तरह अहंकार मल से आत्मा का प्रकाश कुण्ठित है। इस अहंकार मल वाले अंधकार को पूर्ण प्रकाशपुंज ही दूर कर सकता है। जीवात्मारूपी आँख, शिवनामक प्रकाशपुञ्ज से अहंकारमल अंधकार से मुक्त होकर तात्विक पदार्थ को यथावत् समझने में समर्थ होती है।

7. The Sat (reality) cannot perceive Asat (unreality.) Asat cannot perceive anything. That which is united to both and understands both is sat-asat or the soul.

आत्मा कीं सदसद्‌रूपता

सद्‌वस्तु शिव, असत् पाश पर आश्रित न होगी। असत् पाश जड़ है। उसमें ज्ञान नहीं है। वह जानता नहीं। सदसद्-रूप आत्मा तो शिव और पाश से सम्बद्ध होकर दोनों को जानती है।

तीनों नित्य वस्तुओं में से आत्मा ही सत् शिव और असत् (जड़) पाश को जानने वाली है।

आत्मा जीवात्मा परमात्मा के रूप में दो प्रकार की होती है। परमात्मा नित्य असंकुचित ज्ञानी है। जीवात्मा तो अनित्य एवं संकुचित ज्ञानी है। यह जीवात्मा सत् पर आश्रित होकर सत् को, असत् पर आश्रित करके असत् को जानती है। इसलिए इसें सदसत् कहते हैं।

सूर्य के सामने अंधकार की तरह शिव के सामने पाश नहीं टिक सकता। जड़ पाश शिव का साक्षात्कार नहीं करा सकता। अर्थात् शिव और पाश में दोनों परस्पर एक दूसरे को जानते नहीं। इसे स्पष्ट करता है—'सत्……जानता नहीं।' तो परिशेष प्रमाण से यह जान सकते हैं कि शेष जीव ही बाकी दोनों को जान सकता है। सत् और असत् इन दोनों को जानने का अधिकार होने के कारण जीवात्मा सदसत् कही जाती है। सदसत् का यह अर्थ नहीं कि आत्मा सत् और असद्‌गुण युक्त है। किन्तु सद् और असद् वस्तुओं से सम्बद्ध है। इसे कहते हैं 'सदसद्रूप आत्मा………दोनों का जानती है।'

8. Are there not objects in this world which become dark in darkness and light in light ?

आत्मज्ञान की उपमा

इस संसार में ऐसी भी वस्तुएँ हैं जो अंधकार से सम्बद्ध होने पर अंधकारमय रहती हैं और प्रकाश से सम्बद्ध होने पर प्रकाश-मय रहती हैं, जैसे आंख, दर्पण, आकाश।

शुद्ध चैतन्य और जड़ के अतिरिक्त इनके बीच में स्थित आत्मा भी है।

आंख में यद्यपि देखने की शक्ति है तो भी अंधेरे में अंधकारमय ही रहती है। सूर्य के उदित होने पर ही अंधकार दूर होता है। उस सूर्य के प्रकाश के सहारे आंख वस्तुओं को देखती है। यदि आंख में प्रकाश ही नहीं रहता तो सूर्य के प्रकाश रहने पर भी आंख को कोई लाभ नहीं है। इससे यह ज्ञात होता है कि आंख वह अंधकारमय वस्तु नहीं जिसमें प्रकाश ही नहीं रहता। सूर्य की तरह प्रकाश मात्र भी नहीं है। अंधकार और प्रकाश इन दोनों के बीच की वस्तु है। यह जीव की अल्पज्ञता को प्रकट करता है।

दर्पण में प्रतिफलन शक्ति है। लेकिन दर्पण के तल पर मलिनता रहे तो वह वस्तुओं को प्रतिफलित नहीं करता है। इस प्रकार आत्मा इन्द्रियविषयों से आक्रान्त रहने पर अपने अस्तित्व को नहीं जान पाती।

आकाश दिन में सूर्य से सम्बद्ध रहते समय प्रकाशमय दिखाई पड़ता है। रात के अंधकार में स्वयं भी अंधकारमय हो जाता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि आकाश अपने को प्रकाशित करने वाले एवं तमोयुक्त करने वाली वस्तु के अनुसार स्वयं बदलता रहता है। इसी प्रकार है आत्मस्वभाव। आत्मा में एक विशेष गुण है। आंख आश्रित वस्तु भाव प्राप्त करती है और उन वस्तुओं को जानती भी है। स्फटिक माणिक्य से सम्बद्ध होकर उसी रङ्ग का हो जाने पर कहते हैं कि स्फटिक माणिक्य जैसा है। न कि माणिक्य स्फटिक जैसा है। इसी प्रकार आत्मा के शिवाश्रित रहने पर आत्मा शिव जैसी है कहेंगे न कि शिव आत्मा

जैसा । इन सब विषयों को यह पद्य समझाता है । यह पद्य भी सोलहवें पद्य की तरह उपमान मात्र बतायकर उपमेय को पाठकों के विचार पर छोड़ देता है ।

9. Like the owl which cannot see even in bright sunlight, the souls (though present in God) cannot perceive God, owing to its connection with Anava Mala.

आत्मा के अज्ञान की उपमा

उल्लू की दृष्टि में सूर्य का प्रकाश भी अन्धकार ही है । इस प्रकार आत्मा शिवव्याप्त होकर रहने पर भी नित्य शिवज्ञान को प्राप्त नहीं करती है ।

अहंकारमल से युक्त रहने के कारण अपने प्राणभूत अर्थात् आत्मभूत शिव को आत्मा देख नहीं पाती ।

पक्षीगण दिन में सूर्य के प्रकाश के सहारे संचार करके संतोष पाते हैं । किन्तु उसी सूर्य प्रकाश में उल्लू देख नहीं पाता । उसका नेत्रसंस्थान ही ऐसा है । सूर्य का प्रकाश वस्तुओं को दिखाने में सहायता करता है लेकिन उल्लू उस सहायता का लाभ उठा नहीं पाता । अंधा सूर्य के प्रकाश में बैठे रहने पर भी देख नहीं पाता । यह उसकी आँख का दोष है न कि सूर्य प्रकाश का ।

इसी प्रकार आत्मा यद्यपि भगवत्कृपा व्याप्त है तथापि अपने में विद्यमान अहंकारमलदोष के कारण शिवज्ञान को प्राप्त नहीं करती । यह अहंकारमल आत्मज्ञान को आच्छादित करके अपनी सत्ता को भी तिरोहित करता है । यह अहंकारमल दूर होने के बाद ही शिवज्ञान प्राप्त होगा । शिवकृपा से ही यह मल दूर होगा । इन सबसे आत्मज्ञान का अहंकारमल से तिरोहित रहना स्पष्ट है ।

10. Oh ! when will the long suffering lose their sufferings and enjoy Bliss by reaching His Arul or Gnan !

आत्मा का दुःख

अनादि काल से असंख्य दुख भोगते हुए उलझने वाली जीवात्मा कब अज्ञान दूर कर ज्ञान प्राप्त करेगी।

जीवों का दुख असह्य है। शिवज्ञान से वह दुख दूर होकर नित्यानन्द ज्ञान प्राप्त करना अपेक्षित है।

महान लोगों का विचार है 'सर्वे जनाः सुखिनो भवन्तु'। इसके अनुसार ग्रंथकर्ता ने भी हम जैसे जीवों के दुख से द्रवित होकर इस प्रकार बताया है।

जीवात्मायें पुनरपि जननं पुनरपि मरणं के अनुसार अनादि काल से असंख्य जन्म पाकर मरती आती हैं। हर एक जन्म में अनेक दुख पाती हैं। जन्म मरण क्लेश को बताने वाली कई सूक्तियाँ हैं। जो कुछ भी दें अपने जीवनकाल को हम बढ़ा नहीं सकते। इसलिए कर्म के बोझ को अधिक करके दुख सागर में डूबना ठीक नहीं। इन दुखों में पड़कर उलझने को ग्रंथकार 'अनादिकाल से असंख्य दुख भोगते हुए' वाक्यांश से कहते हैं।

इसलिए हमें अस्थिर लोगों को छोड़ देना चाहिए। स्थिर शिव को पकड़ना चाहिए। इस जन्म में ही उसके अनुकूल कारण है। ईश्वरकृपा के पात्र होने योग्य सन्मार्ग का अवलम्बन किए बिना दुखों से छुटकारा नहीं होगा। दीक्षा आदि पाकर शुद्ध होकर सद्गुरु का उपदेश पाकर उन उपदेशों के अनुसार चलना ही शिवकृपा प्राप्त करने का एक मात्र उपाय है। इससे यह स्पष्ट है कि उसकी कृपा से उसके चरणों तक पहुँचना ही हमारा ध्येय है। इसे भूलकर भटकना मूर्खता है। इसे बताता है—'जीवात्मा कब...... आदि' वाक्य।

———

तीसरा अधिकार

पाश सत्ता

इसे अंधकारमलसत्ता भी कहते हैं। पति और पशु सत्ताओं के बाद पाश सत्ता यहाँ बताई जा रही है। पशु को बद्ध करके रखने वाला पाश है। यह पाश ईश को नहीं है। इसलिए यह अधिकार पशु अधिकार के बाद रखा गया है। आत्मा को अनादि काल से अहंकार ने बाँध रखा है। यह आत्मा के ज्ञान को तिरोहित कर देता है। यह अहंकार माया से संयुक्त होकर जीवों को अनेकानेक कर्म कराकर आसक्ति पैदाकर कई जन्मों को प्राप्त कराता है। यह अहंकारमलदूरीभाव ही मोक्ष है। इस अधिकार में यह विषय निरूपित किया जा रहा है।

NATURE OF PASA OR DARKNESS

1. The everlong misery of death and birth, and Eternal Bliss and the Presence of Divine Grace are all veiled from us by Anava Mala without making its own presence felt.

आत्मा से सम्बद्ध पीड़ा

सन्निहित जन्म मरण दुख को, अत्यन्त सुख मोक्ष को, और सबकी तारक ईश्वर कृपा को अस्वीकार करने वाले अपने को भी छिपाते हुए रहने वाला अहंकार मल है।

अनादि काल से जीवों को बद्ध रखने वाला अहंकार मल है। वही जन्म और मरण के दुख को देने वाला है। मोक्ष कुछ नहीं, शिव की कृपा कुछ नहीं ऐसा कहलाने वाला है।

अन्धकार दूर होने पर वस्तु का साक्षात्कार होता है। अन्यथाज्ञान दूर होने पर ईशकृपा का साक्षात्कार होता है। मुक्ति का प्रतिबन्धक अन्धकार या मल ही है। पाश शब्द पाँच प्रकार के पाशों को सूचित करता है। वे हैं—अहंकार, कर्म, माया, मायाकार्य और तिरोधान शक्ति। इनमें तिरोधानशक्ति ही तिरोहित अर्थात् आच्छादित करने वाली है। यह शिवशक्ति है। इसी से अन्य चार मल क्रियाशील होते हैं। तिरोधानशक्ति का स्वरूप जान लेंगे तो अन्य शक्तियाँ भी ज्ञात हो जाएँगी। यह तिरोधानशक्ति आत्मा के भीतर तिरोहित रहकर कर्म के अनुसार सूचित करने वाली शिवशक्ति है। आत्मा को बद्ध करते समय इसी को पाश कहते हैं। बन्धनिवृत्ति के समय यही अनुग्रह अथवा कृपाशक्ति कही जाती है।

भगवान आत्माओं के उद्धार के लिए प्रपंच बनकर आत्माओं के साथ रहता है। इस प्रकार स्थित होने के लिए जो 'वीर्य' अपेक्षित है वही शक्ति कृपा या अनुग्रह कही जाती है। यह कृपा शक्ति पाँच प्रकार की है—पराशक्ति, तिरोधानशक्ति, इच्छाशक्ति, ज्ञानशक्ति और क्रियाशक्ति। सब जीवों को अनुग्रह करने की दृष्टि अथवा इच्छा परा शक्ति है। जीवों में स्थित मल को परिपक्व करने के लिए ईश्वर के पंचकृत्य के सम्बन्ध में सोचना तिरोधान है। यह जीवों को ज्ञात भी नहीं होता, ज्ञात किया भी नहीं जाता। इसलिए इसका तिरोधान नाम पड़ा है। जीवों को परिपक्व दशा प्राप्त करने के लिए अनुभव अपेक्षित है। कर्मफल भोगने से यह अनुभव प्राप्त होगा। भोगते समय विषयों में जो दोष है उसे जान लेने पर विषयों में प्रवृत्ति न होगी। इस कारण जीवों के लिए तिरोधान अर्थात् आच्छादन अपेक्षित है। यही तिरोधान दशा है।

यही तिरोधानशक्ति 'अहंकारमल के द्वारा जीवों के मोह उत्पन्न करने वाले शिवसंकल्प का हेतु है। इन सबसे यह स्पष्ट है कि तिरो-

धानशक्ति ही अहंकार मल को क्रियाशील बनाती है। यह आत्मा के भीतर आत्मा होकर रहने वाले शिव का कार्य है। इसे हम नहीं जानते। माया और कर्म इस तिरोधानशक्ति के कारण होकर उसमें ही लीन होते हैं। हमारी इन्द्रियाँ विषयों को जानती हैं। लेकिन अपने जानने वाली आत्मा को नहीं जान पाती। इस प्रकार ईश्वर की चित् शक्ति की अंश-भूत तिरोधानशक्ति साथ रहकर कर्मफल भुगाती है। तो भी आत्मा अपने को और उस शक्ति को नहीं जान पाती है। लेकिन जब वह तिरो-धानशक्ति कृपाशक्ति का रूप लेती है तब इन दोनों को जान लेती है। इससे यह स्पष्ट है कि आत्मा की दो दशाएँ होती हैं। एक दशा में वह ईश्वर को नहीं जान पाती और दूसरी दशा में वह उससे ज्ञापित होकर जान पाती है।

आत्मा की यह अज्ञानदशा उसके अनादि अहंकारमल के कारण है। ताम्र में मलहम के समान यह स्वाभाविक है। तो भी यह आत्मा का स्वाभाविक गुण नहीं है, दोष ही है। यह जीव के ज्ञान, इच्छा और क्रिया को तिरोहित करता है। विपरीतज्ञान उत्पन्न करता है। इसी से जीव अपने जन्म मरण के कारण को नहीं जान पाता है। मोक्ष एक है, और उसे प्राप्त करना जीव का चरम लक्ष्य है इसे वह जान नहीं पाता। बाहर का अंधकार जैसे आँख की दर्शनशक्ति को कुंठित करता है वैसे यह अंधकारमल आत्मा के ज्ञान को तिरोहित करता है। इस अहंकार-मल को परिपक्व करने के लिए ईश्वर सृष्टि करता है। इससे अपने कर्म के अनुसार हम भिन्न-भिन्न शरीर प्राप्त करते हैं। इसे भी हम नहीं जानते। इन सब विषयों को यह पद्य स्पष्ट करता है।

2. That which hides all objects and makes them appear as one is nothing but darkness (Pasa or Ignorance).

अहंकारमल की उपमा

बाह्य अंधकार केवल अपने को दिखाता है अन्य वस्तुओं का रूप छिपा देता है। 'मात्र अंधकार ही है' ऐसी प्रतीति उत्पन्न

करता है। अंधकार भी इसी प्रकार का है। अंधकार आँख का आच्छादन करके वस्तु को देखने नहीं देता। इसी प्रकार अहंकार भी जीव के ज्ञान को छिपाकर सत्य को जानने नहीं देता।

तम एक ही है। लेकिन कई आँखों की दर्शन शक्ति को कुंठित करता है। इसी प्रकार अहंकार भी एक ही होकर अनेक आत्मा से संयुक्त होकर आच्छादन का कार्य करता है। अनेक आत्माओं से सम्बद्ध रहने के कारण अहंकार व्यापक है। किन्तु उसका यह व्यापकत्व ईश्वर के व्यापकत्व से बढ़कर नहीं है। ईश का व्यापकत्व जीव के व्यापकत्व से महान है। अहंकारमल का व्यापकत्व जीवव्यापकत्व परिमाण का ही है। अर्थात् यह समव्यापक है। अंधकार में आँख खुली रहने पर भी या मुँदी हुई होने पर भी अंधकार का आभास होता है। अंधकार के अव्यक्त रहने पर भी वह परिशेषप्रमाण से जाना जाता है। अंधकार प्रकाश का अभाव नहीं है। तमोगुण का परिणाम ही अंधकार है। इन सबसे यह स्पष्ट है कि 'अंधकार केवल अपने को दिखाता है' का अर्थ है आच्छादन कार्य से तत्व ज्ञान प्राप्त करना।

अंधकार की भाँति अहंकार भी स्वयं एक रहकर अपनी शक्ति की विभिन्नता से अनेक प्रकार से आच्छादन कार्य करता है। इसे 'एक रहकर' वाक्यांश से बताते हैं। पाश भी भाव पदार्थ है। इसलिए 'रहकर' कहा गया। इस प्रकार इस पद्य में अहंकारमल की उपमा अंधकार से दी गई है।

3. The darkness, though it hides everything else will show itself. But this Anava Mala will neither show itself nor anything else.

अहंकार और अंधकार में विद्यमान विभिन्नता

अहंकार अन्य सभी वस्तुओं को तिरोहित करके अपने को दिखाता है। लेकिन यह अहंकारमल दोनों को नहीं दिखाता,

अपने को भी नहीं दिखाता और अपने भीतर स्थित आत्मा को भी नहीं दिखाता।

नेत्रप्रकाश को अच्छादित करने वाले अंधकार से भी, आत्मा के ज्ञान को आच्छादित करने वाला अहंकार भयंकर है।

अहंकारमल सहजमल कहा जाता है। यह आत्मा का दोष ही है गुण नहीं। यह ज्ञान का अभाव भी नहीं। अभाव कोई कार्य नहीं कर सकता। यह तो तिरोधान का कार्य करता है। यह भ्रम भी नहीं है। भ्रम अन्यथाज्ञान है। यह ऐसा नहीं है। कुछ लोग अहंकार को आत्मा का गुण मानते हैं। यह भी ठीक नहीं है। चित् आत्मा का गुण चिद्रूप ही होगा। जड़ नहीं हो सकता। और गुण के नाश होने पर गुणी भी नष्ट हो जाएगा। अहंकारगुण के नाश पर आत्मा गुणी का भी नाश होना चाहिए। आत्मा तो नित्य है। रत्न को अपने मुँह में लेकर फिरने वाले सर्प की भाँति यह आत्मा है। यह अपने को भी नहीं दिखाती और अपने चंगुल में आए हुए को भी प्रकट नहीं करती। इसलिए कहा गया कि यह दानों को नहीं प्रकट करता।

अंधकार अच्छी तरह इस बात को प्रकट करता है कि वह स्वयं अन्य वस्तुओं को आच्छादित करने वाले स्वभाव का है। लेकिन अहंकारमल इस प्रकार अपने में स्थित आच्छादन स्वभाव को प्रकट नहीं करता। यही दोनों में प्रधान अन्तर है।

4. This darkness lasts to this day covering the soul only. though it is present eternally with the supreme Light in the soul.

अहंकार अंधकार का आत्म आच्छादन

अनादिकाल से आत्मा से सम्बद्ध होकर, शिवज्ञान से अधिक न होकर आत्मा को शिव के चरणों में पहुँचाने तक यह अहंकारमल रहता है।

अहंकारमल अनादि है। शिवज्ञान के अधीन है। पशुज्ञान से समव्यापक है। यह कई जन्म तक अनुस्यूत आता रहता है। छोड़ने पर फिर नहीं लगता है।

जीव अहंकारमल से सदैव सम्बद्ध रहते हैं। यह अहंकारमल आत्मा का एक दोष है। अतएव इसे सहजमल कहते हैं। इसी कारण इसे 'अनादिकाल से आत्मा से सम्बद्ध होकर' ऐसा कहा गया। इससे मूलमल का अनादित्व जान सकते हैं। जिस प्रकार भूमि पर प्रकाश तथा अंधकार दोनों है उसी प्रकार जीवात्मा में शिवज्ञानप्रकाश तथा अहंकारअंधकार दोनों है। अंधकार प्रकाश को जीत नहीं सकता। उसके पास भी पहुँच नहीं पाता। प्रकाश तो हमेशा तम को दबा देता है। उसे दूर कर देता है। इसे कहते हैं–शिवज्ञान से अधिक न होकर।

मुक्ति दशा में यह अहंकार अपनी सारी शक्ति खोकर नाममात्र का मल रहकर प्रतिबन्ध न करते हुए आत्मा के आनन्दानुभव का उपकारक होता है। आत्मा के शिव चरणों में पहुँचाने तक यह अहंकारमल रहता है। इससे यह स्पष्ट है कि अहंकारमल सहज है, माया और कर्म की तरह आगंतुक नहीं है। यह गुरुकृपा से दूर होगा।

5. Though this dark damsel embraces everybody, its want of virtue is not perceived by anybody.

अहंकार आत्मा से अविदित है

सभी आत्माओं से संयुक्त रहने पर भी अहंकारमलवल्ली की यह शक्ति है कि उसका भर्ता उसे व्याभिचारिणी कभी नहीं समझता। ऐसा पातिव्रत्य उसमें है।

केवल, सकल, शुद्ध इन तीनों दशाओं में भी आत्मा को अहंकार-मल की सत्ता का ज्ञान नहीं होता।

यह पहले ही कहा गया है कि अहंकार मल सभी आत्माओं में है। किन्तु यह एक ही है। पहले पद्य में कहा गया कि यह शिवज्ञान के अधीन है। अधीन होकर रहना स्त्रीत्व है। इस कारण अहंकारमल को स्त्रीरूप में चित्रित करते हैं। पेड़ से लिपटकर लता जैसे उसे आवृत करती है उसी प्रकार आत्मा को लपेटकर आच्छादित करने के कारण उसे वल्ली अर्थात् लता भी कहते हैं। इस अर्थ को व्यक्त करता है 'सब आत्माओं से संयुक्त होकर रहने पर भी'। एक आत्मा से सम्बद्ध न रह कर अनेक आत्माओं से सम्बद्ध रहने के कारण उसे 'व्यभिचारिणी' कहा गया।

भर्ता से अविज्ञेय व्यभिचारिणी मलवल्ली कहकर भर्ता की भी हीनता स्पष्ट करते हैं। हमारे सभी जन्मों में यह अनुस्यूत आती है। इसे 'कभी' शब्द से स्पष्ट करते हैं।

6. Why waste many words? It is by this darkness, we are not able to perceive the truth (of the distinction of the three padarthas.)

मूलमल से दिया हुआ पुरस्कार

अधिक कहने से क्या लाभ ? नित्यानित्यवस्तुविवेकहीनता जो आत्मा में है वह अहंकारमल प्रदत्त है।

जीवों में स्थित अज्ञान मूलमल से ही प्राप्त है।

हमारा जन्म ज्ञान प्राप्ति के लिये ही है। ज्ञान वृद्धि के लिए हमको पति पशु पाशों की सत्ता एवं स्वरूप स्वभाव आदि के बारे में जानकारी रखनी चाहिए। पशु को पाशबंध से मुक्त कराने का उपाय जानना चाहिए। पतिज्ञान ही मोक्ष का परिनिष्ठित उपाय है। इस ज्ञान की प्राप्ति के लिए अध्ययन, श्रवण, मनन, निदिध्यासन से ज्ञान प्राप्त कर उसके अनुसार चलना चाहिये। यह अपने ज्ञान विकास के लिए आत्मा

का कर्तव्य है। इस मार्ग पर चलने के लिए ही हमारा जन्म हुआ है। जन्मप्राप्ति के पहले की अवस्था केवलदशा है। तब यह शरीर नहीं था। केवलदशा नाम देने का यही कारण है। इस केवलदशा में यद्यपि हमको ज्ञान था तो भी वह क्रियाशील नहीं था। क्योंकि उसमें प्रतिबन्ध था। इस प्रतिबंध को ही अंधकार कहते हैं। इस दशा में रहते समय आत्मा यह भी सोच नहीं सकती कि हम अज्ञानदशा में हैं। इतनी हीनदशा में रहने वाली आत्मा को ईश्वर करणों से संयुक्त करके उनमें स्थित ज्ञान को क्रियाशील बनाता है। इस तरह आत्मा की करणयुक्त दशा सकलदशा कही जाती है।

केवलदशा में आत्मा का ज्ञान अंधकार से तिरोहित रहता है। इससे आत्मा उस दशा में अज्ञानी कहलाती है। करणयुक्त होने के बाद उसका ज्ञान थोड़ा विकास प्राप्त करता है। तो भी यह अल्पज्ञान ही है। इस समय भी अहंकारमल अपनी प्रकृति के अनुसार आत्मा में विपरीतज्ञान पैदा करता है। इससे जीव, 'शरीर ही मैं हूँ,' 'मैं ही कारण हूँ' आदि विपरीतज्ञान प्राप्त करता है। जिस प्रकार शान पर चढ़ाने पर छुरी तेज होती है उसी प्रकार कर्मानुभव से जीव में स्थित पाप दूर होकर निर्मलता आती है। माया और कर्म ईश की आज्ञा के अनुसार जीव से युक्त होकर सहायता करते हैं। किन्तु अब भी जीव ज्ञान का लेश मात्र ही प्राप्त करता है। इस ज्ञान के द्वारा नित्यानित्यवस्तु विवेक को प्राप्त करना है। यही पूर्णज्ञान का द्वार है। अहंकारमल यद्यपि इतना काम करता है तो भी वह अन्यथाज्ञान संशय विपर्यय आदि को पूर्ण रूप से दूर नहीं करता। इसलिए अहंकारमल को पशु भी कहते हैं। इस अहंकारमल का वेग जब तक अवरुद्ध नहीं होता तब तक तत्वज्ञान प्राप्त नहीं होता। सहायता करने के लिये आयी हुई माया और कर्म को भी यह अहंकारमल अपने बस में करके जीव को बिगाड़ता रहता है। 'अहंकारमल है ही नहीं' ऐसा कहने वालों

से इस प्रकार की उक्ति कहलाने वाला यही अहंकार मल ही है। इसलिए कहते हैं अधिक कहने से क्या लाभ। सकलस्थिति में भी अहंकार शरीर को आत्मा समझाता है और आत्मा को ईश्वर मनवाता है। इसे व्यक्त करते हैं 'नित्यानित्य……' आदि वाक्य से।

7. Why is there human suffering if there is no darkness? If it is the soul's inherent quality (it cannot be removed); If God can remove it, the soul itself will perish.

सुख-दुख का कारण अहङ्कार है

अहंकार मल नहीं है तो जीव को सुख दुख क्यों भोगना पड़ता है? यदि आत्मा का अहंकार धर्म है तो अहंकार के दूर होने पर आत्मा को भी नष्ट होना पड़ेगा। इससे यह सिद्ध है कि अहंकार आत्मा का धर्म नहीं है।

अहंकार आत्मा का गुण नहीं वरन् दोष ही है।

अहंकार असंख्य आत्माओं से संयुक्त होकर रहता है। वह असीमित शक्तिमय है। आत्मा जब से है तब से यह भी है। यह वैसे ही है जैसे धान के साथ तुषा। यद्यपि यह असंख्य आत्माओं को तिरोहित करता है तो भी स्वरूप से यह एक ही है। आत्मा को आच्छादित करने का तात्पर्य है, आत्मा का जो ज्ञान है उसे क्रियान्वित न करना।

जब आत्मा सकलदशा को प्राप्त करती है तब यह अहंकार आत्मज्ञान को दबाकर मोह आदि उत्पन्न करके भोग भोगने के लिए अपेक्षित कर्तृत्व पैदा करता है। अर्थात् अहंकारमल जीवों में अज्ञान उत्पन्न करता है। यह आत्मा से समव्यापक है। गुरुकृपा से मुक्ति के समय ही वह दूर होगा। सकलदशा के समय यह अहंकार आत्मा के ज्ञान को दबाकर मोह, मद, राग, चिंता, ताप, मुरझाना, विचित्र इन सात

विघाओं से दुखित करेगा । इससे ही अपना पराया आदि ख्याल और दुख उत्पन्न होते हैं । इसी से ग्रंथकार का कथन है कि—यदि अहंकार मल न हो तो जीवों को क्यों दुख भोगना पड़े ।

कुछ लोगों का मत है कि अहंकार के जीव से युक्त होकर रहने के कारण अहंकार जीव का धर्म है । यह धारणा गलत है । अहंकार जीव का दोष मात्र है । दोष को निकालने पर वस्तु शुद्ध होती है । धर्म उसे कहते हैं जो वस्तु में अविनाभाव संबंध से रहता है । धर्म के नष्ट होने पर धर्मी भी नष्ट होता है । यह प्रकृति का नियम है । अहंकार के नष्ट होने से जीव नष्ट नहीं होता । जीव तो नित्य है । इससे यह सिद्ध है कि अहंकारमल आत्मा का धर्म नहीं है । इस अंश को स्पष्ट करता है—यदि अहंकार आत्मा का धर्म है तो आदि वाक्य ।

8. If the Anava is not eternal and became connected with the soul at any intermediate time, how did the soul get it? Such darkness may cover it even in mukti for no reason.

अहंकारमल अनादि है

यदि अहंकार सादि है तो बीच में आकर क्यों सन्बद्ध होता है ? ऐसी स्थिति में मुक्तिदशा का प्रसङ्ग ही न रहेगा । यह बिल्कुल अनिर्वचनीय हो जाएगा । वचन के विषय होने पर भी उस दशा में यह अहंकारमल जीव को अपने अधीन कर लेगा ।

अहंकारमल जीव का अनादि रोग है । सकल दशा में आगन्तुक नहीं है ।

इस पद्य में यह कहा गया है कि अहंकार जीव से अनादि काल से सम्बद्ध है । पहले आदि और अनादि शब्दों का अर्थ जानना आवश्यक है । अनादिकाल का अर्थ अपरिच्छिन्न है और आदि काल का परिच्छिन्न । जीव अनादि काल से मल से सम्बद्ध है । ईश्वर अनादि

काल से मल से असंबद्ध है। ईश्वर मुक्त है और जीव बद्ध है। यह अहंकार एक है अनेक नहीं। अनेक होने पर काल और देश से परिच्छिन्न हो जाएगा। काल देश से परिच्छिन्न सभी वस्तुएँ विनाशवान् है। काल और देश से अपरिच्छिन्न व्यापक होता है। इससे उनकी उत्पत्ति भी नहीं और नाश भी नहीं है। अहंकार जीव से समव्यापक है। जीव के मुक्ति पाने पर अहंकार की शक्ति मात्र कुण्ठित होती है न कि उसका सर्वनाश होता है। इसलिए अहंकार अनादि कहा जाता है। माया और कर्म तो बीच में ईश से जीव में युक्त किए जाते हैं। ये आगन्तुक हैं।

यदि अहंकार भी माया और कर्म की तरह बीच में आकर संयुक्त होने वाला है तो वह सादि हो जाएगा। तब इस प्रश्न का उत्तर देना कठिन होगा कि यह बीच में आकर आत्मा से क्यों संयुक्त होता है। अहंकार अनादि नहीं है तो माया और कर्म की आवश्यकता नहीं है। अतः जीव की भी आवश्यकता नहीं है। इसे ग्रंथकार एक प्रश्न के रूप में "यदि अहंकार सादि है तो बीच में आकर क्यों सम्बद्ध होता है ?' कहकर स्पष्ट करते हैं।

अहंकार के अनादित्व में और एक तर्क पेश करते हैं। यदि अहंकाररूप दोष जीव में पहले से नहीं होता तो मुक्तिदशा का कोई अर्थ नहीं है। मुक्ति का अर्थ है दोष या पाप से छुटकारा पाना। यदि जीव स्वभाव से ही मुक्त है तो वह फिर किससे और कैसे मुक्त होगा ? तब जीव और ईश्वर दोनों एक ही हैं। इसे 'मुक्ति दशा का प्रसंग नहीं रहेगा' इस वाक्य से कहते हैं।

पुनः यह प्रश्न उठता है कि यदि यह अहंकार बीच में आकर सम्बद्ध होता है तो उसके वैसे सम्बद्ध होने का कारण क्या है ? जीव में स्थित दोष क्या है ? यह कहना उचित न होगा कि ईश्वर ने ही वैसे सम्बद्ध कर दिया। क्योंकि इसका यह अर्थ होगा कि ईश्वर जीवों

को कष्ट देने वाला, बिगाड़ने वाला है। वह तो करुणामय है। ईश्वर इस प्रकार का नहीं है। इस पक्ष में यह भी मानना पड़ेगा कि ईश्वर द्वारा अहंकार से बद्ध जीव हमेशा के लिए बद्ध हो रहेगा। उसे कभी मोक्ष नहीं होगा। ईश्वर मोक्ष देने वाला न रहेगा। बंध देने वाला साबित होगा। यह तो आगम का सिद्धान्त है कि बंध देने वाला अहंकार है और मुक्ति देने वाला ईश्वर है। इससे यह सिद्ध है कि अहंकार जीव का अनादि बंध है।

9. Even when the dark Anava increases, the light of the lamp (Maya) will remove it a little. If it cannot, then the darkness cannot be removed at any time.

अहंकारमल शक्ति का नाश

अँधेरे के अधिक होने पर दीपक का प्रकाश उसे थोड़ा कम करता है। ऐसा न हो तो अंधकार रात में स्थिर रहेगा। इसी प्रकार अहंकारमल अधिक अज्ञान प्राप्त कराता है। यदि माया-कार्य अर्थात् कला आदि का आश्रय नहीं लेगा तो जीव निर्मल प्रकाश युक्त नहीं होगा।

अहंकारमल को दूर करने के लिए ही आत्माओं को सकलावस्था दी गई है। अंधकार में टटोलने वाला अपने शरीर को भी नहीं देख सकता। शरीर के उपयोग के लिए वहाँ रखी हुई वस्तुओं को भी नहीं देख पाता। तब उसके लिए आवश्यक वस्तु दीप प्रकाश ही है। यदि उसमें देखने की शक्ति ही नहीं है तो उसे दीपक से क्या लाभ ? अहंकार मल अंधकार में पड़ी हुई आत्मा के ज्ञान को क्रियाशील बनाने के लिए उसे माया अर्थात् तनुकरण आदि दिये जाते हैं। ये भीतर और बाहर रहकर आत्मा के ज्ञान को क्रियाशील बनाते हैं। ये अशुद्ध माया तत्व और प्रकृति माया पदार्थ माया से दिए जाते हैं। इन तत्वों को स्वीकार

करना आत्मा का स्वभाव है। इन वस्तुओं के प्रति आत्मा में एक प्रकार की आसक्ति है। यदि ऐसा न हो तो आत्मा का उद्धार ही नहीं हो सकता। प्रकाश अंधकार के विरोधिस्वभाव का है। तथा माया अहंकार के विरोधि स्वभाव की है। अहंकार का स्वभाव है आच्छादन अर्थात् आत्मा को ग्रस्त करना। माया का स्वभाव है प्रकाशित या अनावरण करना। दीपक का सहारा जो नहीं लेता है उसे अंधेरे में ही टटोलना पड़ता है। इसी प्रकार जीव में कला आदि करण सम्बन्ध न होता तो अहंकार तम को दूर करके ज्ञान प्राप्ति असंभव होता। यद्यपि माया और कर्म हमारे लिए दुख देने वाले प्रतीत होते हैं तो भी वास्तव में वे हमको भोग और भोग साधन बनकर अनुभव से अज्ञान के प्रति घृणा पैदा करके ज्ञान प्राप्ति में सहायता करते हैं। यदि ये भी अहंकार की तरह आत्मा का छादन ही करने वाले हैं तो आत्मा का उद्धार ही असंभव हो जाएगा। अहंकार को निमित्त बनाकर माया और कर्म क्रियाशील होते हैं। इसलिए ये भी मल कहे जाते हैं। अंधकार में टटोलने वाले को प्रकाश में रहने वाला दयालु पुरुष जिसके पास दीपक है दीपक देता है। इसी प्रकार परिपाक समय में भगवान गुरु बनकर हम पर कृपा करता है। इससे यह स्पष्ट है कि मल को दूर करके मुक्ति पाने का मार्ग यही है।

10. Like the lamp which loses its brightness at day-break before the Bright sun, so Maya enlightens the soul by its various forms of body, senses &c. as long as the night of Karma lasts.

माया कर्म स्वभाव

सूर्य के प्रकाश से अन्धकार के दूर होते समय तक रात में दीपक जिस प्रकार प्रकाश देकर सहायता करता है वैसे ही माया

में कर्मानुसार दिए जाने वाले तनुकरण आदि अहंकारमल को दूर करने में सहायता करते हैं।

ईश्वर की कृपा पाने तक जन्म हैं। वे जन्म कर्मानुसार भिन्न भिन्न होते हैं। सूर्य अंधकार को पूर्ण रूप से दूर करने में समर्थ है। चन्द्र नक्षत्र आदि तो अंधेरे को कुछ हद तक ही दूर करने में समर्थ होते हैं। इनके सहारे रात के अंधकार को किंचित् दूर करके हम अपना काम चलाते हैं। अंधेरे में रहने पर भी आंख का प्रकाश ही स्थिर आश्रय है। इस प्रकार जीव का मल स्थिर आश्रय नहीं है क्योंकि वह बीच में परित्याग करने वाली वस्तु है। जो उपकार करते हुए कभी छोड़ता नहीं वही स्थिर आश्रय है। मात्र ईश्वर ही इस प्रकार का आश्रय है। उस स्थिर आश्रय प्राप्ति के लिए हमें प्रयत्न करना है। प्रयत्न एक व्यापार है। इस व्यापार के लिए करणों की आवश्यकता पड़ती है। नदी को पार कर उस पार तक पहुँचने के लिए नाव की आवश्यकता पड़ती है। पार पहुँचने के बाद नाव की आवश्यकता नहीं होती। इसलिए नाव को ढोकर साथ ले जाने की आवश्यकता नहीं होती। इस तरह ईश्वर के दिए हुए कर्मनाशक कला आदि तत्व मुक्ति पाने तक ही आवश्यक हैं। सूर्योदय के बाद दीपक की आवश्यकता नहीं होती है। अभीप्सित वस्तु को प्राप्त कर और उसे भोग लेने पर इच्छा दूर हो जाती है। कर्म के अनुसार माया भुवन भोग आदि के रूप में परिणत होकर बुद्धि को व्याकुल बनाती है। सुख दुख रूप कार्य का कर्ममल प्रधान कारण है। मायामल सहकारि कारण है। अहंकारमल निमित्त कारण है। इससे होने वाले जन्म मरणों से पुरुष थककर ज्ञान प्राप्त करता है। इस पक्वदशा को देखकर ईश्वर कृपा करके हमारी रक्षा करता है। इससे होने वाली बंध निवृत्ति ही वास्तविक मोक्ष है। इसे 'माया दीपक की भांति सहायता करती है' और 'सूर्य प्रकाश से,' आदि वाक्यों द्वारा समझाया गया है।

———

चौथा अधिकार

कृपा स्वभाव

पिछले अध्याय में अहंकारमल के बारे में कहा गया है। हमें उस अहंकार को दूर करना चाहिए। इसके लिए हमारा ज्ञान पर्याप्त नहीं हैं। पूर्ण ज्ञान को आवश्यकता है। वह पूर्णज्ञान शिवज्ञान कहा जाता है। यह शिवज्ञान शिवकृपा का फल है। इसलिए इस अध्याय में करुणा रूपी पतिज्ञान के विषय में प्रकाश डाला गया है।

NATURE OF THE DIVINE GRACE (ARUL)

1. There is nothing superior to Arul in this world, as there can be nothing superior to the supreme object of man's desire.

कृपा की महत्ता

इह लोक में सबसे कामयमान धन से महत्वपूर्ण कुछ नहीं है। इस प्रकार परलोक के लिए कृपा से बढ़कर महत्वपूर्ण दूसरा कुछ नहीं है।

भगवान की कृपा से बढ़कर उत्तम वस्तु कुछ भी नहीं है।

जैसे सूर्यकिरण के बिना संसार प्रकाश नहीं प्राप्त करता वैसे ही भगवत्कृपा के बिना जीव ज्ञान प्राप्त नहीं करता। व्यर्थ टटोलने वाले जीव को परिपक्व करके और उसके संकुचित ज्ञान को विकसित करके उसे ईश्वर से सम्बन्ध करने वाली उसकी कृपा ही है। ईश्वर में विद्यमान यह कृपा जीवों में भी रहकर उनको क्रियाशील बनाकर मोक्ष पहुँचाती

है। यह कृपा ईश्वर की सहज शक्ति है, गुरु भी उसी कृपा का रूप है। उस कृपा का पात्र बन जाने पर कोई भी वस्तु अलभ्य नहीं रह जाती।

सभी यह जानते हैं कि ऐहिक जीवन के लिए धन अत्यावश्यक है। किसी न किसी प्रकार उसे प्राप्त करने में सभी प्रयत्नशील हैं। इससे यह सिद्ध है कि इस प्रपंच में धन से श्रेष्ठ वस्तु और दूसरी नहीं है। इसी कारण इस पद्य में कृपा को धन के समान महत्वपूर्ण बताया गया है। इस कृपा से महान और कोई भी वस्तु न होने के कारण 'कृपा से महान दूसरी वस्तु नहीं' कहा। सूर्य को उसके प्रकाश से ही देख सकते हैं वैसे ही भगवान को भी उसकी कृपा से ही देख अर्थात् प्राप्त कर सकते हैं।

2· Like the action of the sun upon the earth, Arul is the Great Light which illuminates everything (Chit and Achit), and causes souls to perform Karma, and to enjoy the fruits of such Karma.

कृपा का उपकार

संचित प्रारब्ध और आगामि कर्मों के नाश के लिए शिवकृपा अत्यंत प्रकाश के साथ सर्वत्र सूर्य की तरह सहायता करती रहती है।

जीवों के समस्त कार्यों के लिए शिवकृपा ही सहायक है।

हम सब इस प्रपंच में कुछ न कुछ काम करते ही रहते हैं। "नहि कश्चित् क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्।" केवलदशा में बिना करण अर्थात् किसी कार्य को करने की योग्यता के बिना निश्चल पड़े हुए जीव को जन्मदान ही ईशकृपा का कार्य है। यदि भगवान ने ऐसा न किया होता तो हमारा उद्धार कभी नहीं होता। करणप्राप्ति से स्वल्पज्ञान भी

हुआ। हम मन वाक् काय से कर्म करते हैं। इन कर्मों का फल हमें ही भोगना चाहिये। अपने द्वारा किए हुए सभी कर्मों का फल एक ही समय में हम भोग नहीं सकते। कर्मफल भोगने में जो कालभेद होता है उसके अनुसार कर्मों का विभाजन भी महान लोगों ने किया है।

संचित प्रारब्ध और आगामि के रूप में कर्म तीन प्रकार के होते हैं। इस जन्म में हमारे द्वारा किए जाने वाले कर्म आगामि हैं। इनमें कुछ तुरंत फल दे देते हैं। कुछ नहीं देते और वे संचित होते हैं। ये ही संचित कर्म हैं। ये बाद में फलोन्मुख होंगे। ये सूक्ष्म रूप में बुद्धितत्त्व से संलग्न होकर माया में पड़े रहेंगे। हम जिस जन्म में हैं उस जन्म में जितने कर्मों का फल भोग सकते हैं उतना ही हम भोगेंगे। इस भोग के निमित्त गृहीत जन्म में अनुभव करने के लिए नियमित कर्मों को प्रारब्ध कर्म कहते हैं। इस प्रारब्ध कर्म को भोगते समय अज्ञान से हम अन्य कर्म भी कर डालते हैं। इनमें से जो तुरंत फल दे देते हैं उनसे भिन्न बचे हुए कर्म संचित हो जाते हैं। इस प्रकार अपने किए हुए कर्मों का फल हमें ही भोगना पड़ता है। कर्म को परिपक्व करके अर्थात् फलोन्मुख करके जन्म के अनुसार लगा देने का काम शिवकृपा से किया जाता है। इस प्रकार हमारे कर्मों के फलभोग के लिए भी ईश कृपा की आवश्यकता है।

कर्मफलभोग से मन शुद्ध होता है अर्थात् जन्म से घृणा पैदा होती है। अकृत कर्म का भोग नहीं है। कर्मानुभव के लिए कर्मकरण आवश्यक है। यह तो हम नहीं जानते कि हमें किन कर्मों को करना है। इसे भी शिव ही हमारे अन्दर रहकर तिरोधान रीति से करवाता है। आगामि कर्म भी ईश्वरकृपा के अनुसार हमारे द्वारा संपन्न होता है। अपने कर्म को करना, किए हुए कर्मों का संचय करना, संचित कर्म से अनुभव के लिए पृथक करना, ये सभी कार्य ईशकृपा से ही होते हैं। इससे ही कहते हैं—'तेन बिना तृणमपि न चलति।'

कर्मानुभव की तरह कर्म को दूर करने में भी शिवकृपा ही सहायता करती है। गुरु होकर दीक्षा आदि दिलाकर संचित और आगामि कर्मों का नाश करने वाला शिव ही है। इसे अच्छी तरह समझाने के लिए सूर्य की उपमा दी गई है। सूर्य नहीं है तो हम कोई भी काम नहीं कर सकते। बीज को अंकुरित करना, बढ़ाना, पकाना सब सूर्य के प्रकाश से ही होता है। बोना, संचित करना, पकाकर खाना इन सब में किसान को सूर्य ही सहायता करता है। सूर्य यदि प्रकाश रहित, अंधकारयुक्त वस्तु होता तो ये कार्य सम्पन्न न होते। वह प्रकाशमय है। उसका प्रकाश ही इस तरह सहायता करता है। इसी रीति से भोगने के विषय में भो ईश्वर का ज्ञान अर्थात् कृपा मदद करती है। सूर्य रात में प्रकाश नहीं देता है। शिवकृपा तो जीव की तीनों दशाओं में सहायता करती है। इसी से उसे 'सर्वत्र' कहा गया है।

3. The body cannot know anything as it is Asat; the soul cannot understand of itself being ignorant; then how can the soul understand, unless the supreme Arul illuminates its understanding?

समझाने वाली कृपा ही है।

शरीर जड़ है, इसलिए वह कुछ नहीं जान पाता। आत्मा अल्पज्ञानी है, इसलिए वह भी स्वयं कुछ नहीं जान पाती। दोनों के स्वयं न जानने से दूसरा कौन समझाने वाला है। वह ईशकृपा ही हो सकती है।

ईश्वरकृपा को जानने को आवश्यकता किसी को नहीं है तो भी ईश्वर जीवों के लिए समझता है और उन्हें समझाता भी है।

जीवों को शिव ही ज्ञान प्रदान करके समझाता है, भोग कराता है। लौकिक विषयों के प्रति वैराग्य भी उत्पन्न करता है। जीव के परिपक्व होते ही व्यापक ज्ञान को विकसित करके परभोग देता है।

इस सकलदशा में रहते समय हम शरीर आदि करणों से युक्त रहते हैं। इन करणों से हमने केवलदशा से भी थोड़ा ज्ञान पाया है। इससे ऐसा न समझना चाहिये कि हमने करणों से ही ज्ञान प्राप्त किया।

यद्यपि आँख देखती है तो भी यदि अन्दर आत्मज्ञान न रहे तो वह देख न पाएगी। आँख के द्वारा प्राप्त विषयानुभव जीव ही करता है। आत्मा सभी इन्द्रियों में व्याप्त रहकर सब विषयों को अपने संकल्प से ईश्वरकृपा के द्वारा जानती है। शिव आत्मा की आत्मा होकर समझाता है। इसलिए कहते हैं शरीर जड़ है वह कुछ भी नहीं जान पाता।

आत्मा भी ईशकृपा से ही इन्द्रिय द्वारा विषयज्ञान प्राप्त करती है। शिवकृपा के बिना वह कुछ भी नहीं जान पाती। इसको स्पष्ट करने के लिए कहा गया :—'आत्मा स्वल्प ज्ञानी है। इसलिए वह स्वयं नहीं जान पाता' शिवकृपा ही आत्मा को शरीर प्रदान करके विषयों को जानने में मदद करती है।

'कुछ नहीं जान पाती' का तात्पर्य है कि पाशस्वभाव अपना स्वभाव और पति का स्वभाव इनमें से वह किसी को भी नहीं जानती। मुक्तिदशा में भी आत्मा ईशकृपा से ही आनन्द आदि का अनुभव करती है। इसी को कहते हैं कि—स्वयं नही जान पाती।

इस प्रकार आँख आदि जड़करण एवं अल्पज्ञ आत्मा दोनों अपने आप कुछ भी नहीं समझ पाते हैं। अतः यह मानना ही पड़ेगा कि जीव में जीव होकर समझने वाला कोई और है, वह किसी ज्ञान को प्राप्त करने की स्थिति में नहीं है। उसका धर्म है जीवों को समझाना। इस अर्थ को स्पष्ट करता हैं—'कौन समझाने वाला' वाक्य।

4. Like the fish in the milky ocean, the souls, instead of partaking of that heavenly joy (which surrounds it), wallow in the misery of Maya.

आत्मा का कृपा विषयक अज्ञान

क्षीरसागर में रहने वाली मछलियाँ उसका दूध पीकर अपनी भूख नहीं मिटातीं बल्कि वह कीड़ा आदि खाकर ही अपनी भूख मिटाती हैं। इस प्रकार जीव भी शिव कृपा की परिधि के भीतर रहने पर भी उस कृपा का भोग न करते हुए इन्द्रिय विषयों को ही श्रेष्ठ मानकर उनका भोग करता रहता है।

अपनी आधारभूत कृपा को आत्मा नहीं जानती है। अपने आधार को भी न जानने वाली निकृष्ट ज्ञानवान् यह आत्मा है।

बनारस का लंगड़ा आम, इलाहाबादी अमरुद, तथा नागपुरी संतरा इस प्रकार की वस्तुओं को उनके आधारभूत स्थानों के नाम के साथ बताते हैं। इन वस्तुओं के आधार को भी स्मरण करने के लिए इस प्रकार कहा जाता है। लेकिन इस न्याय का हमारे 'आत्म विषय' में अनुसरण नहीं किया जाता है।

झूला साँकल के बल लटकता है, साँकल छत के बल लटकती है, छत दीवार पर खड़ी है, दीवार भूमि पर स्थित है। अतः झूला का वास्तविक आधार भूमि ही है। तो भी साँकल ही झूला का आधार प्रतीत होता है। इसी प्रकार जीव भी अपने अनाधार शरीर आदि को आधार मानकर दुख भोगता है।

क्षीरसागर में रहने वाली मछलियों का आधार क्षीरसागर ही है। किन्तु उसमें रहने वाली मछलियाँ इसे न सोचकर इधर-उधर भटक कर कीट आदि खाकर उन्हीं कीड़ों को अपना आधार मानती फिरती हैं। यदि वे इस बात को जान लेंगी कि वे क्षीर को ही पीकर जीवित रह सकती हैं तो उसे पीने लगेंगी। इसी प्रकार जीव भी भगवत्कृपा को अपना आधार समझ ले तो वह सुखी जीवन बिता सकता है। जीव इस तथ्य को जानकर नहीं चलता। जीव में स्थित मल उसके ज्ञान को अभिभूत कर देता है। इस मल के कारण ही जीव 'ऋणं कृत्वा घृतं पिवेत्' वाले मार्ग का अनुसरण करता है। भगवत्कृपा का पात्र बनने के लिए शिव

कृपा के परिधि के भीतर अपनी स्थिति को जानना आवश्यक है। यह सब शिवकृपा से ही सम्भव है। माया में मग्न होकर रहने के कारण जीव इस प्रकार समझ नहीं पाता। इसे कहते हैं—शिव कृपा……… आदि वाक्यों से।

5. Like the person who walks his way without knowing that his protector is following him, and like the five senses which do not understand the soul, the soul does not know its Lord.

आत्मा का अज्ञान

इन्द्रियों के द्वारा विषयोन्मुख होने वाले पुरुष में स्थित पाँच इन्द्रियाँ भी अपने में प्रविष्ट होकर क्रियाशील बनाने वाली आत्मा को नहीं जान पातीं। इस प्रकार से आत्मा भी शिव-कृपा से क्रियाशील होने पर भी उस कृपा को नहीं जान पाती।

आत्मा का परिमित ज्ञान शिव की कृपा को नहीं जान पाता।

इन्द्रियाँ वस्तुतः बाह्य वस्तुओं को अंतःकरण दिखाने वाले मार्ग हैं। अन्तःकरण आत्मा को दिखाने वाला मार्ग है। आत्मा की प्रेरणा के बिना अन्तःकरण इन्द्रियों से युक्त होकर विषयों को नहीं जान सकता। इंद्रिय और अन्तःकरण जड़ हैं। इसलिए वे स्वयं किसी वस्तु को नहीं जानेंगे। अपने को प्रेरित करने वाली आत्मा को भी वे नहीं जान पाते। इसे इन्द्रियों के द्वारा आदि वाक्य से स्पष्ट करते हैं। इसी प्रकार आत्मा भी अपने अन्दर स्थित होकर मार्गप्रदर्शन करने वाली शिवकृपा को नहीं जानती है। आत्मा अपने स्वल्प ज्ञान से उत्कृष्टता-पूर्ण ज्ञान को नहीं जान पाती। अन्दर रहकर समझाने वाली सूक्ष्म कृपा को स्थूल आत्मा जानने में असमर्थ रहती है। यद्यपि आत्मा चित् है तो भी शिव की अपेक्षा इस जीव का ज्ञान स्थूल है। इसलिए कहा आत्मा कृपा को नहीं जान पाती।

6. Like the persons who walk upon the earth without knowing that the earth it is that supports them, the souls do not understand that it is the Lord that sustains and supports them.

कृपा-आधार

भूमि पर चलने वाले जीव भूमि को आधार बनाके ही चलते हैं तो भी भूमि का आधारत्व भूलकर 'मैं चला' ऐसा कहते हैं। इस तरह जीव इस बात को नहीं जानता कि वह शिवकृपा से ही सब करता है।

जीव का ज्ञान इतना कम है कि वह अपने आधार को भी नहीं जान पाता।

'मैं चला' इस प्रकार जब हम कहते हैं तब इस भाव से कहते हैं कि चलने की क्रिया हम ने आकाश में निराधार ही की। उस समय हम भूमि के आधारत्व को बिल्कुल ही भूल जाते हैं। यह विस्मरण जीव में स्थित एक दोष है। अगर आधारभूत भूमि न रही होती तो यह चलने की क्रिया भी असम्भव थी। आधार का स्मरण न करना एक कृतघ्नतारूपी पातक है। इस तात्पर्य को 'भूमि पर' आदि दो वाक्यों से स्पष्ट करते हैं।

इस प्रकार आत्मा इसे भूल जाती है कि वह सभी विषयों को शिव कृपा से ही प्राप्त करती है और भोगती है। जीव में स्थित अनेक दोषों में यह विस्मरण भी एक है। इस विषय को बताता है 'इस तरह' आदि तीसरा वाक्य।

7. Those who do not know themselves, go and search for the Allwise elsewhere, just as the person who, being on the top of the hill, searches for the hill, who, walking on earth, tries

to discover it, and to discover the Akas, while he himself is in it.

कृपा खोजने की वस्तु नहीं

महान पर्वत को खो देने वाले, आधारभूत जमीन को खो देने वाले, विस्तृत आकाश को खो देने वाले, सबसे श्रेष्ठ ज्ञान को खो देने वाले ये सभी अपने को खो देने वाले हैं और किसी को नहीं।

कृपा सर्वत्र सर्वदा व्याप्त है। इसलिए उससे वंचित रहना या उसे खो देना असम्भव है।

पर्वत दूरस्थ लोगों का भी दर्शनगोचर होता है। अपने स्थान में ही सर्वदा रहने वाला है। यह अपने ऊपर चढ़ने वालों को उन्नत करने वाला है। इन गुणों से पर्वत की उपमा गुरू से देते हैं। इस प्रकार पर्वत के ऊपर खड़े होते हुये यदि कोई कहे कि मैंने पर्वत को खो दिया तो वह उसके अज्ञान का ही सूचक है। अन्धा ही ऐसा कह सकता है। पर्वत अपने आश्रितों को जल, फल, आदि देकर रक्षा करने वाला है। पर्वत पर रहने वाला अन्धा भी उसे कैसे खो सकता है? इसी प्रकार शिवकृपा से श्वास तक लेने वाले हम उस कृपा को कैसे खो सकते हैं? अपने अधीन वस्तु को हम भले ही खो दें लेकिन हम जिसके अधीन हैं उसे कैसे खो सकते हैं।

सभी जीव भूमि पर ही रहते हैं। सबको भूमि धारण करती है। अपने को खोदने वाले की भी आधार भूमि ही रहती है। सबसे बड़ी भूमि ही है। भूमि पर रहकर ही जीव सद्गति प्राप्त कर सकता है। सबको वही आहार देती है। ऐसी भूमि के ऊपर रहते हुए, भूमि को मैं नहीं देखता हूँ, मैंने उसे खो दिया कहना कैसे संगत माना जाएगा। इस भूमि की तरह कृपा भी हमारा आधार होकर धारण करती है, ज्ञान

को विकसित करती है। इस स्थिति में मैं कृपा को नहीं जानता हूँ कहना केवल कहने वालों की मूर्खता को प्रकट करता है।

हमारे सभी ओर आकाश है। सब वस्तुओं को वह अपने में समेट लेता है। अन्य वस्तुओं के भीतर भी प्रविष्ट रहता है। यह कभी अशुद्ध नहीं होता है, अरूपी है, हमारी प्राणाधार वायु को अपने में रखता है, परिमाण रहित है। इस प्रकार के आकाश में रहते हुए भी यदि कोई कहे कि मैंने आकाश को खो दिया तो उसके ज्ञान के बारे में क्या कहा जाय। इसी प्रकार कृपा अपने अन्तर्गत सभी को व्याप्त करके रहने वाली है। जीव के लिए सभी दशाओं में आधारभूत उसको जीवन प्रदान करने वाली मात्र कृपा ही है। उसे कभी भूलना नहीं चाहिए।

ज्ञान ही आत्मा का स्वरूप है। अपने विशेष धर्म को छोड़ना किसी के लिए वांछनीय नहीं है, और न शक्य ही है। जल शीतलता को तथा अग्नि उष्णता को नहीं छोड़ सकती। ज्ञान के नाश का अर्थ है आत्मा का नाश। आगन्तुक धर्म दूर हो सकते हैं। आगंतुक धर्म से युक्त वस्तु उस धर्म के छूटने पर अपनी पूर्व स्थिति में रहेगी। गरम पानी गर्मी दूर होने पर अपनी पूर्व स्थिति शीतलता को प्राप्त कर ही लेता है। इससे यह स्पष्ट है कि किसी के लिए यह अशक्य ही है कि वह अपने स्वाभाविक विशेष धर्म (ज्ञान) को खो दे। इसी से कहा गया कि ज्ञान ही सर्वश्रेष्ठ वस्तु है। अपने शरीर को खो देना अशक्य है, असंभव है। इन सबसे स्पष्ट होता है कि कृपा को न जानने वाले भी कृपा से दूर नहीं हो सकते।

8. The deceitful are like those who feel thirsty while being in water up to their neck, and who do not see even after day-break.

आत्मा का अज्ञान ही कृपा को खो देना है

आकंठ जल में खड़े होकर भी प्यास से जीभ सुखा देना अज्ञान कार्य है। प्रभात होने पर भी सर्वत्र अंधकार देखना

आँध्यकृत्य है। आत्मा के अज्ञानवश कृपा को न जानना इसी प्रकार का है।

आत्मा में जानने की इच्छा और प्रयत्न होता तो वह कृपा को जान लेती और उसे प्राप्त भी कर लेती।

जो आकंठ शुद्ध जल के तड़ाग या नदी में खड़ा रहता है उसे अपनी प्यास बुझाने के लिए अन्य नदी या तालाब में जाने की आवश्यकता नहीं है। कंठ तक स्थित जल में पीने के लिये कोई प्रयास नहीं करना पड़ेगा। यदि इतने पर भी कोई प्रयत्न पूर्वक पीने के लिए जल खोजता रहे तो यह उसके अज्ञान का सूचक माना जाएगा। इस प्रकार का खोजना ज्ञान की चोरी हो जाने पर ही होता है। इस उपमा से यह स्पष्ट है कि मनुष्य में जल प्यास की तरह कृपा प्यास भी स्वाभाविक है। वह प्यास कृपा पान से ही बुझेगी। वह कृपा सर्वत्र पूर्ण है।

सूर्योदय के समय रात और अँधेरा दूर हो जाता है। वह प्रभात कहा जाता है। तब पूर्व दिशा में ही नहीं वरन् सभी दिशाओं में प्रकाश फैल जाता है। तब भी कोई आँख मूँदकर सोता रहे तो यह उसका ही दोष माना जायगा सूर्य का नहीं। जब कृपा प्यास लगे तो हमें तुरन्त उस कृपा को जानने और उसमें डूबने का प्रयास करना चाहिए। यह मनुष्य जन्म जो हमने पाया है प्रभात समय है। यदि इससे हम लाभ नहीं उठाते तो वह मोह कार्य (अहंकार) समझा जाएगा।

9. Rest the soul on the Blissful Love, after subduing your active passions. As the cat while on the milk pot, flies at a rat, (thy passions hanker after small pleasures).

अज्ञान दूर करने का मार्ग

कृपा के विषय में सुनते समय विषयांतर को छोड़कर आनंद पाने का मार्ग सुनिए—वैसा न करके इन्द्रियवश होकर अन्य

विषयों पर दृष्टि फिराने से सुना हुआ विषय भी प्रतिष्ठित नहीं होगा। जन्म-मरण का क्लेश भी दूर नहीं होगा। यह वैसा ही है जैसे छींके पर रखे हुए क्षीरकलश पर स्थित बिल्ली उस कलश के दूध को न पीकर दीवार पर रेंगते हुए गुबरैले को खाकर संतुष्ट होने का प्रयास करे।

जीव कृपापरिधि में रहते हुए भी उस कृपा पर ध्यान न देकर इन्द्रियविषय भोगों पर प्रवृत्त हो तो शिव कृपा का पात्र नहीं बनेगा।

जैसे जेल में रहने वाला जेल से छुटकारा चाहता है वैसे ही इस जन्म बंध में पड़े हुये हम मुक्ति चाहते हैं। जेल में रहने वाले को अपने में विद्यमान दुर्गुणों को छोड़ना चाहिये। छोड़ने से वह जेल से छुटकारा भी पा सकता है और फिर जेल में जाना भी न होगा। इस प्रकार हमें भी इस शरीर बंधन में पड़ने के कारण जानकर उन कारणों को दूर करने वाले मार्ग को भी जानना चाहिए। रागयुक्त मन की सहायता लेकर पाश अटवो में फिरना अनेक विपत्तियों का उत्पन्न करना है। मन को वश में करके कृपासौध में रहना सुख देगा। मन पारद की तरह फैलने वाला है। उसकी प्रवृत्ति बहिर्मुखी होती है। वह बाह्य विषयों को ही अधिक चाहता है। इससे चंचलता ही प्राप्त होती है। इसे ही चित्तविकार कहते हैं। इसलिए मन को अंतर्मुखी करना चाहिए। तभी वह स्थिरता प्राप्त करेगा। इस स्थिति में असङ्गता होती है। इस असक्त स्थिर दशा में कृपा का ज्ञान होता है। इस दशा को प्राप्त कराने वाले साधन स्वयं मधुरता ला देंगे। यदि इन साधनों को एक कान से सुनकर दूसरे से निकाल दें तो कोई मधुरता नहीं प्राप्त हो सकेगी। उसे मन में स्थित होकर अनुभूति में आना चाहिए। तभी कृपा अमृत फल का आस्वादन किया जा सकता है।

ऐसा न करते हुए यदि इन्द्रियों के पीछे मन दौड़े तो वह उस बिल्ली की तरह है जो दूध के कलश पर ही बैठकर उससे भूख मिटाने की

जगह उसके पास रेंगते हुए गुबरैले को पकड़ने का प्रयास करती हुई दूध को भी उड़ेंले और स्वयं भी मुँह के बल नीचे गिरे।

इससे यह स्पष्ट है कि लौकिक विषयों पर संग करना जीव का दोष है। इससे शिव का अनुभव नहीं होगा।

10. It is too much to expect Moksha for the empty soul, which though in contact with Arul, till this day, has not become familiar with it.

कृपा के अविषयभूत जीवों की निकृष्टता

अनादिकाल से आत्मा शिवकृपापरिधि के भीतर ही रहती है तो भी उस कृपा से थोड़ा भी सम्बद्ध नहीं होती है। इस प्रकार की व्यर्थ आत्माओं को यह संसार ही पर्याप्त है, मोक्ष किस लिए ?

सुख और दुख में जब समबुद्धि होती है तभी ज्ञान प्राप्त होता है।

असंख्य सुख दुखों को हमने इस जन्म में प्राप्त किया है तो भी ज्ञानोदय नहीं होता। कारण क्या है ? शिव कृपा को हमने नहीं जाना, और उसे प्राप्त नहीं किया। यही कारण है। 'हमसे कुछ नहीं होगा, सब उनका कार्य है, यह भाव दृढ़ होता तो वह शिवकृपापरिधि के अंदर हमको पहुँचाता। इसी भाव को समबुद्धि कहा जाता है। "दुःखेष्वनुद्विग्नमनाः सुखेषु विगतस्पृहः। वीतरागभयक्रोधः स्थितधीर्मुनिरुच्यते ।।" यह स्थिति आने पर अहंकार परिपक्व होने लगेगा। इसे मल-परिपाक कहते हैं। अहंकार से आच्छन्न ज्ञान के विकसित होने पर कृपा

प्रकाशित होती है। यह चक्षुःप्रत्यक्ष विषय नहीं, ज्ञानप्रत्यक्ष विषय है। जीव इसे प्राप्त करने पर सफल जीव होता-है। अन्य जीव निष्फल जीव हैं। असंख्य सुख, दुःख भोगकर अत्यधिक वेदना पाकर भी दिव्य कृपा पात्र जो नहीं बनते हैं वे व्यर्थ जीव हैं, निष्फल जीव हैं। ये जीव बार-बार जन्म लेते हैं। इनके लिये यह भूमि, स्वर्ग और नरक ही पर्याप्त है। मुक्ति की आवश्यकता नहीं। इससे कहा मोक्ष किस लिए? इससे यह स्पष्ट है कि जन्म का उद्देश्य एवं प्रयोजन कृपा को जानना और प्राप्त करना है।

———

पाँचवां अधिकार

कृपा का रूप

अब तक यह कहा गया है कि जीव को कृपा का ज्ञान, उसकी प्राप्ति तथा उसमें लगे रहना आवश्यक है। कृपा ज्ञान ही है। वह पतिज्ञान है। उस ज्ञान को जीव किस प्रकार प्राप्त करके उसमें लगा रहेगा। यह विषय इस अधिकार में बताया जा रहा है। इसमें मुक्ति का साधन व्यक्त किया जा रहा है। यह पतिज्ञान गुरु द्वारा जीव को उपदिष्ट किया जाएगा। अतः कृपारूपी गुरु है। यहाँ गुरु से साधारण विद्या प्राप्त कराने वाले गुरु से मतलब नहीं है। शिव स्वयं गुरु बनकर जो कृपा प्राप्त कराते हैं उससे मतलब है।

THE NATURE OF THE DIVINE GURU

1. The same Lord who, never separate, was sustaining you, unseen, in your bandha condition, appears as the visible Guru.

कृपा ही गुरु है।

कहीं साथ न छोड़कर अज्ञान रूप बद्ध दशा में जिसने ज्ञान का ज्ञान कराया, जिसने रक्षा की, वही कृपा, कर चरण युक्त होकर गुरु के रूप में प्रत्यक्ष हुई।

कृपा गुरुरूप धारण करके समझाती है।

तत्वज्ञान प्रदान करने वाले गुरु साधारण अध्यापकों से विशिष्ट हैं। ये शिव ही माने जाते हैं। इन लोगों से योगमार्ग खुलता है। जीव

के पुण्य से शिव गुरु बनके ज्ञानोपदेश देता है। यही शिव जीव से किए हुए पुण्य के कारण उसमें अन्तर्यामी रहकर योगमार्ग को दिखाता है। बाद में जीव के लिए ज्ञानमार्ग का अनुग्रह करने के लिए गुरुरूप धारण करके दीक्षा और उपदेश करता है। इससे जीव इस मार्ग में चलकर शिवपाद प्राप्त करेगा। ज्ञानगुरु के रूप में दर्शन देने वाले हो हमारे अज्ञात अन्तर्यामी रहकर हमको योग आदि मार्ग में प्रवृत्त कराने वाले शिव हैं। ये तीव्र शक्तिनिपात के समय गुरु के रूप में दर्शन देते हैं। हमसे कभी पृथक न होने वाले आदि देव शिव हमसे एक होकर, पृथक होकर, साथ रहकर हमको प्रवृत्त करने वाले गुरु होकर ज्ञान प्रदान करते हैं। इस अधिकार का प्रधान उद्देश्य गुरु की आवश्यकता को समझाना है।

2. Will any persons other than intimate relations know the secret disease afflicting a person ?

आदि देव से अन्य कोई गुरु नहीं हो सकता

अंतरंग स्थल में लगे हुए रोग को उस रोगी के आप्त लोग ही जान सकते हैं। उसे अन्य लोग नहीं जान सकते। इस प्रकार आत्मा के ज्ञान से अहंकारमल रोग शिव के आचार्य रूप में आकर दूर करने से ही दूर होगा। अन्य लोगों से यह दूर नहीं हो सकता।

परमाचार्य ही अहंकारमल को दूर कर सकते हैं। एक मनुष्य अपने गुह्य स्थान में उत्पन्न रोग से अधिक पीड़ा पाता है। वह कौन सा रोग है, कैसे दूर होगा आदि विषयों को उसकी पत्नी जैसे अत्यन्त सन्निहित लोग ही जान पाएँगे। दवा आदि देकर दूर करने का प्रयत्न करेंगे। इस गुह्य स्थान के रोग को रोगी भी नहीं जान पाता। इसी प्रकार जीव से अविदित अहंकारमल रोग जीव को अनेक प्रकार का दुख देता रहता है। रोग के तीव्र होते-होते किसी भी प्रकार रोग को

दूर करने की तीव्र इच्छा रोगी को होती है। इसी प्रकार जीव को भी अहंकारमल रोग से मुक्त होने की दृढ़ इच्छा उत्पन्न होती है। उसके मन में यह भी आता है कि यह तीव्र दुख मेरे प्रयत्न से दूर नहीं होगा। अन्य मनुष्य भी इसमें असमर्थ ही हैं। एक ईश्वर ही उद्धार कर सकते हैं, ईश्वर ही मेरी शरण है। जब जीव इस परिपक्व दशा को प्राप्त करता है तो शिव उसके पाश, पशुज्ञान को दूर करके दीक्षारूपी चिकित्सा देकर, पतिज्ञान का उपदेश देकर मलरोग का परिहार करेगा। यह कार्य शिव ही कर सकते हैं अन्य कोई नहीं। क्योंकि वे भी तो इसी व्याधि से पीड़ित हैं। अन्धा अन्धे को कैसे मार्ग दर्शन करा सकता है।

3. How can the world know Him who, without being known, came down to breathe his Grace ?

साधारण लोग ज्ञानगुरु को नहीं जान पाएँगे।

अप्रकाशित रूप में कृपा प्रदान करने के लिए आए हुए ज्ञानाचार्य को इस भूमि में स्थित सामान्य लोग नहीं जान पाएँगे।

ज्ञानाचार्य को उनके कृपापात्र उनकी कृपा से ही जान सकते हैं।

नेत्र आदि इन्द्रियाँ उस शरीर में हैं जिसमें जीव भी है। किन्तु वे इन्द्रियाँ जीव को जान नहीं पातीं। इसी प्रकार शिव को और ज्ञानद आचार्य का जानना भी कठिन है। भगवान सृष्टि आदि कृत्यों को तिरोहित रहकर करते हैं। मलबंधन के कारण उसे हम नहीं जान पाते। यदि शिव कृपा करके मल दूर करेंगे तो हम जान पाएँगे। यदि ईश्वर तिरोहित न रहकर अपने पूर्ण ज्योति रूप में निकलेंगे तब भी हम उनके दर्शन में असमर्थ रहेंगे। क्योंकि हमारी आँखों में उस परम ज्योति

के दर्शन करने की दक्षता नहीं है। इसलिए ईश्वर अपनी प्रखर ज्योति को संहृत करके साधारण रूप को दिखाता है। इसी कारण वह अज्ञेय कहा जाता है। इस प्रकार साधारण रूप में दिखाना उनका कृपाकार्य है। इससे यह सिद्ध है कि उसकी कृपा के बिना उसका दर्शन असंभव है।

शिव मन में रहकर इस प्रकार अनुग्रह करता है। फिर गुरु के रूप में आविर्भूत होकर शिष्य को अपने ज्ञान, वीर्य, कृपा को अपने वचन द्वारा समझाता है। इस प्रकार यदि वह न करता तो देखने को असुलभ ही रह जाता।

4. The ignorant with dark thoughts cannot feel the Arul and see the Arul Guru

कृपा का रूप ही गुरु का रूप है।

अज्ञानपूर्ण मन को अपनी तरफ खींचने वाली इन्द्रियों के वश में जो आ गये हैं वे तपोरहित लोग अपने में विराजमान ज्ञानमय कृपा, एवं बाहर विराजमान गुरु इन दोनों को स्पष्ट नहीं जान पाएँगे।

जिनका ज्ञान पक्व नहीं हुआ वे अपने बाहर और भीतर रहकर अनुग्रह करने वाली कृपा को जान नहीं सकते।

हमारी पाँच इन्द्रियाँ भी हाथी की तरह बलिष्ठ हैं, और घोड़े की तरह वेगवान हैं, वानर की तरह चंचल हैं। इस कारण ये इन्द्रियाँ चित्त को शान्ति प्राप्त करने से रोककर अपनी ओर खींच लेती हैं, और उसे संसारोन्मुख करती हैं। मन के थोड़ा-सा विचलित होते ही इन्द्रियाँ उसे लौकिक सुख की ओर प्रवृत्त कराती हैं। 'इन्द्रियाणि प्रमाथीनि हरन्ति प्रसभं मनः।' इससे चित्त शान्तभाव को खो बैठता है। अशान्त मन से भगवत्कृपा जानी नहीं जाती। कृपा ईश्वरीय ज्ञान है।

वह अति सूक्ष्म हैं। उसे स्थूल अज्ञान कभी जान नहीं सकता। अंधकार प्रकाश को कैसे देख सकता है ?

यह शान्त चित्तता कैसे प्राप्त होगी ? आस्तिक्य मार्ग को अपनाकर शिव पुण्य परिपाक से दीक्षा पाकर तपोमार्ग से चलकर सुख दुख को समान मानकर ज्ञानगुरु की कृपा मिलने पर ही मल दूर होगा। यह ज्ञान कृपा से ही उत्पन्न होता है। यह हमसे उत्पन्न नहीं हो सकता। सच्चे तपोनिष्ठ जो नहीं होते हैं उन लोगों के लिए कृपापात्र बनना असंभव है।

अंतःकरण में होने वाली कृपा को जो नहीं जानते हैं वे गुरुरूप में उसे बाहर प्रकट होने पर जान जाते हैं। जिनके मन में कृपा भरी है वे ही बाहर स्थित वस्तुओं को कृपा के रूप में देख सकते हैं। उसके महत्व को जान सकते हैं।

इन सबसे यह स्पष्ट है कि हमको सबसे पहले शरीर की अनित्यता का ज्ञान होना चाहिए। फिर अहंकार को दूर करना चाहिए। तभी ज्ञान मिल सकता है। उस ज्ञान से कृपा और गुरु का स्वरूप हम जानेंगे।

5. The world cannot know that His human form, like a decoy, is assumed for snaring men.

कृपा के मनुष्य रूप लेने का कारण

जिस प्रकार शिकारी हिरन को पकड़ने के लिए अपना पालतू हिरन छोड़ देते हैं उसी प्रकार बढ़कर हमें पकड़ने के लिए गुरुरूप में आया हुआ दिव्य शरीर शिवकृपा ही है।

सकल होने वालों को रोककर रक्षा करने के लिए कृपा मनुष्य रूप धारण करके आती है।

मृग को मृग से ही पकड़ते हैं। ऐसा न करने पर दूसरी जाति के मृग को लेकर जाने में अथवा स्वयं मनुष्य के जाने पर वे मृग भयभीत होकर भाग जाएँगे। लक्ष्य सिद्ध न होगा। इसी प्रकार कृपा ही जब

हमारी रक्षा के लिए प्रवृत्त होती है तब यदि अपने पूर्ण प्रकाश से सामने आती तो हमें वश में न कर सकती। इसलिए हमारे जैसे मनुष्य रूप में ही आकर हमको अपनी शरण में लेती है।

आत्मवर्ग के तीन प्रकार के होने के कारण शिव भी कृपा करने मे तीन प्रकार के होते हैं। विज्ञानाकल जीवों को अन्तःस्थित होकर समझाते हैं। प्रलयाकाल जीवों को मृग और शूल सहित रूप दिखाकर समझाते हैं। सकल जीव जो हमारे जैसे शरीरधारी हैं उन्हें गुरु रूप में आकर समझाते हैं। इस प्रकार बाहर दिखाई पड़ने से यह नहीं समझना चाहिए कि आत्मा से शिव अलग हो गए। किसी पद्य को कंठपाठ करके लिखते समय वह अक्षर रूप मे बाहर दीख पड़ता है और स्मरण शक्ति के कारण वह पद्य भीतर भी है। कृपा के विषय में भी यही सत्य है। किन्तु बाहर दीख पडने वाले मानव रूप को देखते ही वह सोचता है कि यह गुरु भी हमारे सदृश ही है। क्योंकि ये तत्व को नहीं जानते। इस कारण कहते हैं—हिरन को······आदि। 'अवजानन्ति मां मूढ़ाः मानुषीं तनुमाश्रितम्।'

6. Cease thinking, 'Of what use is He to me?' Who can learn anything, as the Shastras themselves require the Divine Guru for their elucidation?

गुरु से ही तत्व जान सकते हैं

हमारे द्वारा कहे हुए उस तत्त्व को लोग जानें या न जानें। इससे कोई लाभ नहीं है। कोई भी स्वयं सबको जान नहीं सकता। अपने गुरु से जो प्राप्त होता है वह उसके लिए है। इसलिए गुरु के पास प्रार्थना करने से संदेह दूर होता है।

जीव गुरु की शरण में जाने से ज्ञान प्राप्त करेगा। गुरु के विषय में संदेह और विपरीत ज्ञान न करना चाहिए।

जीवों के अल्पज्ञानी होने के कारण ज्ञानगुरु से ही ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। ज्ञानगुरु के अलावा कोई भी सर्वज्ञ नहीं है। इसलिये अपने अज्ञान को समूल उच्छेद करने में समर्थ गुरु की शरण में जाकर यथोचित ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। उस ज्ञान गुरु को सब कुछ मानकर अनन्य शरण होकर प्रार्थना करनी चाहिए। गुरु का परिशीलन करना, किसी फल की कामना से शरण लेना ठीक नहीं है

7. The magician, who chants the mongoose mantra, not the mongoose its elf, will remove the effects of snake-bite. Accordingly, the look of the Divine Guru dispels spiritual darkness.

गुरु के अलावा जीवों के लिए और कुछ नहीं है

ज्ञानाचार्य की शरण में गए बिना पाश निवृत्त नहीं होगा।

नेवले को लाकर रगड़ने से विष दूर नहीं होगा बल्कि मंत्र को मन में अच्छी तरह भावना करके तन्मय हो जाने वाले मांत्रिक से ही विष दूर होगा। इसी प्रकार जो शिवभावना भावित स्वयं शिव स्वरूप होकर ज्ञानचक्षु से शिष्य को भी शिवस्वरूप देखता है उस ज्ञानगुरु की कृपादृष्टि से ही अंधकार दूर होगा। अंधकार को दूर करने के लिए दूसरा कोई मार्ग नहीं है।

गुरु से ही पाशबंध दूर होगा।

नेवला सर्प का शत्रु अवश्य है। लेकिन सर्प काटे हुए व्यक्ति के शरीर पर नेवले को रगड़ने से विष दूर नहीं होगा। ठीक इसी प्रकार आत्मा के अंदर कृपा के रहने मात्र से मल दूर नहीं होगा। एक के अधिक होने पर दूसरा कम होता हुआ दीख पड़ेगा, किन्तु बिल्कुल दूर नहीं होगा। शुद्ध मन से मन्त्र को मन में भावित करके जो मन्त्रमय हो जाता है, मन्त्र से अभिन्न हो जाता है वह यदि अपनी सशक्त दृष्टि से देखता है,

तो विष उतर जाता है। मन्त्र साधना करने वाला आश्रित वस्तु का रङ्ग पाकर उसी रङ्ग के हो जाने वाले स्फटिक की भांति मन्त्रस्वरूपी हो जाता है। तब उस मन्त्र में रहकर कार्य करने वाली शिवशक्ति उस विष को दूर कर देती है।

इसी प्रकार ज्ञान गुरु स्वयं शिवस्वरूपी होने के कारण शिष्य को भी शिवस्वरूपी बना देने के लिए अपनी ज्ञान दृष्टि से वीक्षण करता है। तब सूर्य के सामने ओस के सदृश शिष्य में स्थित मल, माया कर्म आदि दूर हो जाते हैं। नेवले के रहने पर भी नकुलमांत्रिक के दर्शन के बिना विष नहीं उतरता। ठीक उसी प्रकार कृपा के रहने पर भी कृपा रूपी आचार्य के दर्शन के बिना मल दूर नहीं होगा। मन्त्रस्वरूपी मांत्रिक के बिना अन्य नकुल आदि से विष दूर नहीं होगा। इसी तरह ज्ञान-देशिक से व्यतिरिक्त अन्य किसी से मल दूर नहीं होगा।

8. To the Vignanakalas and Pralayakalas, the Lord will show His Grace without assuming any form. To the Sakalas, who have got rid of their mala, He will show His Grace assuming a human form.

तीन प्रकार की आत्माओं पर कृपा करने की तीन विधाएँ

तीनों आत्मवर्गों में प्रथम विज्ञानाकल आत्माओं के ज्ञान में प्रकाश पैदा करके शिव अहंकारमल को दूर करेगा। प्रलयाकल आत्माओं में हिरन और शूल के साथ प्रत्यक्ष होकर अहंकार को दूर करके शिवज्ञान को प्रकाशित करेगा। सकल आत्माओं को तीन प्रकार के मल को भी दूर करके गुरु के रूप में प्रकट होकर शिवज्ञान प्रदान करेगा।

सकल जीवों को मनुष्य रूप में रहकर शिव कृपा करेंगे। जीववर्ग में उत्तम, मध्यम और अधम ये तीन भेद हैं। विज्ञानाकल जीव उत्तम हैं। इनमें अहंकारमल तिरोधान मात्र है। पक्व विज्ञानाकल जीवों को शिव ज्ञान का ज्ञान होकर समझाता है। इस विशिष्ट ज्ञान से ये सायुज्य पाएँगे। इनमें कर्म और माया न होने के कारण वह उस प्रकार का अनुग्रह करता है।

प्रलयाकल जीवों में अहंकार के साथ कर्म मल भी है। इसलिए ये मलद्वययुक्त हैं। इनमें भी पक्व और अपक्व दो हैं। इन दोनों में पक्व जीवों पर सशरीर वह प्रत्यक्ष होकर कृपा करता है।

सकल जीव अहंकार, कर्म माया मलत्रय से युक्त हैं। इनमें भी पक्व और अपक्व दो होते हैं। सुख दुख समबुद्धि, मलपरिपाक, शक्तिनिपात जिन्होंने प्राप्त किये हैं वे पक्व हैं। इन लोगों को पति आचार्य के रूप में उपस्थित होकर षड्विध शिक्षा से मलत्रय को भी दूर करेगा। गुरु को आधार बनाकर यह दीक्षा की जाती है। अतः इसे साधार दीक्षा कहते हैं।

9. Who will know the truth, if the Bliss conferring All-wise does not come down (as the Divine Guru) ?

कृपा का अनुभव गुरु के द्वारा ही होगा

सर्वज्ञ भगवान कृपा करके इस प्रकार गुरु का रूप धारण करके यदि न समझाएँगे तो सब तत्वों से परे शिवसायुज्य को कौन जान सकता है ?

सद्गुरु शिव की कृपा के बिना कोई भी सायुज्य नहीं पा सकता।

मोक्ष हमारा अवश्य प्राप्तव्य है। यह हमारा ज्ञानविषय नहीं है। मन और वाणी से अगोचर है। षट्त्रिंशत् तत्त्वों के परे है। उसे प्राप्त

करना हो वो उसी से प्राप्त कर सकते हैं। हमारा ज्ञान माया के अधीन है। मायातीत पतिज्ञान को पति ही दे सकता है। वह पति ब्रह्म ही कृपा से गुरु बनता है। उस गुरु की सेवा के बिना पतिज्ञान प्राप्त नहीं होगा। 'गुरुः साक्षात् परं ब्रह्म।' यह मोक्ष, मन्त्र अथवा अणिमा आदि सिद्धि केवल प्राप्त नहीं होगा। ज्ञानगुरु की कृपा से ही लब्ध होगा। भगवान ही ज्ञानगुरु है, इस विषय को सभी नहीं जानते। इसलिये कहते हैं, 'ज्ञान गुरु के बिना मोक्ष नहीं मिल सकता।' वह सबके लिये अज्ञेय है। उसकी कृपा से प्राप्य मोक्ष भी सब तत्वों से परे है।

10. Gnanam can arise without the Divine Guru, if the pure sun-stone (crystal) can emit fire without the sun.

ज्ञानगुरु का प्रत्यक्ष आगमन आवश्यक है

सूर्य के बिना सूर्यकांत शिला से अग्नि उत्पन्न होगी तो आत्मा भी ज्ञानगुरु के बिना ज्ञान प्राप्त करेगी।

ज्ञानगुरु के बिना हमको पतिज्ञान प्राप्त नहीं होगा।

सूर्यकांत शिला अग्नि को आविर्भूत करती है। लेकिन उस शिला को कहीं छाया में पकड़ें तो अग्नि उससे नहीं निकल सकती। उसी शिला को सूर्य की सन्निधि में पकड़ कर उसके नीचे कपास रखें तो वह जल जायेगी। इससे यह स्पष्ट है कि सूर्यकांत शिला की अग्नि निगरण शक्ति तभी प्रकट होती है जब वह सूर्य की सन्निधि में रहती है। अन्य शिलाएँ सूर्य सन्निधि में आने पर भी रूई को जलाने की शक्ति नहीं रखती हैं। इसी प्रकार कोई कितना भी ज्ञानी हो पाश को दूर कर ज्ञान प्राप्त करने के लिये उसे परमगुरु की सन्निधि आवश्यक है। अपने में स्थित मल को जलाने की शक्ति हममें नहीं है। वह ज्ञानदेशिक के यहाँ से हमारे अन्दर विकसित होता है। सूर्यकांत शिला में सूर्य के बिना अग्नि उद्भूत नही होगी। वैसे ही हमको परमज्ञान गुरु के बिना नहीं प्राप्त होगा।

छठां अधिकार

जानने का मार्ग

इस शीर्षक का अर्थ है सत्य वस्तु को जानने का मार्ग। धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष ये पुरुषार्थ हैं। पहले तीन इह और परलोक के हैं। एक मोक्ष ही सर्वोत्तम पुरुषार्थ है। इसकी प्राप्ति में सहायता करने वाले गुरु हैं। गुरु बनकर तत्त्वज्ञान देने वाली शिवकृपा है। इतना हमने पिछले अध्यायों से जान लिया है। अब हमें यह जानना है कि वे तत्त्व क्या-क्या हैं। इस अध्याय में वे तत्त्व बताये जा रहे हैं।

LIGHT ON THE PATH

1. When the unequal good and evil become balanced (Iruvinaioppu), the lord's Grace descends on him.

वह परिपक्व स्थिति जब ज्ञानगुरु आविर्भूत होते हैं।

जब पुण्य और पाप दोनों सम हो जाते हैं अर्थात् दोनों में समत्व बुद्धि उत्पन्न होती है तब भगवान शरीर धारण करते हैं, और शक्तिनिपात होता है।

तत्त्वज्ञान तभी प्राप्त होगा जब हममें शक्तिनिपात होगा।

उचित काल में बोया हुआ बीज ही फल देने में समर्थ होता है। तत्त्वज्ञान प्राप्ति के लिये भी योग्य समय या दशा होती है। जीव का परिपक्व होना उसकी योग्यता है। परिपक्व होने का तात्पर्य है समझाये जाने वाले विषय को यथावत् समझने की शक्ति को प्राप्त करना। पाप

की तरह पुण्य को भी समझने का तात्पर्य इस प्रकार का है। मोक्ष पाने में पाप बाधक है। वैसे ही पुण्य भी है। पुण्य से स्वर्ग आदि अस्थिर अल्प फल ही मिलेगा। इसलिये मोक्षार्थी के लिये पाप की तरह पुण्य भी अवांछनीय है। कर्म करने वालों को उनके फलों की आसक्ति के बिना कर्म करना चाहिये। 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।' बिना फल की इच्छा के कार्य करना चाहिये। यह इच्छा तभी दूर होगी जब शिव चरणों में हमारी आसक्ति दृढ़ होगी। इससे पुण्य पाप में समबुद्धि उत्पन्न होती है। कर्मफल सम्बन्ध जन्म-जन्म से अनुवृत्त आता है। इच्छा या आसक्ति के बिना कर्म करने से यह सम्बन्ध छूटता है। उपर्युक्त प्रकार पुण्य और पाप को समान मान कर उनसे आसक्त रहने या घृणा करने से मल परिपक्व होकर आत्मा शक्तिनिपात की योग्यता प्राप्त करती है। इस पक्व दशा में शिव रूपधारण करते हैं।

2. The one God, the many souls, the dark Anava, Karma, the Suddha and Asuddha Mayas, all these six are eternal.

नित्य वस्तु

एक कर्ता, अनेक आत्माएँ, अहंकार मल, कर्ममल, दो माया (शुद्ध माया और अशुद्ध माया) ये छः अनादि अर्थात नित्य वस्तुएँ हैं।

कर्ता से अशुद्ध माया तक की छः वस्तुएँ नित्य हैं।

वस्तु दो प्रकार की होती हैं। मूल वस्तु और उनके मिश्रण से उत्पन्न वस्तु। ज्ञानी लोगों ने वस्तुओं का परिशीलन करके मूल पदार्थ के बारे में निश्चय किया है। इस निश्चय के अनुसार ग्रंथकर्त्ता भी प्रतिपादन करते हैं कि छः वस्तुएँ नित्य हैं। 'प्रकृति पुरुषं चैव विद्धयनादी उभावपि।' ईश्वर अनेक नहीं हो सकता। शिव को आज्ञा से अधिकार

प्राप्त करके अन्य देवता लोग सृष्टि आदि का कार्य करते हैं। इसे न जानकर भ्रमवश कुछ लोगों ने केवल सृष्टि कार्य करने वाले ब्रह्मा को अथवा स्थिति कार्य करने वाले विष्णु को आदि देव मान लिया है। इसी बीच ईश्वर ही नहीं है कहने वाले नास्तिक भी पैदा हो गए। इन मतों के निरसन के लिए ग्रंथ के प्रारम्भ में ईश्वरसत्ता के बारे में विस्तारपूर्वक कहा गया। संहारकर्त्ता ही ईश्वर हो सकते हैं। इस सिद्धान्त की स्थापना करने से यह संप्रदाय 'सिद्धान्त' कहा गया। संहारकर्त्ता को शिव कहते हैं। इस सिद्धान्त को मानने वालों को शैव कहा गया। इन विषयों को 'एक कर्त्ता' शब्द स्पष्ट करता है।

जीव असंख्य हैं। अल्पज्ञ और अस्वतन्त्र हैं। इनके विषय में भी पहले ही विवेचन किया गया है। 'अनेक आत्माएँ' शब्द इसे बताता है।

जीव अनादिकाल से ही अहंकारमल से आच्छादित है। यह आच्छादन अहंकारमल से किया जाता है। इस प्रकार का आच्छादन करुणामय शिव भी नहीं करेंगे। अपने हित में तत्पर जीव भी नहीं करेगा। इसलिए अहंकारमल की सत्ता को भी मानना आवश्यक है।

अनादिकाल से जीव का कर्म सम्बन्ध है। यह कर्म आत्मा के अहंकारमल के आच्छादन के अनुसार सम्बद्ध है। अन्यथा सभी आत्माओं के शरीर आदि एक ही प्रकार के होंगे। कर्म न होता तो जन्म भी न होता। यह ईश्वर का स्व है। ईश्वर की आज्ञा से मलदूरीकरण के लिए कर्म जीव के पास पहुँचता है। माया के कार्य दो हैं शुद्ध और अशुद्ध। आत्मा के कर्मानुभव के लिए इकत्तीस करणों की आवश्यकता है। इनको क्रियाशील बनाने वाले पाँच तत्त्व हैं। इन तत्त्वों का शुद्ध अंश शुद्ध माया है। अन्य उपकरणों का आधार अशुद्ध माया है। अर्थात् माया भ्रमकर्त्ता एवं भ्रमकरण होकर दो तरह की होती है। यह माया भी ईश्वर का 'स्व' है। इन विषयों को दो 'माया' शब्द सूचित करते हैं।

3. To be saved, understand you have got tp face the soul performing Karma, the performed Karma, and their effects and the Lord who actuates Karma.

समझाने पर समझने वाली आत्मा

कर्म करने वाला, किए हुए पाप पुण्य, उनसे प्राप्त होने वाले सुख दुख, इन सुख दुखों का अनुभव कराने वाला ईश्वर इन सब को जानकर चलने वाला है जीव।

जानने का अधिकार रखने वाला चिद्रूप जीव।

अब यह जानना है कि उपर्युक्त छः पदार्थ किस किस प्रकार उपयुक्त होते हैं ? इन छः वस्तुओं में तम, कर्म और मायाद्वय जड़ हैं। ये कुछ नहीं जान सकते। एक अर्थात् ईश्वर तम का विरोधी है, तमोरहित है। इसलिए उसके लिए कर्म करना या माया की सहायता लेना आवश्यक नहीं है। सर्वज्ञ होने के कारण वह समझाने वाला है। समझने को कुछ नहीं है। शेष रहा जीव। इसे समझने के लिए बहुत कुछ है। इसमें तम है, उसे दूर करना है। अनुभव से ही वह दूर होगा। इस अनुभव के लिए कर्म और माया सहायक बनकर क्रियाशील होते हैं। इनको क्रियाशील बनाने की शक्ति जीव में नहीं है। इसे ईश्वर समझाता है। समझाए जाने वाले विषयों को समझने की क्षमता जीव में है। अनादिकाल से जीव इच्छा, द्वेष आदि से युक्त है। इनके अनुसार वह सत्कर्म या दुष्कर्म करता है। इन कर्मों से प्राप्त सुख दुख भोगता है। लेकिन इस अनुभव को अपने आप जानने में असमर्थ है। इसलिए यह जानना है कि ईश्वर इन अनुभवों को हमें सिखाता है। इस प्रकार समझाने पर समझकर अनुभव करके, घृणा प्राप्त करके ईश्वरकृपा का पात्र बनता है। इस प्रकार आत्मा ही उद्धार पाती है। अपने बारे में जो

विषय आत्मा के लिए ज्ञातव्य हैं वे इस पद्य में बताए गए हैं। इससे यह स्पष्ट है कि मुक्ति प्राप्त करने का अधिकारी जीव ही है।

4. As the soul vivifies the body, so it is that the embodied soul is vivified in union with the Supreme Intelligence.

आत्मा स्वयं जान नहीं सकती

जीव का ईश्वरकृपाज्ञान से युक्त होकर रहना, शरीर के जीव से युक्त होकर रहने की तरह है।

अपने में स्थित ईशकृपा से समझाने पर ही जीव समझने वाला है।

शरीर यद्यपि जड़ है, उसके अंदर जीव के रहते समय शरीर में वृद्धि ह्रास आदि होते रहते हैं। जीव के निकलने पर शरीर का यह स्वभाव भी समाप्त हो जाता है। इससे शरीर और जीव में विद्यमान परस्पर दृढ़ सम्बन्ध मालूम होता है। इसी तरह अल्पज्ञ होने के कारण स्वयं जानने की शक्ति जीव में नहीं है। उसके अन्दर रहकर परमात्म-कृपा उसे समझाती है। लेकिन जीव स्वयं इस कृपा को नहीं जानता। अहंकारमलकृत तिरोधान से यह अज्ञान होता है। स्थूल ज्ञान वाली आत्मा के अंदर रहकर सूक्ष्म परमात्मकृपा समझाती है और जीव को क्रियाशील बनाती है। कर्म के अनुसार शरीर को प्रदान कर उपकार करने वाली ईश कृपा ही जीव को समझाकर उपकार करती है। इस प्रकार भगवत्कृपा और जीव का अपृथक् सम्बन्ध समझाया गया। इससे यह स्पष्ट किया गया है कि जीव समझाने पर ही समझने वाला है। अपने आप समझने में असमर्थ है।

5. As the crystal reflects itself and several colours in the light of the sun, so the world is related to the Light of the Lord.

ईशकृपा ही क्रियाशील बनाती है

स्फटिक अपना प्रकाश, तथा अन्य रङ्ग का प्रकाशन आदित्य के प्रकाश से पाता है। इसी प्रकार ईशकृपाकार्य से जीव ज्ञान प्राप्त करता है और जीव से जड़तत्व प्रेरित होते हैं।

भगवत्कृपा आत्मा को समझाती है, जड़ को गतिशील बनाती है।

स्फटिक सफेद होता है तो भी सूर्य के सामने सातों वर्णों को अपने में दिखाता है। मध्याह्न में दिनकर जब आकाश के मध्य में रहता है तब वह अपने स्वाभाविक शुक्ल वर्ण दिखाता है अर्थात् स्फटिक के स्वाभाविक शुक्लवर्ण को एवं उसके कई रङ्ग दिखाने वाले स्वभाव को सूर्य का प्रकाश ही प्रकट करता है।

नेत्र तभी देख पाता है जब दीप का प्रकाश देखने वाले नेत्र तथा देखी जाने वाली वस्तु दोनों से युक्त होता है। यदि नेत्र अंधकार में रहे तो भी वस्तु पर जो प्रकाश पड़ता है उससे संयुक्त होकर वस्तु को देखता है। इसी तरह ईश्वर भी जीव पर अपने दर्शन के विषय में भी उपकार करता है, जीव को अन्य विषय भी दिखलाता है। तात्पर्य यह कि भगवत्कृपा जीव से एक अर्थात् युक्त रह कर, और जड़ वस्तुओं से पृथक रहकर समझाती है।

6. The intelligent soul can see through the eye only in union with the Supreme Light. Otherwise it cannot understand.

ज्ञान की आवश्यकता

यदि आंख को किसी वस्तु को देखना हो तो आंख और द्रष्टव्य वस्तु के बीच में दीपक का प्रकाश आवश्यक है। इसी तरह ज्ञाता और ज्ञेय के बीच (जीव और ज्ञातव्य वस्तु के बीच।

ज्ञान (कृपा) रहता है तो आत्मा ज्ञेय को जानती है। यदि कृपा (ज्ञान अथवा आचार्य) उपकार न करती तो आत्मा ज्ञेय को न जान पाती।

आत्मा केवल अपने ज्ञान से तत्त्व को नहीं जानती, भगवत्कृपा से ही जान पाती है।

ज्ञाता, ज्ञेय, ज्ञान इन तीनों में ज्ञान की सहायता न हो तो ज्ञाता से वस्तु न जानी जाएगी। आँख और वस्तु के बीच प्रकाश न रहे तो आँख कुछ भी नहीं देख सकती। अकेले रहकर जानने की शक्ति उसमें नहीं है। इससे यह न समझना चाहिये कि जीव में ज्ञान ही नहीं है। उसका ज्ञान बहुत संकुचित है। कृपासंबंध होने पर यह विकसित होता है। इससे यह स्पष्ट है कि बद्ध और मुक्त दोनों दशाओं में कृपा आत्मा के लिए आवश्यक है। यदि कृपा न होती तो आत्मा अहंकारमल आदि दोषों से युक्त होकर तत्त्वज्ञान नहीं प्राप्त कर पाती। तत्त्वज्ञान पाना हो तो जीव का ज्ञान कृपाज्ञान से एक होकर मिल जाना चाहिये। इस प्रकार मिलकर जीव तत्त्वज्ञान प्राप्त करेगा। इस तरह पतिज्ञान का सहारा आत्मा को न प्राप्त होता तो वह कभी ज्ञेय को जान नहीं पाती।

'सर्वकर्माण्यपि सदा कुर्वाणो मद्व्यपाश्रयः।
मत्प्रसादादवाप्नोति शाश्वतं पदमव्ययम्॥'

7. As the senses obey the lower passions so consider your acts as those of the Lord.

कृपाकार्य के अनुसार चलना

जिस प्रकार छोटे विषयों में प्रवृत्त होने वाली इन्द्रियों का कार्य जीवज्ञानकारित है वैसे ही आत्मकार्य को आत्मा अर्थात् परमात्मा का कार्य जानना चाहिये।

ईश्वरकार्य के अनुसार हमको चलना चाहिये।

अचेतन इन्द्रिय स्वयं विषयों को जानती नहीं। शरीर में विद्यमान अदृश्य आत्मा ही इन्द्रियों को प्रेरित करती है। इन्द्रियों के कार्य आत्मा के ज्ञान और इच्छा के कार्य हैं। इन्द्रियों की अपनी कोई इच्छा नहीं होती। यह यहाँ उपमान है। इसी प्रकार जीवात्मा की इच्छा और ज्ञान परमात्म इच्छा और ज्ञान के अनुसार होते हैं। परमात्मा प्रेरित करता है। जीव की प्रेरणा को इन्द्रियाँ जान नहीं पातीं। ठीक उसी प्रकार परमात्मा की प्रेरणा को जीव नहीं जान पाता। ईश्वर की सूक्ष्मता स्थूल जीव को गोचर नहीं होती। आत्मा के सद्गति पाने में आवश्यक अनुभूति मार्ग में कृपा ही उसे चलाती है। कर्मपाश के लिए यही एक रास्ता है। हमारी सभी कृतियाँ हमारे अन्दर और बाहर व्याप्त रहने वाले शिव की कृपा का फल हैं। यही पतिज्ञान है।

'मच्चित्तः सर्वदुर्गाणि मत्प्रसादात्तरिष्यसि।'

8. Don't try to fathom out the Supreme intelligence. Don't try to think out the one in your mind. Don't try to see it before you (as an object). Then perceive the Light which enlightens you.

अविचलित रहना

तुम यह विमर्श मत करो कि कृपाज्ञान क्या है? ज्ञान को तुमसे अलग मानकर अहंकार न करो। ज्ञान को ज्ञातव्य वस्तु की दृष्टि से मत देखो। अपने दर्शन में सहायता करने वाली उस कृपा का ध्यान करते रहो। उसके द्वारा देखो।

जीवज्ञान के अविचलित कृपावश होकर रहने पर अखंड ज्ञान अपने आप स्फुरित होगा। ईशकृपा अन्य वस्तुओं की तरह विद्या आदि से

छान-बीन करके देखने की वस्तु नहीं है। वह अनुभूति से प्राप्त की जाती है। यह कृपा बद्धदशा में पीछे तिरोहित रहकर हमारे ज्ञान और इच्छा के द्वारा हमको चलाती है। अपने को नहीं दिखाती है। हमारे बोध में कृपाबोध की भावना करने पर भी वह भावना से परे होती है। भावना करने पर भी वह झूठी ही भावना होगी, सत्य भावना नहीं होगी। क्योंकि झूठी भावना में शिवकृपा को अपने वश में करने की शक्ति नहीं है। हमको ईशकृपा के माध्यम से उनकी इच्छा और कृति के अनुसार अपनी इच्छा और क्रियाओं को बनाकर (जाने देकर) पीछे रहना उनकी कृपा अनुभूति का मार्ग है।

इस प्रकार यदि हम निष्क्रिय होकर मात्र भगवत्सेवापर रहते हैं तो सर्वशक्तिमान की कृपा हमको अपने वश में करके अपने स्वरूप का विश्लेषण अपने आप हमारे लिये करेगी। यह वैसा ही है जैसे दिनकर के प्रकाश से दिनकर को देखना।

इन सबसे यह स्पष्ट है कि कृपावश होकर रहना ही आत्मा के लिए शिवसायुज्य पाने का मार्ग है।

9. Feel the resulting Bliss as thy only sensation, and lose thyself in the only Light of Wisdom.

विकल्प रहित रहना

ज्ञानदर्शन से लभ्य आनन्द को ही महान समझकर, उस ज्ञान प्रकाश से अपने ज्ञान को दबाकर उसमें तुम मग्न रहो।

भगवत्कृपा में मग्न होकर रहना ही सुख देगा।

लौकिक सुख में मग्न होकर चलने वाला जीव ईशकृपावश होकर चलने से अपने आधारभूत कृपा आनन्द को प्राप्त करेगा। इस आनन्द से महान अन्य कोई आनन्द नहीं है। इसे जानकर उस कृपामार्ग को न

छोड़ कर उसी मार्ग में परभोग है ऐसा निश्चय करना चाहिये। इस स्थिति में शिव जीव के ज्ञान से समवेत होकर, शिवभोग के रूप में रहकर जीवों को उस भोग में मग्न कराकर अनुग्रह करेगा।

यह भोग इन्द्रियभोग की तरह न तो कम होता है और न ऊबने का पात्र है। यह प्रतिक्षण नव बनता रहेगा। भुवन भोगों से प्राप्त सुख दुख को छोड़कर जब जीव कृपा की शरण में आता है तब अरुणोदय की तरह नित्यभोग प्राप्त करता है। इस कृपा को यदि जीव छोड़ दे तो फिर भी वह प्रपञ्च सुख दुखानुभव का पात्र बन जाएगा। इसलिये अन्तरंग सहायक की कृपा में रहना चाहिये। उसी में मग्न हो जाना चाहिये। इस प्रकार मग्न होने से मल से पैदा होने वाला दुख दूर हो जायेगा। कृपा से प्राप्त ज्ञान और सुख स्थिर होंगे।

10. Perceive the light as It manifested Itself to you; and that so, the darkness may not cover you again. Remain as you were lost in the Light.

कृपा द्वारा ज्ञानमय होकर रहना

हमको ऐसा सोचना चाहिये कि कृपा ने हमें आत्मसात् कर लिया। ऐसा नहीं सोचना चाहिये कि ईशकृपा हमारे लिये बुद्धिगोचर नहीं है। अतः वह जिस प्रकार भी आत्मसात् करना चाहे हमें उसी प्रकार अपने को अर्पण कर देना चाहिये।

आत्मा के लिये कृपावश होकर रहना हितकारक है।

ईशकृपा से हम अलग नहीं रह सकते। उसकी कृति के अलावा हमारी अपनी कोई कृति नहीं है। यह कृपा का विश्लेषण है। इस स्थिति में आने के बाद इच्छा क्रियान्वित नहीं होगी। इससे आनन्द का विकास होगा। इस प्रकार कृपा आनन्द विकास में सहायक होती है।

इस कृपाविकास के सहारे से देखने पर उस कृपावान् के प्रति प्रेम भक्ति उत्पन्न होगी। यह प्रगाढ़ प्रेम उससे मिलाकर उसमें मग्न करा देगा। इसलिये इस कृपाविकास को च्युत नहीं होने देना चाहिये।

पहले केवल सकलदशाओं में जीव कृपा की सहायता नहीं जानते थे। उस अज्ञान को फिर स्मृतिपथ में न आने देना चाहिये। उसके लिये सदा शिवकृत उपकार का स्मरण करते रहना चाहिए। इस प्रकार स्मरण करते-करते प्रेम बढ़ता जायेगा।

सातवाँ अधिकार

आत्मा की अभिव्यक्ति

आत्मा की पाशबद्ध स्थिति अव्यक्त स्थिति है। पाश से मुक्त होकर शुद्ध होने पर आत्मा शिव से मिल जाने की योग्यता पाती है। शिवकृपा द्वारा पाश से मुक्त होना है। पिछले अध्याय में बताया गया कि गुरु के द्वारा ही यह शिवकृपा प्राप्त होती है। इस कृपा का पात्रभूत जीव शुद्ध या अकल्मष स्थिति पाता है। इस अध्याय में यह बता रहे हैं कि आत्मा की अभिव्यक्ति कैसे होगी ? मात्र समझने से फल नहीं मिलेगा। इससे इस अध्याय में बताये जाने वाले मार्ग से चलने पर आत्मशुद्धि हम पा सकते हैं।

ATMAPRAKASA

1. None need advise any one to seek the cool shade. This is the way the soul becomes one with That.

कृपा प्राप्त करने की योग्यता

अपनी छाया को अपने में समा जाने के लिये उससे कहना नहीं पड़ता। छाया स्वयं समा जायगी। छाया की तरह आत्मा को भी कृपा में समा जाने के लिये कहने की आवश्यकता नहीं है। पुण्य पाप समबुद्धि होने पर आत्मा स्वयं कृपा से मिल जायगी।

जीव पुण्य पाप समबुद्धि पाये तो तभी कृपा से युक्त होगा ।

जीव कर्म के अनुसार कई जन्म लेता है । उन जन्मों में कई कर्म करता है । कर्मफल भोगता है । स्वर्ग जाता है । नरक पहुँचता है । 'पुनरपि जननं पुनरपि मरणं पुनरपि जननीजठरे शयनम् ।' इस तरह फिरते फिरते जन्म के प्रति घृणा पैदा होती है । सच्चे ज्ञान के लिए वह तरसता है । शिवजी के चरणों के पाने में प्रयत्नशील होता है । इस स्थिति में पुण्य और पाप कर्म के प्रति समत्वबुद्धि पैदा होती है । इससे सुख दुख के प्रति घृणा दृढ़ होगी । इस ज्ञान को और दृढ़ बनाने में वह प्रयत्नशील होगा । तब सद्गुरु की खोज में प्रवृत्त होगा । अर्थात् कृपा पाने की इच्छा पल्लवित होगी ।

हमारे शरीर की छाया, सूर्य के मध्याह्न के समय चढ़ते-चढ़ते हमारे चरण के नीचे समा जाती है । सूर्य की गति के अनुसार छाया कम होते होते चरणों के नीचे आ जाती है । इसी प्रकार सुख दुख या पुण्य पाप समदृष्टि, साथ रहकर चलाने वाली ईश्वरकृपा के अनुसार स्वयं आत्मज्ञान से होती है ।

गर्मी में पैदल चलने वाले से यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि तुम छाया के नीचे बैठकर आराम करो । वह स्वयं छाया की खोजकर वहाँ चला जायगा । यह भाव भी इस उपमा से प्रकट होता है ।

2. The sweet milk will taste bitter during bilious affection. The tongue will recover its taste on recovering from the malady.

ईश्वर कृपा सर्वत्र एकरूप नहीं रहती

पित्ताधिक्य के समय मीठा दूध भी कड़ुआ लगता है । पित्त के दूर होने पर दूध के स्वाभाविक मीठेपन का अनुभव जीभ करती है ।

मलपरिपाक होने का समय ही कृपा के प्रकट होने का समय है।

इतना हमने देखा कि सुख दुख भावना का दूर होना अर्थात् ज्ञान-परिपक्वता मल परिपाक दशा कही जाती है। यही कृपानिपात या शक्तिनिपात के लिये उपयुक्त समय है। वही ईशकृपादर्शनदशा प्राप्ति है। यह कृपा क्यों सर्वत्र एक रूप मे प्रवृत्त नहीं होती? क्यों विषमता दिखाई पड़ती है? इस संदेह को इस पद्य से दूर करते हैं। दूध मधुर है। सर्वग्रहणयोग्य है। जीभ में पित्तता न हो तो यह दूध समाधुर्य पीने योग्य है। किन्तु पित्तदोषग्रस्त जीभ को वही मधुरक्षीर कड़ुआ लगता है। इससे यह स्पष्ट है कि दूध में कोई पक्षपात नहीं है। जीभ के स्वाद लेने के सामर्थ्य में भी दोष नहीं है। ईश्वरकृपा सबके प्रति एकरूपता से ही कार्य करती है। तो भी अपने में स्थित मलत्रय के कारण जीव कृपास्वभाव को पहचान नहीं पाता। इसके लिए पहले ज्ञान में पुण्य पाप समदृष्टि होनी चाहिए। मन को ईशकृपा को ही मनन करते हुए रहना चाहिए। इस मनन से कृपा की समता स्पष्ट होगी।

यहाँ यह संदेह हो सकता है कि परम कारुणिक ईश्वर इस पुण्य-पाप समबुद्धि पर ध्यान न देते हुए ही क्यों कृपा नहीं करता है? एक लखपति अपनी संतान को अपना पूरा धन बाँट देने का निश्चय करता ही है। तो भी संतान जब तक बड़ी नहीं होती तब तक वह धन नहीं बाँटता। उनके धन प्राप्ति की योग्यता पाने के बाद ही अपना ऐश्वर्य सौंपेगा। यह क्या पिता का दोष समझा जायगा? यह तो करुणाकार्य ही है। पक्वदशा पाया हुआ जीव ईशकृपा को ईश से ही प्राप्त करेगा। निकर्ष्ष यह है कि जीव में जब तक पुण्य पाप के प्रति घृणा नहीं होगी और उसमें स्थित मल जब तक अपने नाश हेतुओं से मिल नहीं जायेंगे तब तक ईशकृपा को वह जान नहीं पायेगा। इस अर्थ को स्पष्ट करती हैं 'मीठा दूध भी कड़ुआ लगता है' उपमा। ऊपर उक्त पक्वदशा को

प्राप्त करने पर कृपानिपात होता है। यह अर्थ 'चित्त के दूर,होने पर··· अनुभव करता है' वाक्य द्वारा स्पष्ट होता है।

3. Oh! for the day, when the Atma will lose the sin of fancying itself as the seer, while it sees only in its surrounding darkness with the aid of the light.

कृपा के पुरुषकार से कृपा को जानना

देखने वाले जीव का अहङ्कारमल दूर करके कृपा उसे अपना साक्षात्कार कराती है। इस स्थिति में जीव 'मैंने ही देखा' ऐसा सोचे तो यह पाप किस जन्म में छूटेगा।

जीव को सोचना चाहिये कि कृपा के पुरुषकार से ही मैंने कृपा को जाना। अहङ्कारवश 'मैं जाना' ऐसा सोचना पाप को बढ़ाएगा।

अँधेरे में टटोलने वाले पर कृपा करके कोई रोशनी देकर कृपा करता है। अँधेरे में स्थित पुरुष उस रोशनी के सहारे पदार्थों को देखता है। आँख अपने में स्थित दर्शनशक्ति से देखती है। तो भी यह शक्ति प्रकाश के अभाव में कार्यकारी नहीं है। प्रकाश की सहायता से वस्तुओं को देखने वाला यदि सोचेगा कि 'मैंने इन वस्तुओं को स्वयं देखा' तो वह सङ्गत नहीं है। 'प्रकाश की सहायता से मैंने देखा' सोचे तो ठीक है। और उस प्रकाश की सहायता से ही 'वह प्रकाश कहाँ से आता है ? इसे कौन देता है ?' इन प्रश्नों का भी उत्तर जान लें तो यह अहङ्कार छूट जायगा। इससे अहङ्कार दब जायगा और सद्गुण उद्भूत होंगे। इन अर्थों को स्पष्ट करता है 'जीव मैंने ही देखा······ छूटेगा' वाक्य।

इसी प्रकार जीव कृपा की सत्ता और उसको सहायता को जानकर भी मल के आघात से अहङ्कारयुक्त होकर उस कृपा को, एवं उस कृपा से दर्शित तत्त्व को 'मैंने ही देखा' ऐसा कभी सोच सकता है। इस

प्रकार सोचना महान् अपराध है। यह जीव की अज्ञानाविष्ट स्थिति दिखलाता है। इसलिए सब कृपा कार्य है सोचकर रहना उचित है। इस प्रकार न रहने पर 'पुनरपि जननं पुनरपि मरणं' स्थिति आ जाती है। फिर यह जन्म, और यह परिक्वता पाना सुलभ नहीं है। इसे पाने में बहुत समय लगेगा। इसे स्पष्ट करता है 'वह पाप किस जन्म में छूटेगा' वाक्यांश।

4. To the enlightened and the ignorant, the distinct light and darkness are one and the same thing.

कृपा सहायता की उपमा

पटल से आच्छादित नेत्र के लिए प्रकाश और अंधकार दोनों समान ही हैं। इस प्रकार कृपा और मल का भेद न जानने वालों के अनुभव में पाश और पति दोनों एक ही प्रकार भासमान होते हैं।

पुण्य पाप समबुद्धि जिन जीवों में नहीं है उनके लिए पति और पाश भेदज्ञान दुर्लभ है।

पटल से आच्छादित आंख देख नहीं पायेगी। सब अंधकार ही अंधकार देख पड़ेगा। रात हो या दिन, अंधकार ही देख पड़ेगा। यह आंख का दोष है, सूर्य का दोष नहीं। यह कहने पर भी कि सूर्य प्रकाशवान है, वे अंधे लोग नहीं मानेंगे। इनके लिए प्रकाश भी अंधकार ही है। इन लोगों की आंख का पटल जब उतार दिया जाता है तब आंख देखने में समर्थ होती है। तब प्रकाश और अंधकार का ज्ञान होता है। तब तक इस पर विश्वास करना भी कठिन होता है। इसे कहते हैं 'पटल से आच्छादित नेत्र के लिए प्रकाश और अंधकार दोनों समान ही हैं' वाक्य से।

इस प्रकार जब तक जीव मल माया कर्मों से बद्ध होकर टटोलता रहता है तब तक पति के कृपाप्रकाश को जान नहीं पाता। कारुणिक के कथन भी नहीं सुनता। वह पति ही इन जीवों को कई जन्म देकर, सुख-दुख भोग कराता है। तब ये जीव पक्व होते हैं। यह नेत्र-चिकित्सक के पलटदूरी करण जैसा है। मल के दूर होने तक ज्ञान में निखार नहीं आता। आध्यात्मिक ज्ञान न प्राप्त करने के कारण इस प्रकार का जीव अकेले पाश को ही सत्य मानकर रहता है। पति को भी पाश समझ लेता है। पति की प्रेरणा से अपने को समझाने के लिए पाश जो कार्य करता है उन कार्यों को नहीं जानता। अपनी शक्ति से ही ये पाश-कृत्य होते हैं ऐसा मान बैठता है। पशुज्ञान और पाशज्ञान स्वयं प्रकाश भी नहीं हैं; पर प्रकाशक भी नहीं हैं। अतः इनके द्वारा पति को जाना नहीं जा सकता। इसी से विशदता नहीं होती है। इन अर्थों को स्पष्ट करता है 'इस प्रकार कृपा' आदि वाक्य।

5. Except the really loving could approach Him now, who carries all the burdens of others?

शिव ही धारक हैं

सत्कृपा सम्बन्ध पाये हुए लोगों से भिन्न अन्य सामान्य लोग, शिव को शीघ्र प्राप्त नहीं करेंगे, जो अपने को प्रवृत्त करके उस प्रवृत्ति का फल देने का दायित्व भी उठाते हैं।

कृपा के संरक्षण में आये हुए लोगों को कर्म दुख का आघात नहीं होता।

मनुष्य के अनेक बन्धु हो सकते हैं। लेकिन उस पर कोई आफत आ पड़ने पर ये सब सहायक नहीं रहेंगे। जो मित्र को अपना प्राण मानता है वही एक अपने मित्र की सभी तकलीफें स्वयं उठाकर सहायता करेगा। इस प्रकार का मित्र पाना आसान नहीं है। बहुत प्रयत्न करके ढूँढ़ने पर ही वह मिलता है। इसी प्रकार शिव दुर्लभ हैं। उस

शिव को उसी की कृपा से पाकर जो सब को शिवकृपा रूप देखता रहता है, उसका सब प्रकार से धारक शिव उस व्यक्ति के ज्ञान इच्छा क्रिया को अपने में ही लीन कर लेता है। परिणामतः उस व्यक्ति को उनका फल प्राप्त नहीं होगा। टेक पर बोझा रख देने के बाद वह टेक ही उसे वहन करेगी। अपनी क्रिया आदि में अपनी कर्तृत्व बुद्धि के बिना, शिवकृपा के पूर्णत्व में अनन्य भाव से मिलकर रहने पर उस कृपा का मूल ज्ञेय, उस व्यक्ति का ज्ञान, पूर्णत्व आदि को अपना रूप बनाकर, उसके अनुभव को अपना अनुभव करके ज्ञेय रूप में दिखलाई पड़ेगा। कृपामार्ग में चलने वालों को ही यह प्राप्ति होगी। अन्य लोग पाश का सहारा लेकर पाशार्णव में ही टटोलते रहेंगे। सत्कृपा का तात्पर्य है शिव ही हमारे सब प्रकार के बन्धु हैं। 'त्वमेव माता च पिता त्वमेव त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वमेव।'

6. When a thief fraudulently walks away with a treasure-trove, say, was the other sleeping or awake ?

ज्ञान से ज्ञेय को जानना

किसी के निक्षेपद्रव्य के अपहरण करने के लिए क्या सोते रहे अथवा कहीं चले गये थे ? इस प्रकार तनु आदि के प्रदाता शिव के ही आकर माँगने पर देने से अस्वीकार कर छिपाने वाला जीव शिव नहीं हो सकता। वह गुलाम ही है।

ज्ञानशक्ति को वञ्चित करके ज्ञेय को प्राप्त करना दुर्लभ है।

अब हम सकल दशा में हैं। यह दशा हमारे कर्म के अनुसार मिली है। इस प्रकार मिलाने के लिए अपेक्षित ज्ञान और सामर्थ्य हममें नहीं हैं। हमारे शरीर, करण, भुवन, भोग्य वस्तु इन सबको ईश्वर ने अपनी आज्ञा से दिया है। इस कारण हमारे शरीर आदि पर ईश्वर का पूर्ण अधिकार है। उनके माँगने के पहले इन सब वस्तुओं को उनको दे देना

चाहिए। कम से कम उनके मांगने पर अवश्य दे देना चाहिए। शिव गुरु के रूप में आकर इन्हें मांगेगा। इसलिए हमारे लिए 'उधार प्राप्त' इन वस्तुओं से गुरु आदि की सेवा करना ही उत्तम कृत्य है। ऐसा न कर इन वस्तुओं को अपनी मानकर देने से इनकार करेंगे तो दत्त वस्तु का अपहार करने वाले पातकी माने जायँगे। वस्तु को जिसने दिया वह स्वामी है, जिसने लिया वह गुलाम ही है। कृपा के द्वारा जब इस तत्व को जान लिया तब तन धन प्राण को ईश्वरार्पण करना ही न्याय्य है।

निक्षेप वस्तु के स्वामी के मांगने पर, नहीं कहना विश्वासघात है। स्वामी के वापस ले जाते वक्त हम देखते रहते हैं। उसी स्थान पर रहते हैं। तो भी कुछ करने में असमर्थ रहते हैं। इस अंश को 'किसी के निक्षेपद्रव्य को' आदि वाक्य स्पष्ट करता है। जिस क्षण में हम कृपा की शरण में आते हैं उसी क्षण हमारे शरीर आदि को उस कृपा से समझाये जाने वाले ज्ञेय के अधीन कर देना चाहिए। 'मां मदीयं च सकलं वरद स्वीकुरु स्वयम्।'

7. As the crystal pillar throws no shade when it comes wholly under the rays of the sun, lose yourself in That, and your darkness will disappear.

कृपावश होना

सूर्य जब ठीक ऊपर आता है तब स्फटिकस्तंभ में अन्य वर्णों की संक्रान्ति नहीं होती है। वह स्तंभ आदित्यरूप अर्थात् प्रकाश-मय हो जाता है। इस प्रकार जीव में जब मलपरिपाक हो जाता है तब कृपाप्रकाश होने के कारण आत्मा पञ्चमल से युक्त नहीं होती। वह कृपा के वशीभूत हो जाती है।

आत्मा को कृपा के अधीन होकर उसका अनुसरण करना चाहिए।

स्फटिक स्तंभ सूर्य के नीचे न रहकर एक तरफ हटकर रहता तो अन्य वर्णों की संक्रान्ति उसमें होती। उसका स्वाभाविक वर्ण प्रकट न हो पाता। यदि वही स्तंभ मध्यान्ह में सूर्य के ठीक नीचे रहता तो अन्य वर्ण संक्रान्ति को दूर करके, अपने स्वाभाविक-आदित्य प्रकाश-वर्ण को प्रकट करते हुए रहता। इस प्रकार आत्मा भी कृपा से दूर होकर पाश के आश्रय में रहते समय अपने आकर्षक स्वभाव से पंचविध पाशयुक्त होकर तत्वज्ञान से वञ्चित रहेगी। लेकिन कृपा को जानकर, उसका आश्रय लेकर उसमें मग्न होकर रहती तो वह पाश से छुटकारा पा जाती। और अहङ्कार भी दब जाता। इस प्रकार सम्पूर्ण अहङ्कारमल दूर हो जाने पर केवल कृपा ही प्रकाशमान रहेगी। इससे यह स्पष्ट है कि यदि आत्मा कृपा वश हो तो अंधकारमल नहीं रहेगा; मलवश हो तो कृपापात्र नहीं बनेगी। वृद्धावस्था में पाश, और मुक्तावस्था में कृपा आत्मा के तारक हैं। यह अकेले नहीं रह सकती। जिस पर आश्रित होकर रहती है उसी के अधीन होकर रहना आत्मा का स्वभाव है। इसलिए यह स्पष्ट है कि कृपा के अधीन होकर, अहङ्कारमल को दूर करके रहना ही आत्मशुद्धि है।

8. As the holder of the lighted torch intent on finding a thing stands behind the light, so, to stand behind the Arul, is the true path of uniting thyself to the Arul.

कृपा के पुरुषकार से ज्ञेय को जानना

मशाल पकड़े हुए सुन्दर हाथ वाले अपने अभीष्ट वस्तुओं को उस मशाल के प्रकाश की सहायता से, उसके पीछे जाकर प्राप्त करते हैं। इसी प्रकार जीव भी कृपा की सहायता अर्थात् पुरुषकार द्वारा ज्ञेय को प्राप्त करेंगे।

कृपा की सहायता से ही आत्मा ज्ञेय ईश्वर को प्राप्त करेगी।

अंधकार में स्थित वस्तु को प्राप्त करके भोगने के इच्छुक पहले एक दीपक चाहते हैं। फिर उस दीपक को प्राप्त करते हैं। यह आत्मा को कृपा प्राप्त करना जैसा है। दीपक के बिना वस्तुज्ञान नहीं हो सकता। कृपा के बिना ज्ञेय ईश्वर की प्राप्ति नहीं हो सकती। जैसे-जैसे प्रकाश बढ़ता है वैसे-वैसे वस्तु और स्पष्ट दीख पड़ने लगती है। इसी प्रकार कृपा को भी बढ़ना है जिससे ज्ञेय का ज्ञान और स्पष्ट होगा। कृपा के बढ़ने के लिए अहंता का पूर्णतया निग्रहकर केवल शिव को ही सब कुछ समझने से ज्ञेय शिव की प्राप्ति होगी। मशाल हाथ में लेकर उसके पीछे चलने वालों को उस प्रकाश की व्यापकता प्राप्य वस्तु से मिला देती है। मशाल को दृढ़तापूर्वक पकड़ रखने तथा अन्य अङ्गों से अग्रसर रहने के कारण हाथ सुन्दर कहा गया।

इस प्रकार कृपा की ही सहायता लेकर, अभिमान को दूर कर, प्राप्त कृपा का दृढ़ आधार लेते हुए, उसके द्वारा निर्दिष्ट मार्ग पर चलने से आत्मा 'अहं' को न देखकर, 'सर्वं शिवमयं' की अनुभूति करते हुए उसे प्राप्त करेगी। स्थूल ज्ञान आत्मा और सूक्ष्म ज्ञान शिव दोनों का इस प्रकार मिला रहना, अर्थात् दोनों के अलग अस्तित्व का पता न लगना ज्ञेय ज्ञान की सहायता करता है। इसे ही 'संयक्ज्ञान' अथवा प्रमा कहते हैं। इस तरह अन्यथाज्ञान का परित्याग कर यथार्थज्ञान प्राप्त करना चाहिए।

9. If That is perceivable by you, by your five senses, where are you and where are the five senses, except in the presence of That ?

आत्मा ही ज्ञाता है

पञ्चेन्द्रियों के द्वारा आत्मा ही जानती है। इन्द्रियों में ज्ञान-कर्तृत्व नहीं होता। वे जानती नहीं। जानने के लिए इन्द्रियों की आवश्यकता क्या है ?

इन्द्रियाँ केवल विषयों को आत्मा तक पहुँचाने के मार्ग हैं। वे स्वयं जानने वाली नहीं। इस प्रकार कृपा आत्मा को ज्ञेय से सम्बद्ध मात्र कराती है। कृपा के लिए स्वयं ज्ञेय को जानने की आवश्यकता नहीं है।

त्वचा, जीभ, आँख, नाक, कान इन पांच इन्द्रियों के द्वारा ही जीव स्पर्श, स्वाद, रूप, गन्ध, शब्द आदि विषयों का ज्ञान प्राप्त करता है। ये इन्द्रियाँ जब नहीं थीं उस केवल दशा में आत्मा इस प्रकार ज्ञान प्राप्त करने में असमर्थ थी। अब वह विषयों को जानती है। इससे यह स्पष्ट है कि आत्मा ही जानती है; इन्द्रियाँ अपने तईं विषयों को जानती नहीं। आँख ही देखती है; उसके देखने में सहायक प्रकाश नहीं देखता। इन्द्रियाँ द्वार मात्र हैं। विषयों का भोग करने वाली आत्मा ही है। इन्द्रियाँ अपने द्वारा ज्ञात विषयों को अपनायें तो आत्मा पहले की केवल दशा में स्थित होकर अज्ञानाच्छादित रहेगी। यह ठीक नहीं है। नदी ही स्वयं पानी को पी लेगी तो पिपासु जनता क्या करेगी ? कृपा ही अपने पात्र-भूत लोगों को सुरक्षा के साथ चलाकर ज्ञेय वस्तु शिव से मिलाने में समर्थ है। इस बात को ठीक जान लेना है।

10. Could a man fancy that he had himself forced one who is able to confer a benefit Himself ? What is he before the Lord (Whose grace he attains) ?

करणों के द्वारा ज्ञेय को प्राप्त करना कठिन है

स्वयं उत्तम वस्तु को देने वाले कृपालु से उस वस्तु को प्राप्त करने वाले पुरुष को इस प्रकार कहना कि 'मैंने अपने सामर्थ्य से इसे प्राप्त किया' क्या ठीक है ? उस पुरुष में उस वस्तु को प्राप्त करने का सामर्थ्य कहाँ है।

कृपावश होकर रहने पर ही आत्मा को परमानन्द प्राप्त होगा।

अति दयालु एक दानी है। वह अपने सहजदयागुण के कारण, अपने दया पात्र भूत सब लोगों को आवश्यक वस्तुएँ अपने पास से देकर उपकार करता है। 'परोपकाराय सतां विभूतयः।' इस स्थिति में उपकृत लोग कहेंगे कि 'हमने अपने सामर्थ्य से पाया' तो यह मूर्खता होगी। अपनी सहज कृपा के वशीभूत होकर, उस पर आश्रित लोगों को उसी कृपा द्वारा सहायता करता है शिव। ऐसा न होकर आत्मबोध, अन्तःकरण, पंचेन्द्रिय अथवा अन्य शक्तियों से ज्ञेय शिव को प्राप्त करना कभी सम्भव नहीं है। समत्व बुद्धि, अत्यन्त प्रेम, शरण वरण आदि वास्तविक उपायों से कृपा को बढ़ाकर शिव से योग हो सकता है। अपने सामर्थ्य से कृपा को अथवा कृपा से अविनाभूत शिव को प्राप्त करने में हम समर्थ नहीं हैं।

———

आठवां अधिकार

मुक्तिस्वरूप

आत्मा को कृपापात्र बनाने के लिए अहंकार आदि मलों से रहित होना चाहिए आदि शुद्धि पिछले अध्यायों में बताई गई। आत्मशुद्धि के बाद आत्मलाभ प्राप्त करना चाहिए। यही फल कहा जाता है। कृपा को जानना आनन्दज्ञान का मूल है। आनन्द ज्ञान ही आत्मलाभ है। यही मुक्तिदशा है। कृपाज्ञान और आनन्दज्ञान प्रयत्न और फल सदृश हैं।

THE NATURE OF SUPREME BLISS

1. He who places his self behind the Light of Truth, arising out of darkness, attains Bliss. He who places his self before it endures pain.

मुक्ति प्राप्त करने की योग्यता

अंधकार को दूर करने में समर्थ प्रकाश के पीछे चलने वाले सही रास्ते पर चलकर, इष्ट वस्तु को प्राप्त करके सुखानुभव करते हैं। ऐसा न करके प्रकाश को पीछे छोड़कर आगे चलने वाले रास्ता भी नहीं जानेंगे अभीष्ट वस्तु भी नहीं पाएँगे। इसलिए प्रकाश के पीछे चलना चाहिए।

कृपा को आगे करके चलने पर जीव सुख पाएगा अन्यथा दुख।

अंधकार से उठने वाले जैसे प्रतीयमान सूर्य अपनी उपस्थिति से तम को दूर करता है। फिर निर्विकल्पक ज्ञान को उत्पन्न करता है। उसके

बाद सविकल्पक ज्ञान (वस्तुओं का पार्थक्य-स्पष्ट ज्ञान) को उत्पन्न करता है। सूर्य यदि हमारी आंख के सामने रहता है तो वस्तु का प्रत्यक्षानुभव होता है। यदि सूर्य अस्त हो जाता है, पीछे पड़ जाता है तो वस्तु अदृश्य हो जाती है। तम व्याप्त करता है। इससे यह स्पष्ट है कि सूर्य को आगे रखकर चलने वाले सविकल्पक ज्ञान पाकर वस्तु का अनुभव करेंगे। इस अर्थ को बताता है—'अंधकार······करेंगे' आदि वाक्य। ऐसा न करके सूर्य को पीछे छोड़कर उसके अस्त होने के बाद खोजने वाले वस्तु को प्राप्त नहीं करेंगे। इसे बताता है 'ऐसा न करके·········पाएँगे' वाक्य।

अंधकार में टटोलने वाला जीव तपोबल से कृपा प्राप्त करेगा। इसे पाने पर पाश पशु ज्ञान को अवकाश न देकर कृपा को ही आगे रखकर उसका ही अनुसरण करेगा। इस प्रकार कृपा ही (गुरु की कृपा) हमारा उद्धारक है ऐसा दृढ़ विश्वास रखना चाहिए। अतः कृपा की अनुगमन करने पर पाशतम दूर होगा, अनुभूति प्राप्त होगी, आनन्द मिलेगा। ऐसा न करके ज्ञानाभास से कृपा का तिरस्कार करते हुए चलने पर दुख-प्राप्ति होगी। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि कृपा का अवलंबन करके उसके द्वारा प्रदर्शित मार्ग पर एकांत निष्ठा से चलेंगे तो परमानन्द की प्राप्ति होगी।

2. How can to women attain pleasure? Pleasure is derived in the mutual love of man and woman.

आनन्दानुभव शिव से दिया जाता है

दो स्त्रियों के संयोग से सुख नहीं होगा। पुरुष और स्त्री के संयोग से ही सुख होगा।

जीव और कृपा के आधारभूत ज्ञेय की अभिव्यक्ति के बिना आनन्द की प्राप्ति नहीं होगी।

कृपा का आश्रित रहने से ही क्या आनन्द नहीं मिलेगा ? इस संदेह का उत्तर है कि ज्ञेय का आश्रय पाके रहना ही आनन्दप्रद है। यदि जीव कृपामात्राश्रित रहता है तो वह दो स्त्रियों के आपस में संयोग करने जैसा है। दो स्त्रियों के मिलन से सुख नहीं होगा। उसमें एक को पुरुष और एक को स्त्री होना चाहिए। तभी आनन्दानुभव होगा। लोक में प्रायः सबके गृहस्थ रहने के कारण यह दृष्टांत दिया गया है। इससे यह स्पष्ट है कि भगवत्चरणारविन्द के बिना परमानन्द नहीं प्राप्त होगा।

यहाँ तीन बातों को समझाना आवश्यक है—पाशनिवृत्ति, कृपाप्राप्ति, और आनन्दप्राप्ति। पाशनिवृत्ति कृपाप्राप्ति का साधन है। कृपाप्राप्ति इस प्रकार उपकार करती है कि कृपापात्र लोगों के मन में ऐसी भावना पैदा करती है कि शिव का ही सब कार्य है, अपना इसमें कुछ भी नहीं है। हम पृथक् नहीं रह सकते। इससे आत्मा का ज्ञान और कार्य क्रियाशील होते हैं। इच्छा क्रियाशील नहीं होती है। प्रेम की प्रगाढ़ता से शिव से मिलकर उनमें मग्न हो जाना आनन्दानुभव है। इस प्रकार तन्मय होते समय ज्ञान, इच्छा, क्रिया तीनों क्रियाशील होते हैं। कृपा की प्राप्ति केवल उपकार करती है। आनन्द की प्राप्ति ईश्वर पर अवलंबित होने से होती है। इच्छा की उच्छ्राय दशा को दिखाने के लिए कहा गया कि पुरुष और स्त्री के संयोग से सुख होगा। इससे यह स्पष्ट है कि सुख से उत्कृष्ट है परम सुख।

3 The Lord confers Ananda on those who reach Him. As He is Ananda-Maya, He does not enjoy Himself.

ज्ञेय आनन्दमय है

आनन्द प्राप्ति के इच्छुक लोगों को शिव आनन्द प्रदान करते हैं। उस शिव का आनंद ही स्वरूप है। इसलिए उसे किसी अन्य के द्वारा आनन्द प्राप्त नहीं करना है।

ईश आनन्द स्वरूप है इसलिए उसे स्वयं अपने को भोगना नहीं है।

जीव जब अहंकारमल पीड़ित था तब दुख का अनुभव करता था। जब उसने पक्वदशा प्राप्त की तो शक्ति का निपात हो गया। तब गुरु ने प्रकट होकर आत्म लाभ का मार्ग दिखाया। जीव कृपा का अवलंबन कर ज्ञेय शिव से मिला और उससे मिलकर परमानन्द का अनुभव करने लगा। यहाँ प्रश्न है कि जीव के आनन्दानुभव की तरह क्या ईश्वर को भी आनन्दानुभव है ?

ईश जीव की तरह अहंकारमल पीड़ित रहकर बाद में उससे मुक्त हुआ, ऐसी बात नहीं। वह सर्वदा आनन्दमय है। 'आनन्दो ब्रह्म' 'स एको ब्राह्मण आनन्दः' 'रसा वै सः' 'या वै भूमा तत् सुखम्'। 'सत् चित् आनन्द' आदि वचनों से शिव का निरतिशयानन्दभूयस्त्व सुस्पष्ट है। जो आनन्दमय ही है उसके लिये नई आनन्द प्राप्ति क्या हो सकती है। अपने आश्रित लोगों को आनन्द प्रदान करना ही ईश का स्वभाव है।

4. As the two words composing 'pacchira' appear as one, so consider your union with the supreme Bliss as one.

ज्ञेय में मग्न होना

अपकर्ष का वाचक 'पत्' शब्द और उत्कर्ष का वाचक 'शिर' शब्द दोनों संधि के कारण मिलते समय त् और श् अलग प्रतीत न होकर 'च्छ' बन जाते हैं। इसी प्रकार स्वबोध छूट जाने पर प्रतीयमान परमानन्द को एक ही समझना चाहिए।

आत्मा ज्ञेय में मग्न होने पर एक होकर रहेगा।

पत् शब्द पदवाचक है। शिर शब्द सिर का बोधक है। इन दोनों शब्दों के संधि के कारण मिलने पर 'त्' और 'श' 'च्छ' हो जाते हैं।

इसी प्रकार मल से मुक्ति पाकर कृपा द्वारा ज्ञेय शिव से संयुक्त जीव परभोग अनुभव करते समय ज्ञेय से युक्त होता है और अपने स्वरूप को खो देता है। इसे अद्वैत स्थिति कहते हैं।

5. If the Paramatma and Atma are one, then there is no union in Moksha. If they are two, no such distinction is perceived in Moksha. Therefore, they are neither one, nor two.

सम्मिलन से अनन्यता

यह कथन किसी भी प्रकार युक्तिसंगत नहीं माना जा सकता कि जीव और शिव एक ही हैं। जीव और शिव दो हैं ऐसा कहना भी श्रेयस्कर नहीं है। एक अथवा अद्वैत कहने से भी विवक्षित अर्थ का बोध नहीं होता।

इतना ही कहा जा सकता है कि ईश और आत्मा सम्बद्ध हैं।

जीव के बद्ध और मुक्त दोनों दशाओं में अनुग्रह करने वाले शिव हैं। ये अनुग्राहक शिव और अनुग्राह्य जीव दोनों एक ही हैं अथवा भिन्न हैं ? यह प्रश्न है। इसके सम्बन्ध में अनेक मत हैं। शैव सिद्धान्त में अद्वैत का अर्थ स्पष्ट बताया गया है। यह अर्थनिर्णय प्रायः सब वादियों का सम्मत है। इसलिए यह 'शैव' विशेषण के बिना सिद्धान्त कहा जाता है। मल संयुक्त आत्मा शुद्ध होकर शिव से मिलकर रहने के कारण इसे शुद्धाद्वैत कहते हैं। लेकिन कुछ लोग शिव और जीव को अभिन्न मानते है। सुवर्ण और उससे बनने वाले आभूषणों को ये दृष्टान्तस्वरूप प्रस्तुत करते हैं। सुवर्ण ही आभूषण होता है। इसी प्रकार ये मानते हैं कि ब्रह्म ही जीव बना। स्वर्ण के सभी धर्म आभूषण में हैं। लेकिन ब्रह्म के सभी गुण जीव में नहीं दीख पड़ते। इसलिए यह सिद्धान्त है कि दोनों शरीर और जीव की भाँति एक हैं। जीव की तरह शिव हैं और शरीर की तरह जीव।

कुछ अन्य लोगों का कहना है कि ईश और जीव भिन्न-भिन्न हैं। इस प्रसंग में वे तम और प्रकाश की उपमा देते हैं। यह भी ठीक नहीं है। प्रकाश के रहते तम नहीं रहेगा, और तम के रहते प्रकाश नहीं रहेगा। ये दोनों परस्पर विरोधी हैं, उपकारक नहीं हैं। इस उपमा के अनुसार ईश्वर के रहते जीव नहीं रहेगा और जीव के रहने पर ईश्वर नहीं रहेगा, ईश्वर जीव का विरोधी सिद्ध होगा। इसलिए सिद्धांती लोगों ने दूसरी उपमा दी। अकार स्वर और अन्य अक्षरों की तरह शिव और जीव का सम्बन्ध है। ये परस्पर उपकारक हैं।

भेदाभेदवादी कहते हैं कि शब्द और अर्थ की तरह जीव और ईश्वर का सम्बन्ध है। यह भी ठीक नहीं। यद्यपि इस उपमा से यह स्पष्ट होता है कि वस्तु दो हैं तो भी जीव और ब्रह्म के मिलकर रहने को यह सूचित नहीं करता, शब्द वाक् में है अर्थ कहीं दूसरे स्थल में है। देशभेद है। जीव और ब्रह्म देश से भिन्न नहीं है। इसलिए सिद्धान्ती लोग राग और ध्वनि की उपमा देते हैं। फल और स्वाद की भी उपमा दी जा सकती है। इन तीनों स्थितियों को प्रकट करते हुए लाख से मिली हुई धूल की भी उपमा देते हैं। ईश्वर और जीव यद्यपि वस्तुधर्म से दो हैं तथापि अविभाज्य रूप में आत्मा और आत्मज्ञान की तरह मिलकर रहते हैं। यही शैवों का सिद्धान्त है। दो विभिन्न वस्तुओं का धर्मैक्य से मिलकर अनन्य होकर रहना शुद्धाद्वैत है।

6. Those who attained to Moksha, and to the Samadhi can never be separated from the Supreme. Those who have lost their speech have attained to freedom from births.

परमानन्द प्राप्त लोगों का भाग्य

कुछ लोग कहते हैं कि हम उस वस्तु से संयुक्त हो गए। कुछ कहते हैं कि हमने अमुक वस्तु को प्राप्त किया। इन दोनों बातों

से निवृत्त होकर संगरहित रहने वाले, जन्म, मरण भय से निवृत्त होकर निष्ठा प्राप्त ज्ञाता हो जाएँगे।

जो अपना ज्ञान इच्छा तथा क्रिया को छोड़कर शिव के ज्ञान इच्छा क्रियावश हो जाते हैं वे ही जन्मबन्धन से मुक्त होंगे। यही संयङ् निष्ठा है।

किसी का पुत्र भयंकर रोगग्रस्त हुआ। वैद्यों ने बताया कि बचने की आशा नहीं है। इस स्थिति में रोगी के माता पिता ने सोचा कि हमने पुत्र को खो दिया। ईश्वर की कृपा से वह स्वस्थ हो गया। तब माता पिता सोचने लगे कि हमारा पुत्र पुनः पैदा हुआ है। ऐसा भी नहीं कहते कि हमारा पुराना पुत्र ही अब नये रूप में आया है। हमारी मुक्ति का विषय भी इसी प्रकार का है। हम हमेशा ईश की व्यापकता के अन्तर्गत ही हैं। उससे बाहर नहीं रह सकते। लेकिन इस अनुभूति को कि हम ईश की व्यापकता में हैं, अहंकार मल नहीं होने देता। मल आच्छादन के नष्ट होते ही उसी स्थिति में शुद्ध हो जाने के कारण यह अनुभूति आ जाती है। हमारा ज्ञान इच्छा और क्रिया परमानन्दानुभूति में ही मग्न हो जाता है। जीवन्मुक्त दशा में यह अनुभव होता है। ये लोग शरीरपात तक समाधि स्थिति में रहेंगे। इनको यह भी ज्ञान नहीं होता कि उनका शरीर च्युत हो रहा है। इस स्थिति में मिलन होता है।

चर्या, क्रिया और योग अर्थात् एकाग्रता पाये हुये लोग कहेंगे कि हमने ईश्वर को प्राप्त किया, ईश्वर हमें मिल गया। यह क्रममुक्ति पाने वालों का कहना है। ऐसा न होकर वचन और मन को विलीन करके अपने प्राण को ईश्वरीय व्यापकता में रखने वाले इहलोक में ही परमानन्द का अनुभव करेंगे। इन लोगों का पुनर्जन्म नहीं होता है।

गन्दा कपड़ा जब धोया जाता है तो कपड़े में सफेदी कहीं बाहर से नहीं आती। गन्दगी दूर होने पर सफेदी दिखाई पड़ने लगती है।

इसलिए ईश्वर को पृथक् वस्तु मानकर उसे प्राप्त किया ऐसा सोचना भी गलत है । उसने आकर हमें प्राप्त किया ऐसा समझना भी ठीक नहीं है। ये दोनों क्रममुक्ति पाने वाले ही हैं। परमुक्ति पाने वाले नहीं । सालोक्य आदि प्राप्त करके आगे बढ़ना क्रममुक्ति है । अपनी योग्यता के अनुसार ये सालोक्य आदि प्राप्त करते हैं ।

7. Till you become like a man possessed of the devil, do not perform any actions (of your own will).

अविचलित रहना

भूताविष्ट की स्थिति प्राप्त करने तक कुछ न करके चुप रहो । अर्थात शिवानुभूति उत्पन्न होने तक आत्मबोध को पूर्ण रूप से दबाकर उसमें लीन रहो ।

आत्मबोधशून्य स्थिति ही अविचलित समाधि स्थिति है ।

कोई भूताविष्ट हो जाय तो मानवरूप में रहते हुए भी उसकी बोली क्रिया आदि भूत के ही होंगे । आविष्ट मनुष्य अपने मनुष्यत्व को नहीं जानता । यह एक साधना है । इसी प्रकार कृपा परिधि में आने वाले लोगों को हाथी को कौर देने की तरह अपने आत्मबोध को पतिज्ञान का कौर बनाकर उसके निगलने में बाधा न डाल कर निश्चल रहना चाहिये । तब इनके सभी कर्म ईश्वर के हो जाते हैं । इसे जीवकरण का शिवकरण होना कहते हैं । इस स्थिति को प्राप्त करने तक साधना की आवश्यकता है । इसके बाद अकर्मण्यता की अपेक्षा है । अहंभाव रहने तक शिवज्ञान नहीं होगा ।

8. Those who have attained to the Glorious Truth, feel nothing but the resulting Bliss and not the means by which they attained to

the end, just as the sleeper drops (unconsciously) the thing held in his hand.

क्रिया शून्यता

ज्ञेय से संयुक्त ज्ञाताओं से ज्ञेय स्वयं युक्त होगा, और सोने वाले के हाथ में स्थित वस्तु के स्वयं अनजान में छूट कर गिरने की तरह क्रिया छूट जाएगी।

जीवन्मुक्त लोग भोग में लगे रहेंगे। वे और कुछ नहीं करेंगे। करने पर भी उनकी अनुभूति में वे क्रियाएँ विषय नहीं होंगी। इससे इनके लिए संसार नहीं रहता।

कृपापरिधि के भीतर आने वाले लोग अत्यन्त प्रेम करने से ज्ञान प्राप्त करते हैं। तब उन लोगों को अपने बारे में किसी प्रकार का ज्ञान नहीं रहेगा। लौकिक दृष्टि ही उनमें नहीं रहती, क्योंकि वे शिव से निगलित हैं। इस स्थिति में उनका ज्ञान शिव ज्ञान में, उनकी इच्छा शिव की इच्छा में, उनकी क्रिया शिव को क्रिया में युक्त हो जाती हैं। ये लोग अपने को पूर्ण रूप से शिव के अधीन किये हुये लोग हैं। ये इस लोक में हमारे बीच रहते हुये भी हमारी तरह सुख दुख की ज्ञान लहरों से न लहराते हुये शान्त रह कर शिवभोगानुभव करते हैं। ईश्वर से अपनी आत्मा को युक्त किये हुये इनके लिये शिवभोग के अलावा और कोई भोग नही है।

हाथ में किसी वस्तु को पकड़े हुये सोने वाला अपने हाथ से उस वस्तु को छूटते नहीं जानेगा। अपनी निद्रासुख का ही अनुभव करता रहेगा। ठीक इसी प्रकार शिवज्ञान प्राप्त किये हुये लोग जाग्रत् अवस्था में रहने पर भी तुरीयातीत रहेंगे।

9. Lo ! the Bliss which results when the relation of Gnata, Gneya and Gnana are com-

pletely lost and all become one ! who can describe it ?

आनन्दातिशय

ज्ञातृ, ज्ञान, ज्ञेय का भेद जहाँ प्रतीत ही नहीं होता उस स्थिति में ज्ञेय से मिलकर जो अमंदानंद का अनुभव होता है जो जीवज्ञान का विषय नहीं है, उस अनुभव का वर्णन वह कैसे करे। यह वाणी से नहीं हो सकता।

शिवानन्दानुभव वर्णन के परे है।

द्रष्टा दर्शन दृश्यभेद जब तक रहता है तब तक समझना चाहिये कि आत्मबोध या जीवज्ञान ही क्रियाशील होता है। निर्विकल्पक रहकर सबको शिवभासित समझने वाले लोगों को यह भेद नहीं प्रतीत होता। ये ही शिवभोग का भोग करने वाले हैं। दूध, शहद, शीरा आदि मीठे वस्तुओं को मिलाकर खाने वाले को इन वस्तुओं का अलग-अलग स्वाद जानना कठिन है। इस प्रकार शिववशीभूत लोगों को द्रष्टा अर्थात् अपने को, दर्शक के द्वारभूत प्रत्यक्ष ज्ञान को, तथा दृश्य वस्तु को पृथक्-पृथक् जानना कठिन है। इसलिये वह परभाग किस प्रकार का है प्रतिपादन करना इन लोगों के लिये असम्भव है। हम भी अपक्व रहने के कारण नहीं जान सकते हैं। इसलिए यह अनिर्वचनीय है। यदि कभी जीवन्मुक्त लोग आपस में बात करने प्रवृत्त होते हैं तो भी वह सम्भाषण शून्यसम्भाषण ही होगा। इसलिए वह भी हमारे लिए अज्ञेय ही है।

10. The supreme Happiness of Moksha one will attain even now, if he possesses (undying) love, as Love is its very form.

प्रेम ही आनन्द है

सब आनन्दों से उत्कृष्ट यदि कोई आनन्द है तो वह मोक्ष ही है। यह आनन्द गुरुलिंगसंगम भक्ति उद्रेक से प्रकट होता है।

नित्य प्रेम ही आनन्द है। वही शिव है।

सब प्रकार के जीवों को आनन्द पाने की इच्छा स्वाभाविक है। हम मानव भी कई प्रकार के आनन्दानुभव करना चाहते हैं। आनन्दानुभव किसी न किसी रूप में न रहता तो जीवन के प्रति घृणा उत्पन्न हो जाती। जीवन आनन्द प्राप्ति के लिए है। इस प्रपञ्च में आनन्द क्रमशः अधिक हो जाता है। शिव हमारे कर्मफलों को सुखयुक्त बनाकर हमारे मन को आनन्दोन्मुख कराके उत्साहित करता है। आनन्द की भी कोई चरम सीमा होनी चाहिये। तभी आत्मा को शान्ति मिलेगी। इस चरम आनन्द को परमानन्द या उत्तमानन्द कहते हैं। यही शिवानंद है। इससे उत्तम आनन्द और कोई नहीं है। इसी कारण ईश्वर को भी आनन्द कहते हैं।

किसी वस्तु को उसके समान मूल्य देकर खरीदते हैं। फिर उस वस्तु का उपयोग करके उस वस्तु से उत्पन्न सुख भोगते हैं। इस प्रकार के सभी सुख प्रायः इन्द्रियसुख होते हैं। ये जीवानुभव योग्य स्वल्प सुख है। इसके लिये भी प्रेम आवश्यक है। यह स्वल्प सुख शरीर के साथ नष्ट हो जाता है। दीर्घ प्रवास, दारिद्रय आदि इस अल्प सुख के विघातक हैं। इसलिये यह सुख उत्तम सुख नहीं है। अनित्यता ही इसका कारण है।

किसी विघातक रहित, स्थिर, असीम आनन्द का अनुभव करना हो तो असीम प्रेम ही उसके मूल्य के रूप में देने योग्य है। यह जीव के स्वाभाविक गुणों में एक है। इसे इच्छा भी कहते हैं।

प्रेम चार प्रकार का होता है। इनमें अन्तिम प्रेम तीव्रतर प्रेम है। लोकसंग बिल्कुल छोड़कर पूर्णरूप से ईश्वर का संग होना ही वह प्रेम है। इसे अशिथिल प्रेम कहते हैं। प्रेम करने वाला जीव, प्रेम, प्रेम-विषय शिव, ये तीनों यद्यपि इस स्थिति में रहने वाले प्रतीत होते हैं तो भी बिना भेद अद्वैत होकर रहते हैं। इसलिए प्रेम और शिव दो बताते हैं। यह वही कहते हैं जो बिल्कुल अज्ञ हैं। इच्छा ही उत्तमानन्द प्रतीत होती है ऐसा शास्त्रज्ञ लोग कहते हैं। तीव्रतर प्रेम करने वाले अपने को भी भूले रहते हैं। इनको पागल भी कह देते हैं। यही उत्तम प्रेम दशा है। इससे उत्तम आनन्द की प्राप्ति होती है। यह प्रेम गुरुलिंग संगम भक्ति से जाना जाता है।

———

नवाँ अधिकार

पञ्चाक्षर

कृपावश होकर और जीवन्मुक्ति पाकर आनन्दानुभव करने का क्रम इसके पहले बताया गया। जीवन्मुक्तों के सशरीर होने के कारण हींग रखे हुए भाण्ड की तरह फिर पाशवासना का आघात लग सकता है। इस अभिघात को न तोड़ेंगे तो फिर पाशजाल में फंसकर जन्मक्लेश भोगना पड़ेगा। इसलिए इस पाशाघात को तोड़ने में समर्थ पञ्चायुधशस्त्र को ग्रहण करना चाहिए। पञ्चाक्षरजप इनको अपनी स्थिति में अच्युत रखकर रक्षा करेगा। इस स्थिति तक न पहुँचे हुए हम जैसे लोगों को भी यह पञ्चाक्षर जप क्रमशः लाभ पहुँचाते हुए अन्त में अनन्तानन्द प्राप्त कराता है। इस प्रकार दोनों प्रकार के लोगों के हितार्थ शिव ने अपनी कृपा से इस पञ्चाक्षर मन्त्र का उपदेश किया, और इसे अपना शरीर भी स्वीकार किया। इन कारणों से इस अधिकार में पञ्चाक्षर की महिमा आदि का स्पष्टीकरण किया जाता है। और कुछ न कर सकने पर भी कम से कम इस अधिकार में प्रतिपादित पञ्चाक्षर का जप करते हुए इसके अनुसार चलने पर जन्मबन्ध नष्ट होकर मोक्ष प्राप्ति अवश्य होगी।

THE TRUTH OF PANCHAKSHARA

1 The Agama and the Veda and other Shastras only explain the truth of Panchakshara.

पञ्चाक्षर की महिमा

ईश कृपा से प्रोक्त आगम, चार वेद तथा अन्य शास्त्र सभी पञ्चाक्षर मन्त्र के अर्थ प्रतिपादन के लिए प्रवृत्त है।

सब ग्रंथों का तात्पर्य पञ्चाक्षर मन्त्र के अन्तर्गत है।

जीवों के लिए आनन्द ही अपेक्षित चरम वस्तु है। इसे पाने में अपर ज्ञान और परज्ञान द्वार हैं। इनमें अपरज्ञान ग्रन्थों के द्वारा प्राप्त होता है। परज्ञान कृपारूपी हैं। गुरु के अनुग्रह से अनुभूति मार्ग में प्रतिष्ठित किया जाने वाला है। लोग पक्व और अपक्व दोनों प्रकार के होते हैं। जो पक्व हैं उन्हें सीधे ज्ञान देना चाहिए। अतः ज्ञानबोधक ग्रन्थों की आवश्यकता है। इन ग्रन्थों को ज्ञानस्वरूपी शिव ही दे सकता है। अन्य लोगों से दिए जाने पर पुरुषबुद्धिकृत भ्रम प्रमादादि दोषदुष्ट हो जायेंगे। इसलिए ईश्वर ने अपनी कृपा से ज्ञानार्थी लोगों के उपयोग के लिए आगमों का आविर्भाव कराया। ये ग्रन्थ साक्षात् उपकार करने के कारण कृपाग्रन्थ कहलाते हैं। ये आगम ग्रंथ पञ्चाक्षर की ही महिमा अनेक प्रकार से स्पष्ट करते हैं।

फिर ज्ञानीतर सामान्य लोगों को पामर ही छोड़ देना ईश कृपा स्वभाव के विरुद्ध है। जैसा भी आशय रखने वाले हों उनके मार्ग से उन्हें मोड़कर ज्ञान मार्ग में लाना है। इस कार्य के अनुसार शिव ने वेदों का आर्यिभाव किया। इस कारण से वेद सामान्य ग्रन्थ कहे जाते हैं। ये वेद यद्यपि अन्त में ज्ञान प्राप्ति की दृष्टि से प्रोक्त हैं तो भी लोग अपने-अपने अभिप्राय के अनुसार तात्पर्य निकालकर उनका उपयोग करने लगे। इसीलिए वेद, कर्म, उपासना, ज्ञान आदि अनेक मार्गों के प्रदर्शक हो गए। ये भी परमेश्वर से कृपा के कारण अनुगृहीत हैं। वेद भी पंचाक्षर की महिमा का ही सुस्पष्ट विस्तार करते हैं।

वेदागमों को देकर ही ईश्वर चुप न रहे। उनके प्रतिपाद्य अर्थों को पूर्वापर विरोध के बिना समझाने और उस मार्ग में प्रवृत्त कराने के लिए स्वयं आचार्य बनकर, वे लोगों को उपदेश देने लगे। ये उपदेश ही शास्त्र हैं। इन शास्त्रों का अध्ययन करना चाहिए। ये शास्त्र भी पंचाक्षर मंत्रार्थ का ही प्रतिपादन करते हैं।

ईश्वर ने सर्वज्ञ होने के कारण जीवों के उद्धार के लिए ज्ञातव्य सब विषयों को पाँच अक्षरों में संक्षेप में बताया है। ये पाँच अक्षर ईश्वर-ज्ञान के अंग होकर, पर अपरनाद मार्ग द्वारा मूलध्वनि से फैलकर सब ग्रंथों के कारण होते हैं। इसलिए इन पाँच अक्षरों में सब समाविष्ट हैं। इस मन्त्र की महिमा को 'पंचाक्षर मन्त्र के अर्थ' कहकर ग्रंथकार स्पष्ट करते हैं। यह पंचाक्षर मन्त्र पतितत्व, पशुतत्व, पाशतत्व, इन तीन तत्वों को बताता है। इसलिए 'अर्थ' कहा गया है। इन सबसे निम्न-लिखित विषय स्पष्ट होते हैं :—

आगमादि ग्रंथ जो तत्वविशद करते हैं उनका मूल पंचाक्षर है। यदि ये ग्रंथ इस प्रकार स्पष्टीकरण न करते तो हम तत्वज्ञान प्राप्त न कर सकते हैं। इन तत्वों को अपनी-अपनी बुद्धि के अनुसार सिद्धान्त मानने वाले मत हैं। मत ही क्रमशः जीव को उन्नत करके उसका उद्धार करने में सहायक होते हैं। सब मत अन्त में शैव सिद्धान्त को ही द्वार मानकर मुक्ति प्राप्त कराते हैं। सब मुक्ति मार्ग सिद्धान्त शुद्धाद्वैतमार्ग में आकर समाप्त होते हैं।

2. The Lord, His Sakti, Pasa (Anava), Maya and soul are all comprised in the Pranava.

सूक्ष्म पंचाक्षर

कर्ता, (ईश) कृपा, (शक्ति) अहंकारमल, सुन्दर तिरोधान और जीव प्रणव में स्थित है।

सूक्ष्म पंचाक्षर प्रणव कहा जाता है।

प्रणव ओंकार है। इसमें अ, उ, म, ये तीन अक्षर हैं। सद्गति पाने के लिए पाँच विषयों का ज्ञान आवश्यक है। वे हैं ईश्वर, ईश्वर कृपा, उसके प्राप्ति प्रतिबन्ध, प्राप्ति में अल्प सहायक आच्छादन, प्रापणीय

जीव । इनमें अक्षर 'शि' ईश्वरद्योतक संज्ञा है । 'व' कृपा की संज्ञा है । मकार अहकार की संज्ञा है । नकार तिरोधान की संज्ञा है । यकार जीव की संज्ञा है । इनको स्थूल रूप से एक क्रम देकर ' न म शि व य' कहते हैं ।

इनमें नकार वकार का ही अंश है । अर्थात् चित् शक्ति का अंश तिरोधान है । मकार यकार का अपर रूप होकर अभिन्न रहता है । इस रीति से इनका क्रोडीकरण करेंगे तो ये शि व य इन···तीनों में समाविष्ट हो जायेंगे । इनको पूर्वोक्त अ उ म के भी अन्तर्गत कर सकते हैं । अकार को ईश्वर और कृपा, उकार को जीव, मकार को पाश भी मान सकते हैं । हर प्रकार से पाँच तीन होकर रहेंगे । इन तीनों को व्यापक, व्याप्य और व्याप्ति रूप में एक होकर रहने का हम अनुभव कर सकते हैं । व्यापक-व्याप्य-व्याप्ति रूप में तीनों के ऐक्य को प्रणव एक अक्षर के रूप में रहकर स्पष्ट करता है । सूक्ष्म रहते समय यह सूक्ष्मदशा कही जाती है । स्थूल होने पर पाँच होते हैं । इस विषय को समझाने के लिये कर्त्ता, कृपा, अहङ्कारमल, सुन्दर तिरोधान और आत्मा (जीव) कहे गये । पति, पशु, पाश इन तीनों को एक करके दिखाने में समर्थ प्रणव में ये पाँच लीन रहते हैं । इसे कहा गया 'प्रणव में स्थित है' । सब का आधार रहने के कारण कर्त्ता (ईश) कहा गया । सब जीवों को शक्ति देने के कारण उसकी कृपा को शक्ति कहा गया । हम पशुओं को ईशसंबंध से पृथक रखने का बन्धन होने से 'पाश' कहा गया । दीपक की तरह सहायक होते हुये भ्रान्ति पैदा करने के कारण 'सुन्दर माया' कहा गया । जीवित रहने के कारण हमको जीव कहा गया ।

3. The Lord's manifestation in nature is on one side, and His Divine Manifestation on the other side; and look for the self in the middle.

पञ्चाक्षर का तात्पर्य

जन्मनाट्य, अर्थात् मल और तिरोधान एक तरफ, ज्ञान-नृत्त अर्थात् कृपा और शिव एक तरफ, इनके बीच में जीव रहता है। इसे जानो।

शिव ही जीवों को संसार देता है, उन्हें मुक्ति भी देता है। इन दोनों विषयों में जीव उनकी आज्ञा के अनुसार चलता है।

यकार जीवसूचक अक्षर है। स्थूल पञ्चाक्षर से यह जानना चाहिये कि ईश्वर एक है, हम उसके दास हैं। यह 'नमः शिवाय' मंत्र का प्रथम प्रतीयमान अर्थ है। परन्तु यह पामर लोगों के लिये अज्ञेय है। इसे नकार बताता है। वह छिपाव हममें स्थित दोष से होता है। इस बात को स्पष्ट करता है मकार। इससे च्युत होने पर हमें प्राप्त होने वाला शिव है। इसे स्पष्ट करता है शिकार। शिव को उसकी कृपा के बिना प्राप्त नहीं किया जा सकता। इसे बताता है वकार। इस प्रकार त्याज्य वस्तु को छोड़कर आश्रय लेने योग्य हम ही हैं। इसे यकार प्रकट करता है। यह स्थूल रीति है।

इसके बाद यह जानना है कि ईश्वर हमें सद्गति देने के लिए किस रीति से सहायता करता है। इसे जानकर उस रीति या मार्ग को अपनाना हमारा कर्त्तव्य है। यह दीक्षा के समय आचार्य के द्वारा समझाया जाता है। इस क्रम में सूक्ष्म रीति से पञ्चाक्षर को दिखाते हैं। तब इसका क्रम हो जायगा शि व य न म। इसमें तीसरा अक्षर यकार है। यह जोव का सूचक है। यह यकार, नकार और मकार से युक्त है। अर्थात् जीव, जन्म हेतु भूत तिरोधान और मल से युक्त है। इसलिये ईश्वर जीव का मल दूर करने के लिए उसे तिरोहित करके और अनेकानेक जन्मदान देकर जोव की इच्छा के अनुसार क्रमशः घृणा पैदा करता है और उसे मल से दूर करता है। इस प्रकार हमें जन्म देकर शिव यदि

प्रवृत्त न करे तो हमारे उद्धार के लिये आवश्यक प्रज्ञा उत्पन्न न होगी। यह भी उसकी कृपा से होता है। हमें जन्म देने का कार्य जन्मनाट्य कहा जाता है। पाश से बद्ध हमको उस पाश बन्धन से अवगत कराकर उससे छूटकर पति प्राप्ति की इच्छा करने की स्थिति यह नृत्त पैदा करता है। इसे कहा गया है 'जन्मनाट्य एक तरफ' आदि से। इस मार्ग पर जाने से हम ईश की कृपापात्र बनते हैं।

इस प्रकार ईश्वर हमें अपना कृपावलंबी बनाकर, उसी में हम प्रतिष्ठित करके, उस अवलंबन को ही अवलंब मनवाकर और ज्ञान प्रदान कर हमें अपने में मिला लेता है। इस विषय को ज्ञाननटन शब्द प्रकट करता है। ज्ञान के बिना मुक्ति असंभव होने के कारण ज्ञान प्रदान करने वाला यह नृत्त ज्ञाननृत्त कहा गया। अगर ईश्वर यह कार्य न करता तो हम मोह में पड़कर एक प्रकार की शून्य स्थिति में रह जाते। इससे हमको जानना चाहिए कि यह कार्य ईशकृपा से होता है। इसे 'एक तरफ ज्ञाननाटय' कहकर ग्रन्थकार ने सूचित किया है। इस क्रम में बताया जाता है कि यकार (जीव) वकार (कृपा) वश होकर उससे शिकार (शिव) को प्राप्त करता है। जीव अलग नहीं रह सकता है। पाश और पति का आश्रित होकर ही रह सकता है। आश्रित का धर्म अपनाकर रहना जीव का स्वभाव है। अज्ञान का आश्रय लेने पर जीव जन्म लेता है। ज्ञान का आश्रय लेने पर मुक्ति पाता है। इससे जीव-सूचक यकार मुक्ति और जन्म सूचक अक्षरों के बीच में रखा गया है। इस अर्थ को स्पष्ट करता है 'बीच में जीव'। इस पञ्चाक्षर क्रम को गुरु के उपदेश से पाना है। नृत्त अथवा नाट्य शब्द ईश्वर द्वारा जीव को बद्ध तथा मुक्त दशाओं में प्रवृत्त कराके चलाने को सूचित करता है। इतने से सूक्ष्म पञ्चाक्षर का सूच्यार्थ एक प्रकार से व्यक्त किया गया।

4. The self is pulled down by its Mala and Maya and when it gets rid of its Mala, it will attain Divine nature.

बन्ध और मुक्ति

संसार में मल अनेक प्रकार से जीव से युक्त होकर यकार (जीव) को अपने से अलग कृपा की ओर जाने नहीं देता। पुण्य पाप समबुद्धि उत्पन्न होकर, मल ।परिपाक होने पर जीव (कृपा से) शिव को प्राप्त करता है।

जीव मल से बन्धन और शिव से मोक्ष प्राप्त करता है।

आत्मा को ज्ञान द्वारा अपना पाश भंग कर शिव की ओर प्रवृत्त होना चाहिये। यही मानस कहा जाता है। इसमें क्रम यह है। स्वर, पाश अक्षर को छोड़कर, कृपा अक्षर से तथा पति अक्षर से जैसे मिला हुआ हो वैसा ही उच्चारण करना चाहिये। इस प्रकार के उच्चारण से आत्मा का कर्मबन्ध नष्ट होता है। फिर वह बन्ध कभी नहीं लगेगा।

इस क्रम को बताने वाले पञ्चाक्षर के अतिसूक्ष्म पञ्चाक्षर, कारणपञ्चाक्षर मुक्ति पञ्चाक्षर नाम भी हैं। निष्कर्ष यह निकला कि शिवयनम के अनुसार चलने का फल शिवयशिव है। यह वासनामल के दूरीकरण के लिये प्रनित होता है। वासना भी जब नष्ट होती है तभी 'महान कर्म' नष्ट होगा। इसके लिए आवश्यक साधनामार्ग ग्रन्थों में निरूपित हुआ है। यह हृदय के अन्दर होने वाला है। यह वासनामल का नाश करके परिपूर्णदशा प्राप्त करायेगा। इस साधना से काष्ठ से प्रकट होने वाली अग्नि की तरह शिव प्रकट होकर ज्ञान का ज्ञान होकर भासित होगा।

अहंकारमल केवलदशा में ज्ञान को आच्छादित करने का एक ही कार्य कर रहा था, सकलदशा में तो वह अनेक प्रकार से बुद्धि को विपरीत कर रहा है।

5. Pronounce the Panchakshara with si as first syllable, you cannot get rid of Mala by pronouncing it with Na as first syllable.

जपने का विधान

विपर्यय रूप नकार को पहले जपने से मल दूर नहीं होगा। अहङ्कारमल को नीचे, और नकार को ऊपर, तथा शिकार को पहले रखकर व्यत्यस्त क्रम से जपने पर मोक्ष प्राप्ति होगी।

सूक्ष्म पञ्चाक्षर के विधिवत् जप से मुक्ति मिलती है।

स्थूल सूक्ष्म पञ्चाक्षरों का क्रम पहले ही बताया जा चुका है। इनमें स्थूल पञ्चाक्षर 'नम शिवय' हमें इस बात का स्मरण कराता है कि पहला विघ्न मलबन्ध हैं, वही शिवप्राप्ति में अड़चन है। किन्तु सूक्ष्म पञ्चाक्षर 'शिवय नम' मलबन्धन को तोड़कर कृपाद्वारा शिव से मुक्त होने का मार्ग दिखाता है।

इससे यह निष्कर्ष निकला कि हमको इस सूक्ष्म पञ्चाक्षर के अनुसार चलना चाहिये।

6. The habit of pronouncing it with Na as first syllable is alas ! begotten by not considering what is the true support.

आराधन

जन्म छूट जाने के आधारभूत शिकारादि पञ्चाक्षर मन्त्र से हृदयस्थित शिव का आराधन करो। ऐसा करने पर पूर्वोक्त तिरोधान मलबन्ध फिर तुम्हें देखेगा भी नहीं। अब तक जो बंधन कार्य करने वाला था वह निश्चित रूप से कहीं भाग जायगा। हा, हन्त।

सूक्ष्म पञ्चाक्षर से पूजा करने पर जीव शिव को प्राप्त करेगा। जीव शिव का दास है। इस दासत्व को मानकर उसके उपलक्ष्य में हम बाह्य पूजा करते हैं। इस पूजा के लिये पूजास्थान, होमस्थान, ध्यान-

स्थान बना लेते हैं। पञ्चाक्षर से अर्चना करते हैं। इस प्रकार अंतः पूजा करनी चाहिये। शरीरान्तर्गत हृदय को पूजास्थान, नाभि को होम-स्थान, भ्रूमध्य को ध्यानस्थान भावितकर, हृदय कमल में मुक्ति पञ्चाक्षर शरीर वाले शिव के सान्निध्य को भावित कर, इंद्रिय निग्रह आदि अष्ट पुष्पों से, मुक्ति पञ्चाक्षर मन्त्रोच्चारण करते हुये अर्चना करनी चाहिये। इससे शिव का मानस प्रत्यक्ष होगा। जीव उसके अधीन होगा। इस अर्थ को सिद्धान्त महावाक्य सूचित करता है। शि, पति को, य पशु को, व इन दोनों की ऐक्य स्थिति-(कृपा) को व्यञ्जित करता है। यह आकाश में अदृश्य रहने वाले राहु केतु ग्रहों को ग्रहण समय में चन्द्र सूर्य में देखना जैसा है। इस स्थिति मे अग्नि से मिले हुए लोहे के अग्नि बन जाने की तरह, शिव से मिला हुआ जीव भी शिव होकर उन्हीं के अधीन हो जाता है। इससे मलवासना निश्शेष नष्ट हो जाती है। वासनामल का नष्ट होना 'हा, हन्त' शब्दों से सूचित है। अथवा इस प्रकार आराधन करने में असमर्थ लोगों के शोक को देखकर ग्रन्थकार इन शब्दों से अपना दुख प्रकट करते हैं।

7. If you pronounce it with Siva as first syllable your births will cease. This is the proper way of pronouncing it.

मुमुक्षु के जपने का क्रम

इस तरह 'शि' को आदि में रखकर जपोगे तो जन्म से छुटकारा मिलेगा। यही तुम्हारे जपने का क्रम है।

मुमुक्षु लोगों को मुक्ति पञ्चाक्षर जपना चाहिए।

ध्यानबल द्वारा शिव से युक्त लोगों के शरीरपात के बाद भी, इसी प्रकार उससे युक्त रहने के लिये उसी चिन्तन में लीन रहना चाहिये। यह चिन्तन बदल जाये तो प्राप्त योग भी बेकार हो जायगा। हम

मुक्ति ही चाहते हैं न कि सिद्धि । इसलिए शिवादि मुक्ति पञ्चाक्षर को निरन्तर जपना चाहिये । इससे जन्म से छुटकारा मिल जायगा । यही जपने का क्रम है । इसके मुक्तिप्रद होने से 'जन्म से छुटकारा मिलेगा' कहा गया । उच्चारण क्रम 'शिव को आदि में रखकर' द्वारा व्यक्त किया गया ।

8. The syllable 'Va' will lead the Soul (Ya) to the Lord (Si) and confer Bliss. This Arul (Va) is the spotless form of the Lord.

कृपा का कार्य

वकार कृपा, यकार जीव को शिकार जीव में पहुँचाकर निरतिशयानन्द देती है। वह कृपा ही शिव का दोषहीन शरीर है।

पञ्चाक्षर में वकार कृपावाचक है । वही यकार को शिव से मिलाता है ।

अब तक मल अक्षर, शिवसूचक शिकार, जीवसूचक यकार इनका विवरण दिया गया । अब कृपासूचक वकार का विवरण देते हैं । वकार कृपासूचक है । उसकी सहायता अत्यावश्यक है । मलनाश के लिए 'तिरोधान' रहकर क्रूरता भी दिखाकर आत्मा की सहायता करने वाली कृपा ही है । मलनाश के बाद आत्मा को शिव के पास पहुँचाने वाली और वहाँ प्रतिष्ठित करने वाली कृपा ही है । इसे चित्शक्ति और कृपाशक्ति भी कहते हैं । यही कृपा शिव का दिव्य शरीर है । इस कारण कृपा में शिव के पास संस्तुति करने की शक्ति है । सूर्य किरण के द्वारा ही हम सूर्य को देख पाते हैं । कृपा से ही कृपालु को प्राप्त कर सकते हैं । इस कृपा का वाचक अक्षर व है । प्राप्तव्य शिव, और प्राप्ता जीव के बीच में रहकर यह कृपा प्रापक का कार्य करती है । बद्धदशा में 'तिरोधान' रहकर साहाय्य जिस कृपा ने किया वही मुक्तिदशा में करुणा

के रूप में रहती है। इसे 'दोषहीन' शब्द स्पष्ट करता है। सकल दशा में माया आत्मा का शरीर है। मुक्ति में कृपा शरीर है।

9. The soul (Ya) will not stand between Tirodana Sakti (Na) and Arul Sakti (Va). By the Grace of God, its proper place is between God's Arul (Va) and God (Si).

मुक्ति दशा

दोषयुक्त नकार और मकार से युक्त न होकर, आचार्य की कृपा से कृपा और शिव के मध्य में रहना ही कर्तव्य है।

इह लोक में ही जीव को मलवासना को निश्शेष नष्ट करके सुखातिशय प्राप्त करना, अमुत्र मुक्ति में उसी प्रकार रहने का सूचक है।

अपना बन्धक पाश जानकर उसे दबाने में प्रयत्नशील होता है जीव। तब यकार, नकार और मकार के बाद की स्थिति छोड़कर, पहले रहने की स्थिति प्राप्त करता है। अर्थात् जीव मल को दूर करके, उसके अधीन रहने की स्थिति छोड़कर पाश से मुक्त होता है। फिर भी उस पाश से ग्रस्त होने की स्थिति में रहने के लिये कृपा का आश्रय लेता है। तब, अब तक तिरोधान करते रहने वाली कृपा उस तिरोधान को छोड़कर अनुग्रह में प्रवृत्त होती है। इससे जीव कृपा में ही मग्न रहेगा। इस मग्नता से अत्यन्त प्रेम उत्पन्न होता है। इसके फलस्वरूप जीव शिवज्ञान को प्राप्त करता है। इस ज्ञान से वह शिव को प्राप्त करता है। इससे यह स्पष्ट है कि जीव इहलोक में ही शिव कृपा से मिल कर आनन्द प्राप्त कर सकता है। यह स्थिति इस बात की निदर्शक है कि मुक्ति में जीव इस प्रकार परमानन्द प्राप्त करके सुखी रहेगा। इस पद्य के 'कृपा' शब्द से भी यह सूचित होता है कि इस प्रकार के विषय पुस्तकों के द्वारा स्पष्ट नहीं होते; गुरुमुख से अध्ययन करने पर ही

स्पष्ट होते हैं। इतना तो अवश्य स्पष्ट है कि मुक्ति दशा में आत्मा शिव से मिलकर आनन्द भोगती रहेगी।

10. Thus all the various means (Sadhana) are declared, so that the self may not be separated from the Lord' s Grace.

वेदागमों का तात्पर्यैक्य

सब प्रकार के ग्रन्थ इसी तथ्य को अर्थात् जीव के शिवशक्ति से अलग न होने की बात को सोचकर निश्चित रूप से प्रतिपादित करते हैं।

सभी ग्रंथ सिद्धान्त मार्ग को ही अकाट्य निर्णय बताते हैं।

लोग कई प्रकार के आशय वाले हैं। तो भी सब मानते हैं कि जन्म और मरण दुख ही है, और इनसे छुटकारा पाना ही सुख है। इसलिये यह स्पष्ट है कि वेदान्त और सिद्धान्त एक कण्ठ से आत्मा और शिव के मिलने को मुक्ति कहते हैं। वेदान्त से भी सिद्धान्त में यह विशेषता है कि वेदान्त में जो अस्पष्ट है, सिद्धान्त उसका सुस्पष्ट प्रतिपादन करता है। उसमें भी पञ्चाक्षर के द्वारा समझाना सबके लिये उपयोगी है। इसलिए इस अधिकार में प्रतिपादित विषय सबके लिए उपादेय है। ये सब आत्मा के उद्धार के लिए हैं।

दसवाँ अधिकार

मुक्तों का स्वरूप

पञ्चाक्षर जप करके कृपा से अच्युत तथा शिव से एकाकार होकर ईश्वर सेवा में रत मुमुक्षु है। यह तो पहले ही बताया जा चुका है कि आत्मा आश्रित के स्वभाव की हो जाती है। भूतसङ्घात रूप शरीराश्रित रहने पर भूतात्मा कहलाती है। अन्तरिन्द्रिय वाक् आदि के आश्रित होने पर अन्तरात्मा कही जाती है। शब्दादि सूक्ष्मतत्त्वों के आश्रित रहने पर तत्त्वात्मा संज्ञा होती है। पुरुष तत्त्व होकर, प्रकृति गुणों के द्वारा सुख-दुख का पात्र होने पर वह जीवात्मा कही जाती है। मन्त्र-जप के समय तत्तन्मन्त्रस्वरूप होकर स्फटिक की तरह रहने पर उसका नाम मन्त्रात्मा हो जाता है। अद्वैतभावना से परमात्मत्व भावना करते रहने पर परमात्मा कहा जाता है। इनमें से परमात्मा के रूप में रहना ही उसके लिये स्वाभाविक है। शिव ने आत्मा में समवेत होकर जिस शिवानन्द को समझाया उसे आत्मा ने जाना, अथवा उस आत्मा के अधिष्ठाता शिव ने जाना इसे पहचानना असम्भव हो जाता है। ये दोनों ज्ञान एक दूसरे से अवियुक्त होकर अभिन्न स्थिति में रहते हैं। इस दशा में आत्मा कृपावश रहकर शिव के चरण प्राप्त कर आनन्दानुभव करती है। यह शिवानन्दानुभूतिनिष्ठा है। यह दशा आत्मा के इच्छातिरेक से सिद्ध होती है। यह इच्छा उत्पन्न होने पर आत्मा यदि केवल शिवानन्द का ही अनुभव करती रहे तो वह परमुक्तिदशा कही जायेगी। यह दशा, जीवन्मुक्तिदशा से परे जो अधिकार मुक्तिदशा है, उससे भी उत्कृष्ट भोग मुक्तिदशा से भी श्रेष्ठ लयमुक्ति दशा को भी पार करके स्थित दशा है। शिवकृपादृष्टि से ज्ञान का सङ्कोच दूर होकर विकास प्राप्त करने की दशा यह है। इनको ज्ञान सीमा अतिक्रमण

करने वाला कहा जाता है। नमक और समुद्र जल दोनों में खारापन है। तो भी नमक खण्ड और कठिन है। समुद्रजल में घुल जाने पर नमक का खण्डत्त्व और कठिनता दूर होकर जल से नमक मिल जाता है। इसी प्रकार आत्मा के शिव का दासत्त्व ग्रहण करने पर, वह शिव उस आत्मा को विश्लेप के बिना अपने में संपृक्त रखेगा। इस स्थिति में आत्मा ज्ञेय आनन्द स्वरूप शिव में मग्न होती है। इस स्थिति में रहने वाले पर दृष्टि ही रखेंगे। वाह्य वस्तुओं पर दृष्टि नहीं डालेंगे। इनको आहत करने के लिये आनेवाले सुख-दुख जन्म के लिये हेतु नहीं बनेंगे। ये शिवानन्दसागर में मग्न होकर, अपने को भी भूलकर रहने वाले हैं। व्यापक ज्ञान पा जाने के कारण ये निरतिशयानन्द परभोग भोगने वाले हैं। इस ज्ञान को स्थिर तत्त्वज्ञान कहते हैं। यह शिवभोगानुभव स्थिति ही पूर्ण आत्मलाभ है। यह समाधि पर मुक्तिदशा कहलाती है। आत्मा मल के कारण जिस दशा को प्राप्त थी वह केवलावस्था है। कलादि तत्त्वों से प्राप्त दशा सकलावस्था है। शिवकृपा से प्राप्त संपर्कस्थिति शुद्धावस्था है। इस जन्म में ही जिनको परभोगानुभव प्राप्त हुआ उनको अमुत्र परमुक्ति प्राप्त होने में सन्देह की गंध भी नहीं है। इस कारण यह अधिकार समाधि दशा प्राप्त लोगों के स्वरूप स्वभाव आदि बताता है। इह लोक में प्राप्तव्य परमभाग्य यही है।

THE NATURE OF THE SANCTIFIED OR JIVAN MUKTAS

1. They sleep, hid in the bosom of the Supreme Intelligence, the Supreme Bliss hid in their hearts. Why need more words?

आत्मा के ज्ञेय में मग्न होकर रहना

शिव की असङ्कुचित ज्ञान व्याप्ति में, अपने पूर्ण ज्ञान को समाविष्ट करके अपने इस व्यापक ज्ञान में मोक्षानन्द को लीन

करके आनन्दनिद्रा लेने वालों के लिये और वचन (करना) क्या है ?

समाधि में रहने वालों का लक्षण मौन ही है।

इस पद्य में यह बताया जायेगा कि ज्ञानी लोग इस प्रपञ्च में सशरीर रहते समय कैसे रहते हैं। ये शेव में मग्न होकर रहते हैं। परब्रह्म मनोवागगोचर है। इसे प्राप्त करने के लिये आवश्यक पक्व-दशा पाकर, गुरुकृपा से उनके वचनानुसार चलकर, अपने ज्ञान को शिव के पूर्ण ज्ञान से मिलाकर उसके व्याप्य बनाकर रहना इन लोगों की स्थिति है। अर्थात् तत्त्वज्ञानियों में कर्ममल, मायामल और अहंकार-मल नहीं रहना चाहिए। कर्ममल इच्छा द्वेष पैदा करेगा। मायामल मायातत्त्वों के रूप में अपने को दिखलाते हुए बुद्धि को भ्रान्त करेगा। अहंकारमल विपरीत ज्ञान उत्पन्न करेगा। ये चिरपरिचय के कारण जब तक शरीर सम्बन्ध है तब तक प्रारब्ध कर्म का आश्रय लेकर आघात करने का मौका देखते रहेंगे। इस आघात का पात्र बन जाने पर शिवानन्दानुभव छूट जायेगा। इसलिये इनसे बचना चाहिये। इसके लिए अहंकार को पूर्णरूप से दूर करना चाहिये। इसे दूर करने के लिये शिवज्ञान का व्याप्य होकर रहना चाहिये। इस प्रकार रहने पर ही स्वानुभूति सिद्ध होगी। अज्ञान प्राप्त कराना अहङ्कारमल का स्वभाव है। माया और कर्म अहंकार पर आश्रित होकर अज्ञान प्राप्त कराते हैं। इसलिये इनके लिये यह कृत्रिम अर्थात् अस्वाभाविक है। इस अस्वाभाविक और कृत्रिम अज्ञान से असम्बद्ध रहने के लिये ज्ञानी लोग अपने ज्ञान को शिवज्ञान में समवेत करके सबको शिव ही शिव देखते रहते हैं। यह ज्ञानदशा में मग्न रहना कहा जाता है। ये ज्ञानी लोग यद्यपि कर्म करते हैं किन्तु उसे अहंकार और फलासक्ति के बिना करते हैं। सब कर्म शिव के ही हैं इस प्रकार सोचते हैं। यही बुद्धि योग कहा जाता है। 'चेतसा सर्वकर्माणि मयि सन्न्यस्य मत्परः। भक्तियोग-

मुपाश्रित्य मच्चित्तसततं भव ।' अपने अनुभव के लिये बाह्य जगत को सुखमय बनाना हमारे लिये अशक्य है। किन्तु अपने ज्ञान को बाह्य विषयों से निवृत्त कर, शिवज्ञान में ही मग्न करके रखना शक्य है। पूरे आकाश को परदा डालकर छिपाया नहीं जा सकता। अपनी आँख को भले ही मूंद सकते हैं। इससे आकाश छिप जायगा।

इस तरह के लोग जो अपने ज्ञान को शिवज्ञान में मग्न करके रहते हैं, निरन्तर शिवानुभव करते रहते हैं। अपने लिये दुखद घटनाओं को भी ये शिवप्रेरणा से होने वाली मानते हैं। इसलिये ये उन्हें सुखमय ही प्रतीत होती हैं। शिवानुभव मे रहने के कारण, ये उसे ही स्वानुभव मानते हैं। प्रवाह के मार्ग में रहने वाला कुआँ भी उस प्रवाह जल से ही पूरित रहता है। उपर्युक्त ज्ञानियों के मन में आनन्द ही आनन्द भरा रहता है। मलावस्था के अधीन रहना सकलावस्था में होता है। मलावस्था का नाश होने पर क्रियारहित रहना निर्मलावस्था है। इसे ही कहते हैं 'मोक्षानन्द को लीन करके आनन्दनिद्रा लेने वालों के लिये वचन (करना) क्या है' वाक्य से। शिवज्ञान से अपने ज्ञान को मिलाकर रखने वाले लोग ज्ञान की दृष्टि से शिव से उत्कृष्ट नहीं हैं। इस अर्थ को व्यक्त करता है 'शिव की असंकुचित ज्ञानव्याप्ति में अपने पूर्ण ज्ञान को समाविष्ट करके' वाक्यांश। अनुभूयमान आनन्द आत्मा का ही होता है। शिव के लिये यह कोई अपूर्व आनन्द नहीं। इस अर्थ को स्पष्ट करता है 'अपने व्यापक ज्ञान में मोक्षानन्द को अधीन करके' वाक्यांश।

2. They will not attain to the powers of the Supreme Lord, nor to the powers of the Trinity, nor will they lead the path and actions leading to their enjoyment in the Devaloka.

ज्ञानी लोग पञ्चकृत्य नहीं करते हैं

उपर्युक्त ज्ञानी लोग, शिव द्वारा किये जाने वाले पञ्चकृत्यों को, तथा कारणेश्वर के कार्यों को, एवं माया भोग दिलाने वाले जन्म हेतुभूत कृत्यों को श्रेष्ठ समझ कर उनमें नहीं लगेंगे।

सहज निष्ठापर लोग शिवानन्द का ही अनुभव करते रहेंगे। दूसरे किसी काम में रत नहीं होंगे।

मल से मुक्त जीव शिवानुभव के ही योग्य है। शिव के सृष्टि आदि पञ्चकृत्यों का अधिकारी नहीं है। रसायन द्वारा ताम्र सुवर्ण होता है। लेकिन यह सुवर्ण फिर ताम्र को सुवर्ण नहीं बना सकता। इस तरह शिवकृपा से जीव उनसे मिल जाने पर भी उनकी तरह सृष्टि आदि कार्य नहीं कर सकता है। रसायन में ही लोहे को सोना बनाने की शक्ति है।

जीव और ईश्वर में अनेक भेदों के रहने के कारण भी यह स्पष्ट है कि जीव ईश्वर के समान सृष्टि आदि पञ्चकृत्य करने की शक्ति कभी नहीं पायेगा। शिव कृपारूपी ज्ञान है, जीव उस कृपा पर आश्रित रहने वाला ज्ञान है। शिव जन्म का उच्छेद करके भोग और मोक्ष देने वाला ज्ञान है, जीव जन्म-मरण आदि में फँसने वाला ज्ञान है। शिव स्वयं समझने वाला ज्ञान है, जीव समझाने पर समझने वाला ज्ञान है। इस तरह जीव और ईश्वरमें ज्ञानस्वरूप धर्म के साधारण होने पर भी कई भेद हैं। नेत्र तथा सूर्य दोनों की ज्योतियाँ यद्यपि ज्योति ही कहलाती हैं तो भी बिना सूर्य ज्योति के सहारे नेत्र ज्योति कुछ नहीं देख पाती। सूर्य ज्योति किसी अन्य ज्योति के सहारे के बिना वस्तुओं का द्योतक है। जीव शिव से जब मिल जाता है तब भी उससे एक नही हो जाता। शिव की अपेक्षा जीव में अधिक जड़त्व

है । इससे यह स्पष्ट है कि जीव सृष्ट्यादि पञ्चकृत्य नहीं कर पाता है ।

ब्रह्मा शिव की आज्ञा से सृष्टि कार्य करता है । विष्णु स्थिति कार्य करता है । ये इन कार्यों के स्वतन्त्रकर्त्ता नहीं हैं । मल से पूर्णतया मुक्त लोग इनकी तरह अधिकार मल पाकर कार्य करने की इच्छा नहीं रखते । इनकी तरह अस्वतन्त्र रहकर कार्य करने में कोई विशेषता नहीं है । विष्णु अपने पुत्र मन्मथ की रक्षा नहीं कर पाये । ब्रह्मा भी अपने कटे हुये सिर की पुनः सृष्टि कर लेने में असमर्थ ही रह गये ।

जीवन्मुक्त लोग मायाभोग पाना भी नहीं चाहते । इनको यह ज्ञान है कि अपने से अनुभूयमान शिवभोग से, पूर्वानुभूत मायाभोग (स्वर्ग भोग और लौकिक भोग) श्रेष्ठ नहीं हैं । इसलिये इन लोगों को लौकिक भोग के प्रति घृणा ही है ।

3. The Jiwan Muktas, though possessed of omniscience, will have no cognition of all others but The One.

जीवन्मुक्तों का ज्ञान

जीवन्मुक्त ज्ञाता लोगों ने यद्यपि शिव की तरह पूर्णज्ञान अर्थात् सर्वज्ञता आदि प्राप्त कर ली है तो भी ये केवल आनन्द का ही अनुभव करते रहते हैं, न कि विषयान्तर का अनुभव ।

जीवन्मुक्त एवं परमुक्तों का ज्ञान परविषयक ही रहता है । इनका ज्ञान और किसी को विषय नहीं बनाता है ।

परमुक्त लोग शिव से अनुगृहीत आठों गुणों को पाते हैं । ये प्रकृति के सत्त्व, रजस् तमों गुणों से युक्त नहीं होते । भगवान् के आठ गुणों में सर्वज्ञता भी एक है । यह गुण जीव में मुक्ति दशा में शिवसम्पर्क से होता है । अर्थात् आगामी है । किन्तु शिव की सर्वज्ञता स्वाभाविक है । इस शिव से सम्बद्ध है जीवन्मुक्त । ये अपने परज्ञान से एक शिव का

ही अनुभव करते रहते हैं। इनको किसी बाह्य विषय का अनुभव नहीं होता। मन इन्द्रियरूप करणों के द्वारा ज्ञान पाता है। पहले जीव गुरु से सुन कर श्रवणज्ञान पाता है। फिर मनन करता है। फिर मानस प्रत्यक्ष करता है। यह साधन-ज्ञान है। यही भेदज्ञान है। इससे परे है अनुभूतिज्ञान। वही शिवज्ञान है। इस ज्ञान में बाह्य वस्तुएँ विषय नहीं होती हैं। पर ही विषय है। इससे इन लोगों का प्रारब्ध पूर्णरूप से दूर हो जाता है। यह परज्ञान मुक्त लोगों के लिए इतना ही करता है। शिव की तरह सर्वज्ञता प्राप्त नहीं कराता। इसलिये ये शिव का ही अनुभव करते हैं। और किसी विषय का नहीं। परमुक्त लोग भी इसी तरह के होते हैं। पाश और पशु की ओर इनकी दृष्टि नहीं रहती। 'ब्रह्मभूतः प्रसन्नात्मा न शोचति न कांक्षति।'

4. Just as the tortoise draws its head and organs into itself when meating any passers-by, so the Jiwan Mukta will, when meeting any sense experience, withdraw himself from his senses and enter into the Supreme self.

इन्द्रियज्ञानाभाव

पञ्चेन्द्रियों के विषय, जीवन्मुक्तों पर किसी प्रकार का प्रभाव डाल नहीं सकते। क्योंकि ये अपने प्राणभूत शिव में लीन होकर रहते हैं। मनुष्यसञ्चार रहित स्थल में जैसे कछुआ अपने अंगों को प्रकट करते हुये चलता है वैसे ही ये विषय सुखों को अवकाश नहीं देते।

जीवन्मुक्त इन्द्रिय विषयों से भीत रहते हैं।

ज्ञेय में तल्लीन होकर शिवानन्दानुभव करने वाले भी प्राकृतिक शरीर के साथ रहते हैं। इस शरीर के योग्य प्रारब्ध कर्मभोग भी भोगते हैं। इसे द्वार बनाकर इन लोगों की प्राचीन वासना इन्हें अपने

वश में करने के लिये विजय भोगों को दिखाकर पथच्युत करने का प्रयत्न करतो है। तब इन लोगों को अपनी स्थिति अर्थात् शिव में लीन होकर रहने की स्थिति से च्युत होना पड़ता है। तब अपनी च्युति का अनुभव करके पुनः शिव में अपना मन लगाते हैं।

समुद्र में चलने वाले जहाज का आश्रय नहीं छोड़ते। मुक्त लोग भी चित्त को शिव में ही लगा कर पार हो जाते हैं। कछुए को कभी यह भय हो कि कोई उस पर आघात करने आता है तो वह तुरन्त अपने अंगों को खोल में सिमेटकर बचने का प्रयत्न करता है। जहाँ शोरगुल नहीं है वहाँ कछुआ अपने अंगों को बाहर निकालते चलता है। मुक्त लोग भी इसी प्रकार शिवध्यान में बाधा पहुँचाने वाली परिस्थितियों में अपने को नहीं उलझते। 'यदा संहरते चायं कूर्मोऽङ्गानीव सर्वशः। इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेभ्यः तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता ॥'

पञ्चेन्द्रियाँ ही चित्त को बाह्य विषयों पर पहुँचाने वाले द्वार हैं। इसलिये उन्हें बन्द करके चित्त को ज्ञेय में ही लगा रखना चाहिये। बाँध से बँधे हुये जल का स्तर ऊँचा होता है। पञ्चेन्द्रियों को विषयों से बाँध कर (निवृत्त कर) रखना चित्त का स्तर ऊँचा करना है। यदि यह धारणा न रहे कि हमारा तारक शिव ही है तो उसे प्राप्त करना असम्भव है।

5. In that all that exist, He is present. There is no such thing either in which the freed spirit, which has become Himself, is not present.

सर्वज्ञता प्राप्ति

शिव से अलग होकर कोई भी वस्तु नहीं रह सकती। इस तरह शिव से युक्त होकर सर्वत्र व्याप्त रहने वाली मुक्तात्मा से कुछ भी अलग नहीं रह सकता है।

मुक्त लोगों का ज्ञान सङ्कोचदशा छोड़ कर विकासदशा प्राप्त करता है।

गुरु की कृपा से जीव, क्रमशः पति को, तथा पति के अन्दर पशु को, फिर पशु के अन्दर पाश को, तथा पति के अणुत्व एवं महत्त्व को निर्विकल्प ज्ञान से जान लेता है। इससे जीवन्मुक्तों का ज्ञान व्यापकता प्राप्त करता है। जीव स्वभाव से व्यापक ही है। लेकिन पहले स्वर्ग आदि स्थलों तक आता जाना रहता है। कई शरीरों से अलग-अलग बद्ध रहता है। यह बद्धव्यापकता एक को पकड़ कर रहते समय दूसरे का पकड़ने में असमर्थ रहता है। अर्थात् भूलोक से सम्बद्ध रहने पर स्वर्ग नरक से सम्बद्ध नहीं रहता है। एक शरीर में रहते समय दूसरे शरीर में नहीं रहता है। एक इन्द्रिय से सम्बद्ध रहते समय दूसरे से सम्बद्ध नही रहता। यही एकदेश व्याप्ति है। जन्म मरण का तात्पर्य है एक को पकड़ना दूसरे को छोड़ना। एक जीव दूसरे जीव से मिलता भी नहीं है। किन्तु शिव जीव से सर्वदा युक्त रहता है। शिव से जीव का मिलने का अर्थ है विषयान्तर सम्बन्ध को पूर्णतः छोड़कर, अपनी ईश्वर संयुक्तता को जान लेना। इस ज्ञान को प्राप्त करने वाले जीवन्मुक्तों के लिये पाप पुण्य नहीं रहता है। इस कारण स्वर्ग भूमि आदि से सम्बन्ध भी नहीं रहता। इस प्रकार एकदेशव्याप्ति दूर हो जाती है। तब ये करणवशीभूत न होकर, ईश्वर व्यापकता में मिल जाते हैं। इनका वासनामल भी जब नष्ट हो जाता है तब शरीर भी छूट जाता है। पर मुक्तिदशा में ज्ञान का पूर्ण विकास पाकर ये शिवसम रहते हैं। यही शिवसम होना कहा जाता है। इन लोगों के लिये सूर्य का पूरब या पश्चिम में उदित होना समान है। ये सब प्रकार की चिन्ता से मुक्त हैं।

6. To them everything, outside and inside, will appear as one (as Gnanamaya). They will not look down on anything as inferior.

शिवचरण च्युति

भीतर ज्ञान के रूप में स्थित कृपा को, तथा बाहर गुरू के रूप में दर्शन देने वाले आचार्य को एक समझने वाले, किसी वस्तु की भी निन्दा नहीं करते हैं।

मुक्त लोग सब पदार्थों को ज्ञानमय ही देखते हैं।

ज्ञानी लोगों का ज्ञान व्यापक है। इसलिये उनके ज्ञान में प्रपञ्च नहीं भासता। ये शिव के आत्मा के अन्दर आत्मा के रूप में रहकर उपकार करने को जानते हैं। उसी शिव के आचार्य के रूप में रह-कर उपकार करने को भी जानते हैं। इस तरह इनके ज्ञान के व्यापक होने के कारण ये प्रपञ्चवासना के आघात से आहत नहीं होते। ये शिवचरण की (ज्ञान की) शरण में ही रहते हैं। ज्ञान के अविकृत होने के कारण इन्हें बाह्य और आन्तरिक वस्तुओं में भेद नहीं दिखलाई पड़ता है। समुद्रजल में रहने वाला पुरुष यद्यपि नमक को तट पर अलग देखता है तथाऽपि, वह समझ ही लेता है कि यह समुद्रजल ही उस रूप में है; इससे वह भिन्न नहीं है। यद्यपि उसकी आंख जल में द्रवता और नमक में कठिनता को देखती है तथापि उसका ज्ञान द्रवत्व और काठिन्य आकारों को विषय न बना कर, उन दोनों में स्थित अभिन्नता को ही विषय बनाता है। इसी प्रकार मुक्त लोग शिव और आचार्य को अलग-अलग न मानकर ज्ञान से एक ही मानते हैं।

7. The worldly pleasures are the proper result of actions done by the self. The actions done by those who have lost their pride of self, lead them to the truth.

अकर्मण्यता

प्रपञ्चवासी लोग अपने कर्म के अनुसार फल पाते हैं। कर्म न करने वाले ज्ञानी लोग, सत्य अर्थात् ज्ञेयप्राप्ति रूप फल पाते हैं।

ज्ञानी लोग अकर्मण्य रहते; कर्म करने पर भी फलेच्छा नहीं करते।

प्रपञ्चवासी लोग कुछ न कुछ कर्म करते ही रहते हैं। करने वाले लोग अपने कर्मों का फल भी भोगना चाहते हैं। मजदूरी लेकर काम करने वाले भी किसी फल के लिये ही काम करते हैं। उस कर्म से ही चित्तशुद्धि प्राप्त होगी जिसमें स्वकर्तृत्वबुद्धि नहीं रहेगी। 'यह मेरा काम है; यह मेरे द्वारा किया हुआ है' ऐसा भाव चित्तशुद्धि का विरोधी है। चित्तशुद्धि कर्म का महत्त्व बढ़ाती है। प्राय: लोक में सब फल की प्रतीक्षा में ही कर्म करते हैं। अच्छे काम करने वाले अच्छे फल और बुरे काम करने वाले बुरे फल प्राप्त करते हैं। अधिक काम करने वाले अधिक फल पाते हैं; कम काम करने वाले कम फल पाते हैं। इस प्रकार कर्म और उसके फल का सम्बन्ध अटूट है। इस अटूट संबंध को ही 'कर्म के अनुसार फल पाते हैं' कहकर स्पष्ट करते हैं। फलेच्छा से किये जाने वाले कर्म हमारे ज्ञान को उस प्रकार रोक लेते हैं जिससे वह ईश से नहीं मिल पाता। फलेच्छा से कर्म करने वाले लोग अपने को अपने कर्म को और कर्मफल को आशारूपी घेरे से घिरा रखते हैं। इसी कारण ये कर्म लोगों का हित न करके अहित ही करते हैं।

अब यह विचार करना है कि जो फलेच्छा के बिना काम करते हैं (अकर्मण्य) वे लौकिकों की तरह फल पायेंगे या नहीं। ये तीन स्थितियों में काम करते हैं। अपने किये कर्म को ये नहीं मानते कि ये कर्म हमारे द्वारा किये जा रहे हैं। इनमें 'अहंबुद्धि' नहीं होती है। ये सब कार्य को 'शिवकार्य' मानते हैं। इस भावना से इनका अहंकारमल दूर हो जाता है और ये अपने किये हुये कर्म के प्रति इच्छा या द्वेष नहीं करते हैं। उन्मत्त की तरह काम करते हैं। इससे इनका कर्ममल दूर होता है। फिर ये लोग अपने कर्मों के फल के बारे में सोचते भी नहीं। इनका व्यवहार बालकों की तरह का होता है। इससे इनका मायामल दूर हो जाता है।

'कर्म न करने वाले' का तात्पर्य फलेच्छा के बिना कर्म करने वालों से है। इस कारण ईश्वर इनके द्वारा किये जाने वाले काम को परम-भोग्य मान कर स्वीकार कर लेते हैं और इसके प्रतिफल के रूप में भगवद् ज्ञान प्रदान करते हैं। इससे उत्तम फल और कुछ नहीं हो सकता।

8. Prarabdha karma will cease with the death of the body. Agami Karma arising now will be burnt up by the Divine Arul.

कर्मबन्ध राहित्य

प्रारब्ध कर्म इस जन्म में प्राप्त शरीर के द्वारा भोगे जाने से नष्ट हो जाता है। संचित कर्म गुरु दीक्षा से ध्वस्त होता है। प्रारब्ध कर्म भोगते समय उत्पन्न क्रिया मात्र शिव ज्ञान से जल जाता है।

ज्ञानी लोगों का कर्म संबंध नहीं होता। इसीलिए उनका जन्म भी नहीं होता।

यह पहले ही बताया गया कि कर्म तीन प्रकार के होते हैं। अनेक जन्मों में किए हुए कर्मों का अनुभव प्रत्येक जन्म में होता है। इन अनु-भवों के बाद भी कुछ कर्म शेष रह जाते हैं। ये कर्म संचित हैं। गुरु से दीक्षा पाने पर ये कर्म नष्ट हो जाते हैं। इससे पुनर्जन्म नहीं होता है।

इस जन्म में प्रारब्ध कर्मों का भोग करते समय लोग कुछ अन्य कर्म भी कर डालते हैं। ये क्रियमाण कर्म कहे जाते हैं। किन्तु ज्ञानी लोग शिवज्ञानी होने के कारण फलेच्छा के बिना काम करके ईश्वर कृपापात्र बन जाते हैं। ईश्वर कृपा से क्रियमाण कर्मफल देने में असमर्थ रह जाते हैं। संचित भी नहीं हो पाते। भुने हुए बीज की भांति ये कर्म मर जाते हैं। फिर एक प्रारब्ध ही शेष रह जाता है। इस प्रारब्ध को

भोगते समय ज्ञानियों का मन भोग में नहीं लगा रहता। ज्ञेय में ही मग्न रहता है। इसलिए इस कर्म का प्रभाव इन पर नहीं पड़ता है। इसकी तीक्ष्णता का अनुभव नहीं होता है। यह घट जाती है। इस प्रकार ज्ञानी लोगों के लिए तीनों प्रकार के कर्म सम्बन्ध दूर हो जाते हैं।

9. No Karma which induce births will attach to the Gnani. To him, this life and the next makes no difference.

इहलोक में परामुक्ति का अनुभव

जीवन्मुक्तों को संचित प्रारब्ध या क्रियमाण कोई भी कर्म नहीं लगता है। इसलिए शरीरपात के बाद प्राप्य परामुक्ति इन ज्ञानियों को इस जन्म में ही प्राप्त हो जाती है।

जीवन्मुक्त लोगों के लिए परामुक्ति का अनुभव इस लोक में ही हो जाता है।

जब जीव ज्ञेय ईश्वर को प्राप्त कर लेता है तब शिव के आठ गुण जीव में भी हो जाते हैं। ईश पर आश्रित होकर ईश्वरस्वरूप रहना सूक्ष्म स्थिति है। यह स्थिति गुरु कृपा से प्राप्त पतिज्ञान द्वारा और प्रेममय परज्ञान द्वारा प्राप्त होती है। इस स्थिति को प्राप्त करने के बाद शिव कृपा से जीव शिव में युक्त होकर रहता है। शिव जीव में मिला रहता है। ये योग और मिलन एक ही समय में होते हैं। यही परामुक्ति दशा है। शिव भोगानुभव है। चन्द्र का प्रकाश सूर्य प्रकाश में तल्लीन होकर उसके अधीन ही रहता है। वह सूर्यप्रकाश में अपना प्रकाश विलीन कर देता है। इसी प्रकार जीव भी तत्वातीत होकर आत्मबोध को पूर्णरूप से छोड़कर अपनी इच्छा ज्ञान और क्रिया को शिव की इच्छा ज्ञान और क्रिया में तल्लीन करके रहता है। इस स्थिति में यह भेद बिल्कुल प्रतीत नहीं होता कि कौन आत्मानन्द है और कौन शिवानन्द है। यही अद्वितीय होकर लीन होने की शुद्ध स्थिति है। इस

स्थिति में जीव का प्रारब्ध शरीर छूट जाता है। इस छूटने को भी जीव जान नहीं पाता। वह केवल परमानन्द का अनुभव करता रहता है।

यह पहले ही बताया जा चुका है कि मुक्तों पर संचित आदि कर्मों का आघात नहीं होता है। कर्म के अभाव के कारण जन्म भी नहीं होता है। माया के अभाव कि कारण विपरीत ज्ञान भी नहीं होता। अहंकार न रहने के कारण ज्ञान संकोच भी नहीं होता है। शिव कृपा से पूर्ण ज्ञान प्राप्त कर लेने से वे ज्ञानी कहलाते हैं। वे इहलोक में ही शिव भोग का अनुभव करते रहते हैं। परामुक्ति ही सायुज्य अथवा अद्वैत दशा कही जाती है। । यही अनश्वर दशा है।

10. Out of the depths of their love, they are troubled and tossed about for the sorrows of their erring kind.

तन्मय रहना

प्रमाथि इन्द्रियों का नेतृत्व करते हुए टटोलने वाले जीवों से अनुभूयमान दुख देखकर अपने करुणासागर में मग्न होकर शिवज्ञानी लोग बहुत उत्तप्त होते हैं।

शिवज्ञानी सबके प्रति कृपा करते हैं।

जीवन्मुक्तों ने शिवकृपा द्वारा पूर्ण ज्ञान अर्थात् पर ज्ञान प्राप्त किया। इस कारण वे सर्वत्र समदर्शी रहते हैं। जीव अहंकार माया और कर्म के वश होकर कुमार्ग पर चलकर दुख प्राप्त करता है। इसे देखकर महान लोगों का मन बहुत व्यथित होता है। शरीर में स्थित किसी भी अङ्ग के क्षत होने पर नेत्र आँसू बहाते है। शिवज्ञानी लोग भी इसी प्रकार व्यथित होते हैं। इनकी व्यथा के कारण दुखी लोगों का दुख थोड़ा कम भी होता है। शिवज्ञानियों की इच्छा यही होती है कि

सभी जीव पार हो जाँय। शिव की भी इच्छा वही है। इससे यह स्पष्ट है कि कृपा के विषय में शिव और जीवन्मुक्त दोनों समान हैं। इस प्रकार के ज्ञानियों की स्थिति से ही संसार स्थित है। इनका आशय शिव जानते हैं और शिव का आशय ये जीवन्मुक्त जानते हैं। ये जो शिवपूजा करते हैं, स्तोत्र पाठ करते हैं वे सब अपने लिए नहीं, अपितु सबके कल्याण के लिए ही करते हैं। इसलिए इनकी पूजा करना, गुण गाना हमारा कर्तव्य है। यही हमारी तपस्या है। जीवन्मुक्त महात्माओं के कार्य से हम जान सकते हैं कि जहाँ ज्ञान है वहाँ कृपा भी रहती है।

इन्द्रियवश होकर चलने से और इन्द्रियों को हमेशा आत्मा मानने से और इन्द्रिय सुख को परमानन्द समझ लेने से लोग दुख पाते हैं। इसलिए इसे प्रमाथि इन्द्रियाँ कहा गया है। जीव सर्वदा दुख पाते रहते हैं इसलिए "जीवों से अनुभूयमान दुख देखकर" कहा गया है। करुणा शाली लोगों का परदुख देखकर द्रवित होना स्वाभाविक है। इसलिए यह कहा गया कि "शिव ज्ञानी लोग बहुत उत्तप्त हो जाते हैं।"

ग्रंथकार ने भी करुणा के ही वशीभूत होकर हमारे उद्धार के चिए इस उत्तम ग्रंथ के प्रणयन की कृपा की।

———

मुद्रक : गायत्री प्रेस, दारागंज, इलाहाबाद।

உ

"குமரகுருபரன்"

(தமிழ்த் திங்கள் வெளியீடு)

இது

சைவ சித்தாந்தம்

ஸ்ரீ குமரகுருபர சுவாமிகள் பிரபந்தம்

பன்னிரு திருமுறை ஆராய்ச்சி, இலக்கியம்,

பிறமொழிகள் கலாசாரம் சம்பந்தமான

கட்டுரைகள் கொண்டது

★

நிர்வாக ஆசிரியர்

T. M, குமரகுருபரன் பிள்ளை B. A., B. L.,

மானேஜிங் டிரஸ்டி,

ஸ்ரீ குமரகுருபர சுவாமிகள் மடம்

ஸ்ரீவைகுண்டம்

(திருநெல்வேலி ஜில்லா)

ஆண்டுச் சந்தா ரூ. 2-25 தனிப் பிரதி 0-19

ஆனந்தா அச்சகம், திருச்சி-2 போன் : 2642.